# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 15 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 59 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1962:** अल्जीरिया अरब लीग का हिस्सा बना था।

**2000:** सिएरा लियोन में सैन्य कार्यवाही द्वारा सभी भारतीय सैनिक बंधक मुक्त कराए गए।

**2002:** अमेरिकी पत्रकार डेनियल के हत्यारे को मौत की सजा मिली।

**2011:** इसरो ने पीएसएलवी सी-17 के जरिए जीसैट-12 ए का श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण किया।

# लिखित परीक्षा के आधार पर होगी फोर्थ ग्रेड कर्मी की बहाली : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में फोर्थ ग्रेड बहाली के लिए अब लिखित परीक्षा ली जाएगी। यह जानकारी झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की तरफ से दी गई है। दरअसल, पलामू में 585 फोर्थ ग्रेड पद पर बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन में बहाली के लिए मैट्रिक के अंक को मेरिट बताया गया था। मैट्रिक के अंक के मेरिट को लेकर पलामू में आंदोलन हो रहा था और अभ्यर्थी लिखित परीक्षा की मांग कर रहे थे। झारखंड सरकार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की तरफ से बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था। साथ ही पलामू डीसी को छह महीने में दोबारा विज्ञापन जारी कर बहाली की प्रक्रिया पूरा करने को कहा गया था। जिला प्रशासन के द्वारा विज्ञापन जारी कर अंक के आधार पर नियुक्ति करने की बात कही गई थी। अभ्यर्थी लिखित



परीक्षा की मांग कर रहे थे। वित्त मंत्री की तरफ से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष मामले को रखा गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फोर्थ ग्रेड पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 11 जुलाई 2025 को मंत्रीपरिषद की हुई बैठक में दोबारा मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलामू जिले के फोर्थ ग्रेड पद पर लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने की मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री की तरफ से बताया गया कि कैबिनेट की स्वीकृति के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने का निर्देश पलामू डीसी को दिया गया है। दरअसल, फोर्थ ग्रेड विज्ञापन के लिए आवेदन देने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई थी। नियुक्ति के लिए करीब 35 हजारअभ्यर्थियों ने आवेदन दिया है। इधर बर्खास्त फोर्थ ग्रेड कर्मी सुप्रीम कोर्ट गए हैं, जहां 18 जुलाई को उन्हें सुनवाई का डेट मिला है।

# घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की हत्या, बेटी और नतिनी जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जिले के कोवाली थाना क्षेत्र के पोडाडीहा पंचायत के चांपी गांव में बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। वहीं, महिला की बेटी और नतिनी पर भी तेज धारदार हथियार से वार कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना रविवार देर रात की है। मृतका की पहचान नीरासी सरदार (64) के रूप में की गई है। वहीं, नीरासी सरदार की बेटी गुलाबी सरदार (24) और नतिनी संध्या सरदार (16) गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर किया गया है। इधर, मृतका की बेटी गीता सरदार ने बताया कि पिता के देहांत के बाद से मां, बहन और बहन की बेटी ही यहां रहती थी। मैं टाटा में रहती हूं। मुझे आज घटना की जानकारी मिली। जमीन जायदाद के विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोवाली थाना पुलिस और डीएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम भी पहुंची। इधर, स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुएं से मिली युवक की लाश

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के महादेवगंज श्रीराम चौकी तुरी टोला में सोमवार की सुबह एक युवक की लाश कुएं में उपलाती मिली। शव दिखते ही गांव में सनसनी फैल गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान रौशन तुरी के रूप में हुई है। वह महादेवगंज तुरी टोला का ही रहने वाला था। पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, सवार की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में दोदांग मोड़ के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। टैंकर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था और सिर पर चोट लगने से उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान पनसो निवासी दुर्गेश उरांव के रूप में हुई है। वह बंधन उरांव का पुत्र था। दुर्गेश कुछ दिन पहले ही हिमाचल प्रदेश के ईंट भट्ठे से काम कर वापस लौटा था।

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** चाईबासा के बड़ा नीमडीह न्यू कॉलोनी में अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने सुमित यादव नाम के युवक को घर से बाहर बुलाकर सिर में गोली मार दी। परिजन उसे चाईबासा सदर अस्पताल से जमशेदपुर ले जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। एसडीपीओ बहामन टूटी के मुताबिक घटना को लेकर जांच करने के साथ संदिग्धों की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

### नलकारी नदी में डूबे बुजुर्ग का शव मिला

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नलकारी नदी से 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सौंदा डी 19 नंबर कॉलोनी निवासी कालेश्वर करमाली के रूप में हुई है। कालेश्वर रविवार दोपहर को नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान वे बह गए। स्थानीय युवकों ने नदी में खोजबीन की लेकिन उनका पता नहीं चल सका। सोमवार दोपहर को उनका शव सौंदा 'डी' के बंद हाथीदाड़ी माइंस के हॉलेज घर के पास नदी में दिखा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। शव को नदी से निकालकर भुरकुंडा पंचायत के पावरहाउस ले गए।

### मालवाहक वाहन की चपेट में आने से दो की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह-टुंडी पथ पर मुफ्फसिल थाना इलाके के चतरो के पास सोमवार की शाम भारी मालवाहक वाहन की चपेट में आने से दो की मौत हो गई। दोनों मृतक बाइक पर सवार थे। मरनेवालों में एक बालक भी शामिल है। घटना के बाद मालवाहक को लेकर चालक धनबाद की तरफ फरार हो गया।

# असीम घोष हरियाणा तो अशोक गजपति बने गोवा के राज्यपाल

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रोफ़ेसर असीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। नियुक्तियां उनके संबंधित पदों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसमें आगे कहा गया कि कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफ़ेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को काफी खुशी हो रही है।

# बैद्यनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** आज श्रावणी मेला का चौथा दिन एवं सावन की पहली सोमवारी है। इस पावन दिन पर देवघर के बाबा धाम या बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जल सैलाब उमड़ा पड़ा। अहले सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिख रहे हैं। कुछ श्रद्धालु तो सावन की पहली सोमवार को जल चढ़ाने के लिए देर रात ही मंदिर पहुंच चुके थे। पूरा मंदिर 'बोल बम' के नारे से गूंज रहा है। जो लोग मंदिर से बाहर आ रहे हैं या मंदिर पहुंच रहे हैं, सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मंत्रमुग्ध नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो मंदिर में प्रवेश करते ही सारी थकान, तकलीफ खत्म हो गई हो। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गई। जो भी श्रद्धालु सोमवार को बाबा के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं, वह रूट लाइन के रास्ते से ही मंदिर तक पहुंच रहे हैं। पहली सोमवारी की भीड़ को देखते हुए जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित तमाम पदाधिकारी मंदिर में सुबह-



सुबह ही सारी तैयारी का जायजा लेने पहुंचे हुए थे। पहली सोमवारी को लेकर बाबा धाम के वरिष्ठ पंडा लम्बोदर परिहस्त ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है। आज चतुर्थी तिथि पड़ी है। इस दिन शिव वास होता है और आज भगवान भोलेनाथ कैलाश पर विराजमान होते हैं। इस दिन पूजा करने से लोगों को हर सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस वर्ष चार सोमवारी का योग बना हुआ है। वहीं, मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि इस वर्ष सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। सुबह में ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच गए थे। सुबह चार बजे जैसे ही बाबा का पट खुला, श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि आज जलाभिषेक करने में 8 घंटे से भी ज्यादा समय लग रहे हैं। कई बम को तो जलाभिषेक के लिए 12 से 15 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इधर, प्रशासन की ओर से भी श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जो भी भक्त आ रहे हैं उन्हें सही रास्ता दिखाकर मंदिर परिसर भेजा जा रहा है। वहीं, कांवरिया पथ पर लाइनें सुचारू रूप से चलती रहे, इस पर जिला प्रशासन की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर के चारों ओर एवं मुख्य चौकों पर क्यूआरटी की टीम तैनात की गई है।

# तारलोक सिंह चौहान बने झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड समेत कई राज्यों के हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का तबादला हुआ है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तारलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है जबकि झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पटना हाईकोर्ट के जज विपुल मनुभाई पंचोली को पटना हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं पटना हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार को गुवाहाटी हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है। यह जानकारी झारखंड हाईकोर्ट अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने एक्स हैंडल से ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट जारी की है। उन्होंने लिखा है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अलग-अलग राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों के ट्रांसफर पर अपनी सहमति दी है। मध्य प्रदेश के एक्टिंग सीजे संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट के जज विभु बखरु को कर्नाटक हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि मद्रास हाईकोर्ट के सीजे केआर श्रीराम को राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी मिली है। वहीं त्रिपुरा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

# हाईटेक होंगे झारखंड के सभी सरकारी दफ्तर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार अपने दफ्तरों को हाईटेक करने की कवायद में जुट गई है। सारे दफ्तरों को ई-ऑफिस सिस्टम से लैस किया जाएगा। सारा काम डिजिटल मोड पर होगा। एक बटन दबाते ही सारा डाटा सामने आ जाएगा। सरकार के आईटी डिपार्टमेंट में इस दिशा में काम करना शुरु कर दिया है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य सरकार के विभागों के प्रमुखों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने आईटी डिपार्टमेंट को ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया। इसके लिए डेडलाइन तय कर दिया गया है। जनवरी 2026 के पहले इस व्यवस्था को बहाल करने को कहा गया है। प्रेजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआइसी और जैपआइटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें। तकनीकी व्यवस्था सुगम हो ताकि अनावश्यक देरी नहीं हो। कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिये कार्य करने की सहुलियत हो। मुख्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें। उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सबसे पहले सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करना होगा। ऐसा ना हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आये। राज्य सरकार के चार विभागों में ई-ऑफिस सिस्टम शुरू हो गया है। इनमें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के अलावा उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं। इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। दूसरे विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं। इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है। मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें सामने होंगी। फाइलों के भौतिक रख-रखाव से मुक्ति मिल जाएगी। सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी। एक फाइल की कई-कई बार फोटो कॉपी करने की जरुरत नहीं होगी। फाइलों को आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी। फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी। फाइलें लाल फीताशाही से मुक्त होंगी। विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी। पेपरलेस काम होने से पर्यावरण को लाभ होगा।































संक्षिप्त समाचार

## ग्रामीण विकास मंत्री ने परैया में किया मेधावी छात्रों का सम्मान



**गया, एजेंसी।** परैया प्रखंड की मंझियावा पंचायत के उपरहुली गांव में रविवार को आयोजित युवा जदयू समागम कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। छात्रों को पुरस्कार के रूप में पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं, जो मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंझियावा की मुखिया संगीता कुमारी ने की। मंत्री श्रवण कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नीतीश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम में युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, बेलागंज की विधायिका मनोरमा देवी, युवा जदयू जिला अध्यक्ष सतीश पटेल, युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष गीतेश कुमार दांगी मौजूद थे।

## शिक्षकों की हकमारी के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगी

**गया, एजेंसी।** शहर के रेडक्रॉस सोसायटी के सभा भवन में रविवार को उच्च शिक्षा समागम सह स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। बिहार राज्य सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ की ओर से आयोजन हुआ। उच्च शिक्षा के दशा और दिशा में विचार मंथन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधान पार्षद जीवन कुमार और तिरहुत जिला के विधान पार्षद सदस्य बंशीधर ब्रजवासी ने कहा कि शिक्षकों की हकमारी के खिलाफ सड़क से सदन लड़ाई तक जारी रहेगी। कहा कि सरकार 2008 में वित्त रहित समाप्त कर वित्त संपोषित करने का सिर्फ ढोंग रची है। कुछ कॉलेज को अनुदान देती है वह भी सही शिक्षकों तक नहीं पहुंच पाती है। करीब आठ वर्षों का अनुदान बकाया है। सभा को मगध विश्वविद्यालय कमेटी के संघर्षशील नेताओं आरोप लगाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में बिना मुट्ठी गर्म किए कोई काम नहीं होता है अपने हक की लड़ाई लड़नें वाले शिक्षकों पर मुकदमा कर उसे विश्वविद्यालय बदर कर दिया जाता है। मंच संचालन नवादा जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह ने किया। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कुमार राकेश कानन, प्रदेश सचिव बांके बिहारी, मविवि कमेटी के महासचिव सह कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. लालसा कुमारी, सचिव प्रो संजय कुमार पांडे , सचिव डॉ अरुण कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, अरवल जिलाध्यक्ष डॉ रामविनय कुमार सिंह, डॉ लाला दीपक सहाय,प्रो राधेश्याम शर्मा व प्रो सुनील पांडे आदि लोगों ने संबोधित किया।

## बिहार में पानी मांगने पर एएसआई का सिर फोड़ा, फरार युवक को पकड़ने के लिए छापेमारी

**सहरसा, एजेंसी।** बिहार में महज पानी मांगने पर एक पुलिसवाले का सिर फोड़ दिया गया। घटना सहरसा जिले की है। दरअसल सहरसा स्टेडियम में चल रहे गृहरक्षक बहाली के दौरान सोमवार की सुबह महिला थाना में पदस्थापित एसआई पर एक युवक ने हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। आरोपी युवक ने एसआई के सिर पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया है। एएसआई करमन कुमार अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक से पानी का बोतल मांगा। युवक ने पानी का बोतल नहीं दिया। लेकिन इस दौरान उसने दुर्व्यवहार करते हुए एसआई के सिर पर मोबाइल फोन से हमला कर दिया। सिर पर हमला होने के कारण एसआई जख्मी हो गए।

# सावन महीने की पहली सोमवारी पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, गौरी शंकर मंदिर को फूलों से सजाया गया





**पटना, एजेंसी।** सावन की आज पहली सोमवारी है। धनिष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के साथ संकष्टी गणेश चतुर्थी का उत्तम संयोग बन रहा। भगवान शिव की पूजा के लिए सुबह से ही शिवालयों में भीड़ देखने को मिली। भक्त ? नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोलबम के जयकारे लगाए। पटना के अलग-अलग शिवालयों और मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिखे। रहे हैं पटना सिटी के गौरी शंकर मंदिर को फूलों से सजाया गया है। सुबह से ही भक्तों ने यहां आकर दर्शन किए, यह सिलसिला देर शाम तक चला रहा। श्रद्धालु अमर कुमार ने कहा कि आज पहली सोमवारी है। भोलेनाथ को जल चढ़ाकर मन आनंदित हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे।

वहीं, बिहटा के पास प्राचीन बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में भी अहले सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। करीब एक किमी की लंबी लाइन लगी थी। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन के तरफ से श्रद्धालुओं को कोई समस्या नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा गया।

इस साल मंदिर प्रशासन की तरफ से ज्यादा भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए एक अलग सी व्यवस्था की गई है। देवघर के तर्ज पर बाबा के ऊपर जलाभिषेक के लिए बाहर से ही अर्घ्य की व्यवस्था की गई है।

### आयुष्मान योग में पहली सोमवारी

आचार्य पंडित राकेश झा ने कहा कि आज श्रावण मास के प्रथम सोमवारी पर श्रद्धालु भगवान शंकर को दूध, दही, घी, मधु, ईख के रस व गंगाजल आदि से अभिषेक कर फूल, बेलपत्र, भांग, समी, अकवन पुष्प आदि अर्पित किया। वहीं, सुहागन स्त्रियों को आज शिव-पार्वती की पूजन से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होगी। सावन से कार्तिक मास तक सोलह सोमवारी का व्रत भी आज से शुरू हो गया।

### शिव की पूजा सर्वदा कल्याणकारी

ज्योतिषी झा ने बताया कि सावन मास में शिव की पूजा करने से चार गुना ज्यादा पुण्य मिलता है। भक्तों के लिए इनकी पूजा-आराधना सर्वदा कल्याणकारी ही होता है। आज सावन के पहली सोमवारी पर महादेव को दूध व गंगाजल से अभिषेक कर बेलपत्र चढ़ाने से श्रद्धालुओं को सभी प्रकार से कल्याण होगा। इसके अलावा असाध्य रोगों से छुटकारा व व्यवसाय संबंधित समस्या भी दूर होंगे।

### चार सोमवारी का बना संयोग

पंडित राकेश झा के अनुसार सावन मास में कुल चार सोमवार पड़ेंगे। इसमें पहली सोमवारी आज, दूसरी सोमवारी 21 को, तीसरी सोमवारी 28 जुलाई, चौथी व अंतिम सोमवारी 4 अगस्त को होगी।

## बिहार को दो और अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात जल्द



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। बिहार को जल्द ही दो अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने वाली है। इसको लेकर आईआरसीटीसी और रेलवे मंथन में जुटा है। मुजफ्फरपुर का वाशिंग पिट अबतक इलेक्ट्रिफाइड नहीं हो सका है, इससे अमृत भारत के मेंटेनेंस का पेच फंस रहा है आईआरसीटीसी ट्रेन के रूट और उन स्टेशनों पर फुटफॉल देख रहा है। खाना खरीदकर खाने वाले यात्रियों की रिपोर्ट गोपनीय तरीके से तैयार की जा रही है। कहा जा रहा कि दोनों बिंदुओं पर बहुत जल्द निर्णय होगा। इसके बाद अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर रूट और पूरी व्यवस्था तैयार कर ली जाएगी। बताया जा रहा है कि सबकुछ बनकर तैयार है। सिर्फ अंतिम मुहर की जरूरत है। इसके बाद परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे के वरीय अधिकारी के मुताबिक, मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अमृत भारत एक्सप्रेस के मेंटेनेंस की व्यवस्था नहीं है। अमृत भारत एक्सप्रेस पुश-पुल तकनीक से संचालित होता है।इसके लिए वाशिंग पिट इलेक्ट्रिफाइड होना चाहिए। साथ ही वाशिंग पिट पर अप और डाउन दिशा से परिचालन के लिए लाइन होना चाहिए। मुजफ्फरपुर जंक्शन के वाशिंग पिट को मोडिफाइड किया गया है, लेकिन अबतक उसका इलेक्ट्रिफिकेशन नहीं हुआ है। इसको लेकर परिचालन में विलंब हो रहा है।

**बरौनी या समस्तीपुर में तत्काल हो सकेगा मेंटेनेंस :** बताया जा रहा कि अधिकारियों ने तत्काल मेंटेनेंस बरौनी या समस्तीपुर में कराने का प्रस्ताव मुख्यालय को दिया है। यहां से परिचालन अवधि सिर्फ डेढ़ घंटे है। फिलहाल रेलवे की ओर से इस पर किसी भी प्रकार का अधिकारिक बयान या निर्देश जारी नहीं किया गया है। डीआरएम विवेक भूषण सूद ने बताया कि वाशिंग पिट मोडिफिकेशन का काम जल्द शुरू होगा। फिर परिचालन की सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी।

**दो अमृत भारत का हो रहा परिचालन :** सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर से पूर्व में ही मुजफ्फरपुर-हावड़ा और मुजफ्फरपुर-न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का प्रस्ताव पूमरे को भेजा जा चुका है। वर्तमान में मुजफ्फरपुर होकर सहरसा-एलटीटी अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में दो दिन हो रहा है। इसके अलावा दरभंगा से आयोध्या होकर आनंद विहार तक एक अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन होता है।

## बिहार में बीजेपी विधायक ही आमरण अनशन करेंगे छात्र की मौत की सीबीआई जांच की उठाई मांग



**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी ) के ही एक विधायक ने आमरण अनशन करने का ऐलान कर दिया है। बीजेपी विधायक एक छात्र की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग उठा रहे हैं वो पुलिस के रवैये से परेशान हैं। दरअसल दरभंगा जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा के छात्र की मौत के मामले में पुलिस के रवैये के खिलाफ रविवार को रनवे स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में केवट प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों की बैठक हुई। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय कांड में रैयाम पुलिस के रवैये के खिलाफ कांड की सीबीआई से जांच कराने की मांग सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्थानीय विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा के नेतृत्व में जतिन गौतम की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर आगामी 15 जुलाई से रैयाम थाने पर अनशन शुरू किया जायेगा। विधायक डॉ. झा ने कहा कि हमने बच्चा खोया है, पुलिस प्रशासन ने आज तक पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देना भी मुनासिब नहीं समझा। रैयाम पुलिस ने मृतक के चचेरे दादा सहित 21 लोगों को नामजद तथा 1500 लोगों को अज्ञात आरोपी बनाया है। विधायक डॉ. झा ने कहा कि 15 जुलाई से पहले यदि रैयाम पुलिस किसी आरोपी को गिरफतार करती है तो पहली गिरफ्तारी मेरी होगी। घटना की जांच सीबीआई से कराने को लेकर उन्होंने 15 जुलाई से रैयाम थाने पर आमरण अनशन करने की घोषणा की। बैठक को मुखिया फतेह अहमद, मो. इफ्तेखार अहमद उर्फ छोटन, बदरे आलम, रौशन झा, मनोज कुमार गुप्ता, रमण कुमार मिश्र तथा अमित मिश्र सहित दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया। मालूम हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय, पचाढ़ी में गत आठ जुलाई को केवटी मुखिया रूबी देवी के पुत्र जतिन गौतम का शव अरावली जूनियर छात्रावास में पंखे से लटका मिला था।

## विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण: गणना फॉर्म जमा करने के बाद दस्तावेज जुटाएगा चुनाव आयोग



**पटना, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में गणना फॉर्म जमा करने के बाद दस्तावेज जुटाने की कवायद शुरू होगी। चुनाव आयोग की ओर से इसके लिए पुनः अगले माह दस्तावेज जुटाने को लेकर अभियान चलाया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दस्तावेजों को जमा कराना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके बाद ही, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मालूम हो कि, अभी चुनाव आयोग ने गणना फॉर्म के साथ दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया है, लेकिन जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं उन्हें 25 जुलाई तक गणना फॉर्म ही जमा करने की सलाह दी है। हालांकि, उन्हें प्रारूप प्रकाशन के बाद दस्तावेज भी जमा करने होंगे।

**मतदाता के दस्तावेज को अपलोड करेंगे बीएलओ :** चुनाव आयोग के निर्देश पर जमीनी स्तर पर काम कर रहे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की ओर से प्रारूप सूची में शामिल मतदाताओं से दस्तावेज जमा लेकर उसे ईसीआई नेट पर अपलोड करेंगे। इसके लिए उन्हें हर मतदाता के हर दस्तावेज को उनके प्रारूप सूची में नाम के अनुसार अपडेट करने की कार्रवाई की जाएगी। मतदाताओं को पहले से ही चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित 11 दस्तावेजों में से ही कोई दस्तावेज देनी होगी।

**यह कागजात जरुरी :** मूलतः जन्मतिथि और निर्धारित मतदान क्षेत्र में निवासी होने का ही दस्तावेज मतदाताओं को जमा करना है। ध्यान देने योग्य है कि प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हरेक मतदाता को दस्तावेज देनी होगी। 1987 से पूर्व जन्म लेने वाले मतदाताओं को जन्मतिथि से संबंधित ही दस्तावेज देने होंगे। जबकि, अन्य मतदाताओं को आयोग की ओर से दिए गए निर्देश के अनुसार जरूरी दस्तावेज देने होंगे।

### अबतक 80 फीसदी से अधिक गणना फॉर्म हुए जमा

चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत 80.11 फीसदी से अधिक गणना फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। इन गणना फॉर्म को अपलोड किए जाने की कार्रवाई भी तेजी से की जा रही है। 25 जुलाई तक प्राप्त सभी गणना फॉर्म को अपलोड करने के बाद ही प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

## हम पार्टी का हाइटेक वॉर रूम, बिहार चुनाव में 24 सीटों पर तैयारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम (सेक्युलर) का प्रदेश मीडिया सेंटर सक्रिय हो चुका है और पटना में एक अत्याधुनिक वॉर रूम का गठन अंतिम चरण में है। इससे पूरे राज्य की हर विधानसभा क्षेत्र और बूथ पर सीधी नजर रखी जा सकेगी। वॉर रूम की एक इकाई गया जी में भी बनेगी। मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने बताया कि प्रदेश मीडिया सेंटर राज्य और राष्ट्रीय राजनीति पर 24 घंटे सात दिन लगातार नजर रख रहा है। डिजिटल, प्रिंट और सोशल मीडिया से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर रणनीतिक फीडबैक तैयार किया जा रहा है, जो समय पर पार्टी नेतृत्व को उपलब्ध कराया जाता है। इन कार्यों के लिए फिलहाल स्मार्ट फोन का इस्तेमाल हो रहा है। इससे त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी एक जून से विपक्षी दलों के बयानों और गतिविधियों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने का काम कर रही है। हम (से.) एनडीए के बैनर तले विधानसभा चुनाव में उतरेगा। चुनाव को लेकर पार्टी ने दो दर्जन सीटों पर मजबूत तैयारी कर रखी है। इन सीटों पर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही पार्टी एनडीए दलों को अपना वोट शिफ्ट कराने के लिए भी जिलों में संयोजक व प्रभारियों की नियुक्ति कर रही है।

# वाइस प्रिंसिपल की नौकरी छोड़ धान की खेती की: कम पानी में सीधी बुआई कर 50 फीसदी खर्च घटाया



### 70 किसानों को लीक से हटकर खेती करना सिखाया

**गयाजी, एजेंसी।** धान की पारंपरिक रोपनी वाली खेती छोड़ सीधी बुआई को रिस्क समझा जाता है। ऐसे किसान उंगलियों पर गिने जा सकते हैं, जो सीधी बुआई करते हैं। ऐसे में एक-दो बीघा नहीं, पूरे 25 बीघे में आशीष कुमार सिंह ने धान की सीधी बुआई की है। उनसे प्रेरित होकर उनके इलाके के 70 से अधिक किसानों ने भी इसी सीजन से धान की सीधी बुआई तकनीक से खेती शुरू की है। इन किसानों को आशीष ने बाकायदा ट्रेनिंग दी है और समय-समय पर उन्हें मार्गदर्शन भी देते रहते हैं।

गयाजी जिले के टिकारी प्रखंड के गुलरियाचक के रहने वाले आशीष कुमार सिंह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल थे। 8 साल में उन्होंने ये नौकरी छोड़ दी। खेती-बाड़ी उनके दिल में बसी हुई थी। वे बताते हैं कि वे खेती पर काफी रिसर्च किया करते हैं। नौकरी छोड़ पूरी तरह खेती में उतर आए। पिता जी एयरफोर्स में थे, पर पूरा परिवार खेती की पृष्ठभूमि से था।

धान की सीधी बुआई में 50 फीसदी लागत कम हो जाती है। जीरो टिलेज मशीन से सीधी बुआई करने से खाद भी बर्बाद नही होती है। क्योंकि धान के बीज के पास ही खाद रहती है। जबकि हाथ से छींटने से खाद वैसे जगह भी खाद गिरता है, जहां बीज नही होता है।

धान की सीधी बुआई में 50 फीसदी लागत कम हो जाती है। जीरो टिलेज मशीन से सीधी बुआई करने से खाद भी बर्बाद नही होती है। क्योंकि धान के बीज के पास ही खाद रहती है। जबकि हाथ से छींटने से खाद वैसे जगह भी खाद गिरता है, जहां बीज नही होता है।

### आशीष ने जीरो बजट फार्मिंग पर काफी काम किया

परंपरागत खेती छोड़ आशीष नई तकनीकों से खेती को तरजीह देते हैं। जीरो बजट फार्मिंग पर भी उन्होंने काफी काम किया है। इस क्रम में धान की सीधी बुआई कर उन्होंने मगध रेंज में एक नया मील का पत्थर गाड़ा है। आशीष बताते हैं कि जीरो टिलेज से धान की सीधी बुआई में परंपरागत बिचड़े से रोपनी वाली धान की खेती की तुलना में लागत 50 फीसदी कम है। खाद, मजदूरी, कीटनाशक से लेकर पानी की खपत तक कम होती है।

### अब समझिए, पारंपरिक खेती और धान की सीधी बुआई में अंतर

परंपरागत खेती में पहले नर्सरी में धान के बिचड़े उगाए जाते हैं। बिचड़े तैयार होने पर उसे रोपने के पहले खेत की तैयारी में खेती का एक अच्छा-खासा बजट लग जाता है। पटवन में भी काफी खर्च आता है। नर्सरी से बिचड़ा उखाड़ने से लेकर रोपनी तक में मजदूरों की अच्छी-खासी संख्या में जरूरत होती है। इससे परंपरागत धान की खेती का बजट काफी बढ़ जाता है।

### डंठल से बनती है खाद, रबी की फसल के लिए भी फायदेमंद

सीधी बुआई में धान के बीज फर्टिलाइजर के साथ ही जीरो टिलेज मशीन से खेत में डाले जाते हैं। पानी कम भी हो तो कोई परेशानी नहीं होती। आशीष के मुताबिक, धान की सीधी बुआई में 50 फीसदी लागत कम हो जाती है। जीरो टिलेज मशीन से सीधी बुआई करने से खाद भी बर्बाद नही होती है। क्योंकि धान के बीज के पास ही खाद रहती है। जबकि हाथ से छींटने से खाद वैसे जगह भी खाद गिरता है, जहां बीज नही होता है।

उन्होंने बताया कि सीधी बुआई में धान के बीज फर्टिलाइजर के साथ ही जीरो टिलेज मशीन से खेत में डाले जाते हैं। पानी कम भी हो तो कोई परेशानी नहीं होती। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पटना से लाए गए धान की वेरायटी स्वर्ण श्रेया का वे प्रयोग कर रहे हैं। सीधी बुआई के लिए यह मुफीद वेरायटी है। 120 दिनों में तैयार होती है। इसका उत्पादन दर भी परंपरागत खेती के मुकाबले अच्छा है। आशीष सिंह ने धान की सीधी बुआई की एक और खासियत बताई कि इसकी फसल कटने के बाद रबी फसल के लिए भी अनुकूल स्थिति बनती है। इसकी वजह यह है कि धान की कटाई के बाद 4 से 5 इंच तक डंठल बचा रह जाता है। बाद में यही डंठल खाद बन जाती है। डंठल छोड़ देने से मिट्टी में नमी की मात्रा बनी रहती है। इस वजह से गेहूं, चना, राई, मसूर आदि रबी फसल की डायरेक्ट बुआई की जा सकती है।

# लंबित मामलों पर कसा शिकंजा, डीसी ने दिया शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विशेष रूप से म्यूटेशन, सीमांकन, किराया संग्रह, म्यूटेशन अपील, ई-राजस्व न्यायालय , पीजी पोर्टल/सीपीग्राम्स पर प्राप्त शिकायतों और अंतर-विभागीय भूमि हस्तांतरण जैसे विषयों पर गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि 90 दिनों से अधिक लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए और सभी वाद सूची एवं आदेश ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। श्री यादव ने कहा कि भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी अधियाचन का अद्यतन अंचलवार विवरण लिया जाए और जिन मामलों में भूमि हस्तांतरण लंबित है, वहां के अंचलाधिकारियों को जल्द प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि का म्यूटेशन भी प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी, जिला एवं अवर निबंधक उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नियमित अदालती कार्यवाही सुनिश्चित कर लंबित वादों का निस्तारण तेज किया जाए और जन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही न बरती जाए। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर भू-राजस्व से जुड़े सभी लंबित कार्यों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




# अब गिरिडीह समेत राज्य के कॉलेजों में 11वीं के छात्र वहीं ले सकेंगे 12वीं में नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** झारखंड में नई शिक्षा नीति के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को बड़ी सफलता मिली है। अब 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राएं उसी कॉलेज में 12वीं में भी नामांकन ले सकेंगे, जहाँ वे पहले से अध्ययनरत हैं। यह निर्णय राज्यपाल द्वारा जारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसने हजारों विद्यार्थियों को राहत पहुंचाई है। रविवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में छात्रों ने इस फैसले का ज़ोरदार स्वागत किया। गुलाल उड़ाए गए, मिठाइयां बांटी गईं और जीत के जश्न में पटाखों की गूंज भी सुनाई दी। छात्र संगठनों ने इसे आवाज की जीत करार दिया और कहा कि यह फ़ैसला छात्रों की एकजुटता और संघर्ष का नतीजा है। छात्रों ने कहा कि हम महीनों से मानसिक तनाव में थे। हर बार केवल आश्वासन मिलते थे, कभी उम्मीदें टूटती थीं, कभी नया डर सामने आ जाता था। लेकिन अब जब परीक्षा में केवल छह महीने बचे हैं, यह फैसला हमारे लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी इस फ़ैसले को अपनी बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि यह निर्णय हमारी सतत मेहनत, छात्रों की एकता और संघर्षशीलता का परिणाम है। हम आगे भी छात्र हितों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य सरकार द्वारा डिग्री कॉलेजों से इंटरमीडिएट (11वीं-12वीं) की पढ़ाई को खत्म करने का प्रस्ताव लाया गया था। इससे गिरिडीह सहित राज्यभर के हजारों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे थे। कई छात्राओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों के साथ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन भी किया था। राज्यपाल के हस्तक्षेप के बाद यह आदेश न केवल छात्रों के भविष्य की रक्षा करता है, बल्कि यह दर्शाता है कि संगठित आवाज़ और लोकतांत्रिक विरोध से बड़ी नीतियों में भी बदलाव लाया जा सकता है। अब छात्र निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे और भविष्य की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के तैराकों का जलवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते कई पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में 12-13 जुलाई 2025 को आयोजित 15वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता में सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया।

झारखंड तैराकी संघ के तत्वावधान और जिला तैराकी संघ के आयोजन में हुई इस प्रतिस्पर्धा में स्कूल के 9 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 के रुपेश कुमार राणा ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में दो रजत पदक जीतकर सबका ध्यान खींचा। वहीं कक्षा 7 के जपजीव सिंह सलूजा, अभय रंजन और अश्विनी कुमार ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में शानदार तैराकी करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।



कक्षा 9 के अभिषेक कुमार शर्मा ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर, 200 मीटर और 100 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धाओं में तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते।

इस बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। स्कूल की डायरेक्टर रमनप्रीत कौर सलूजा ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है।

गौरतलब है कि इन छात्रों ने बीते एक माह से स्विमिंग कोच घनश्याम रजक के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर प्रतियोगिता की तैयारी की थी, जो अब सफलता में तब्दील हो चुकी है। स्कूल की यह उपलब्धि जिले में खेलों को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने में सहायक मानी जा रही है।

# पूर्व विधायक ने बूथ कमिटी की मजबूती पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री सह नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया सोमवार को दाउदनगर पहुंचे और बूथों कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा की और रिक्त बूथों पर जल्द से जल्द बूथ कमिटी बनाने का सुझाव दिया। साथ में उन्होंने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, डॉ दिनेश वर्मा, मुन्ना तिवारी, नीरज पाण्डेय मौजूद थे। अश्विनी तिवारी ने पूर्व विधायक चौरसिया से कहा कि मैं ओबरा विधानसभा के बूथ शसक्तीकरण के प्रभारी के तौर पर छह मंडल में लगभग लगभग 80 प्रतिशत बूथ कमिटी बनाई जा चुकी हैं। शेष बूथों पर दो से तीन दिन के अंदर इसे पूरा कर लिया जाएगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही नहीं बर्दाश्त, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्तरामनिवास यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभिम) तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चल रही योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया।




उपायुक्त ने साफ कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी एनआरईपी और भवन प्रमंडल को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति, सभी बच्चों का टीकाकरण, वजन मापन और संस्थागत प्रसव के शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा गया। बैठक में सहिया दीदियों की कार्यशैली की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि कई सहिया अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय नहीं हैं। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी सहिया की सूची तैयार कर सिविल सर्जन को सौंपें, ताकि उन्हें सेवा से कार्यमुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। उपायुक्त श्री यादव ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य योजनाओं—जैसे टीबी उन्मूलन, ई-संजीवनी, एनीमिया मुक्त भारत, निश्चय मित्र, एएनसी पंजीकरण, और संस्थागत डिलीवरी—की प्रगति की सतत समीक्षा की जाए और तय लक्ष्यों की पूर्ति हर हाल में सुनिश्चित हो।

बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (भवन प्रमंडल व एनआरईपी), प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ, एनएचएम, डॉ. अमित तिवारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंटर स्टेट वफ़ासको कराटे चैंपियनशिप के लिए पांच खिलाड़ियों की टीम रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के इसरी स्थित सोनू वॉरियर मार्शल आर्ट्स एकेडमी के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ी पटना में आयोजित होने वाली इंटर स्टेट डब्लूएफएसकेओ कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रविवार को पारसनाथ जंक्शन से रवाना हुए। यह प्रतियोगिता आइडियल स्कॉलर अबाड़े स्कूल, आशियाना, पटना में एक दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न होगी।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में**

आरुषी दीप (50 किग्रा वर्ग)
निशा कुमारी (45 किग्रा वर्ग)
रानू कुमारी (40 किग्रा वर्ग)
अंश कुमार (25 किग्रा वर्ग)
करण सिंह (30 किग्रा वर्ग)

शामिल हैं। टीम के साथ कोच सोनू कुमार और रेंबूकान कराटे डू एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव नारायण कुमार महतो भी रवाना हुए।

कराटे प्रशिक्षक सोनू कुमार ने बताया कि सभी खिलाड़ी पिछले कई हफ्तों से नियमित रूप से कठिन अभ्यास कर रहे थे। उन्हें उम्मीद है कि गिरिडीह जिले के ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। स्थानीय खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी सफलता की कामना की। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले में मार्शल आर्ट्स के प्रति बढ़ते रुझान को और गति दे सकती है।

# तैराकी प्रतियोगिता में गिरिडीह की सिमरन ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह की होनहार बेटी सिमरन ने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। प्रतियोगिता का आयोजन जमशेदपुर में किया गया था, जिसमें राज्यभर के करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बरगंडा निवासी, शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. विकास लाल की सुपुत्री और बीएनएस डीएवी स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा सिमरन ने कुल चार स्पर्धाओं में भाग लिया, जिनमें से एक में उन्होंने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता रविवार दोपहर 2 बजे समाप्त हुई, जिसके बाद से सिमरन की सफलता पर गिरिडीह में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिमरन की इस उपलब्धि पर उनके दादा, प्रसिद्ध उद्योगपति जय प्रकाश लाल, परिजन, प्रशिक्षकों और स्कूल प्रबंधन ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आयोजन समिति ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को अब राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सिमरन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे गिरिडीह के लिए भी प्रेरणादायक बन गई है। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों संग बैठक, मतदाता सूची की शुद्धता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर 31 गांडेय विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो एवं निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने की। बैठक में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदान केंद्रों के पुनर्गठन (रेसलाईजेशन) और बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों से सक्रिय भागीदारी और सहयोग का आह्वान किया ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही होंगे। इसके कारण जिले में नए मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन नए केंद्रों के लिए बीएलओ और उनके पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी। बैठक के बाद बेंगाबाद प्रखंड सभागार में बीएलओ को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण भी किया गया। प्रशिक्षण सत्र में बीएलओ को पीपीटी प्रस्तुतियों और डमी प्रपत्रों के माध्यम से प्रपत्र-6, 7, 8, घोषणा प्रपत्र, मतदाता सूची की पुनरीक्षण प्रक्रिया, भवनों का मानकीकरण एवं नजरी नक्शा टैगिंग जैसी तकनीकी जानकारियाँ दी गईं। साथ ही मानक वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट के आधार पर पुनरीक्षण की प्रक्रिया समझाई गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कोई योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अयोग्य मतदाता सूची में शामिल न हो। इस मौके पर बेंगाबाद अंचलाधिकारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।




# पांच लाख की विदेशी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए लगभग पांच लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब की खेप को जब्त किया है। शराब को एक सेप्टिक टैंक वाहन में चालाकी से छिपाकर ले जाया जा रहा था। इस दौरान वाहन चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में सोमवार को ताराटांड़ थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में गांडेय इंस्पेक्टर मो. कमाल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि टुंडी-गिरिडीह मुख्य मार्ग से एक लाल रंग के ट्रैक्टर के साथ जुड़े हरे रंग के सेप्टिक टैंक में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसी टीम ने ताराटांड़ थाना के मुख्य द्वार के पास वाहन जांच अभियान चलाया।

करीब रात 9:30 बजे जांच के दौरान संदिग्ध वाहन को रोका गया। जांच में पाया गया कि इंजन नंबर रेकल 00428 वाले वाहन के सील बंद टैंक में 93 कार्टन विदेशी शराब छिपाकर रखी गई थी।

**जब्त की गई शराब में—**

750 एमएल की 360 बोतल (30 कार्टन),
180 एमएल की 432 बोतल (8 कार्टन),
175 एमएल की 1320 बोतल (55 कार्टन) शामिल थीं।

कुल 2112 बोतल शराब, जिसकी बाजार कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और शराब तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी गई है।

# मजदूरों के हक की लड़ाई तेज करेगा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा : श्रीरामपुर में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत गादी श्रीरामपुर पंचायत के महुआ टांड़ स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा (माले) की संयुक्त प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड किशोर राय ने की।

बैठक में मजदूरों की समस्याओं के साथ-साथ महुआ टांड़, सिरसिया, गंगापुर और जंगलपुरा इलाके में जारी स्थानीय विवाद, प्रखंड कार्यालय के समुचित विकास तथा वरदे प्लांट से संवाद की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कन्हाई पांडेय, सनातन साहू, भोथारी दास, राजू दास, मजबूल मलिक, लूटन दास, प्रसादी राय, कौशल साव, सहदेव तुरी, सकल देव कोल्ह, गुलाब कोल्ह, अरविंद लाल टुडू, कालीचरण सोरेन, धनेश्वर कोल्ह, नवीन पांडेय, दीपक गोस्वामी, भीम कोल्ह सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। माले नेता कन्हाई पांडेय और सनातन साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लमाले पार्टी औद्योगिक इलाकों में मजदूरों के अधिकारों की आवाज मजबूती से उठाती रही है और असंगठित मजदूर मोर्चा हर गांव के मजदूर की समस्या से भलीभांति परिचित है। अब वक्त है इन आवाजों को एकजुट कर व्यापक स्तर पर आंदोलन चलाने का।

ले के वरिष्ठ नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि मजदूरों के सवाल को लेकर अब गांव और शहर दोनों को जोड़ते हुए बड़े पैमाने पर आम सभा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बैठक नहीं, बल्कि मजदूर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई का आरंभ है।

**आद्रा मंडल के बर्नपुर और सालबोनी स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति**

**अधिसूचना संख्या: सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/04 दिनांक: 11.07.2025**

**क्रमांक; स्टेशन का नाम; श्रेणी; यूटीएस काउंटर की संख्या; बयाना राशि; सुरक्षा जमा; स्थान कोड** क्रमशः • **(5)**; बर्नपुर; एनएसजी5; 02 (चौबीसों घंटे); ₹ 5,000.00; ₹ 25,000.00; बर्न • **(6)**; सालबोनी; एनएसजी6; 01 (चौबीसों घंटे); ₹ 2,000.00; ₹ 10,000.00; एसएलबी • **₹ 1 लाख से अधिक की बिक्री पर कमीशन की दर, जिसे आवेदन में उद्धत किया जाना है:** 0%-4% (क्रमांक 5 और 6 के लिए)। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, आद्रा मंडल के ऊपर उल्लिखित श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार: • **अधिसूचना संख्या:** सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/04 दिनांक 11.07.2025 • **आवेदन की प्रकृति:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति; • **मूल्य:** कमीशन आधारित • **बयाना राशि:** ₹5000.00 एनएसजी5 और ₹2000.00 एनएसजी6 (प्रत्येक आवेदन के लिए) • **आवेदन पत्र का मूल्य:** शून्य • **एसटीबीए की नियुक्ति के लिए स्थान:** आद्रा मंडल/दक्षिण पूर्व रेलवे में **बर्नपुर**/एनएसजी5 और **सालबोनी**/एनएसजी6 स्टेशन • **नियम और शर्तों के साथ आवेदन पत्र उपलब्ध:** आवेदन पत्र **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक कार्यालय, आद्रा** से **11.07.2025 से 05.08.2025** तक कार्य दिवसों में 10.30 बजे से 16.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा या इसे www.ser.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है • **आवेदन जमा करने की तिथि और स्थान:** 05.08.2025 को 10.30 बजे से 13.00 बजे के बीच वरिष्ठ डी.सी.एम कार्यालय/आद्रा में • **निविदा पेटी खोलने की तिथि और समय:** 05.08.2025 को 16:00 बजे या उसके बाद का दिन यदि उस दिन अवकाश हो या अप्रत्याशित कारणों से कार्यालय बंद हो • **कार्य का विवरण:** अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और सीजन टिकट की बिक्री • **आवेदक की पात्रता मानदंड:** विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.ser.indianrailways.gov.in पर जाएं।

(PR-390) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/21, दिनांक 11.07.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-21**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन डिजिटल), विवरण:** क्लस्टर-IV (हावड़ा मंडल के झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन, अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन, आजिमगंज सिटी स्टेशन से तकीपुर स्टेशन और चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) के तहत सभी स्टेशनों के स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-3 (बैण्डेल, नबद्वीपधाम और कटवा) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/4, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-4 (पाण्डुया, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन और रामपुरहाट) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.07.2025 को 12.00 बजे। HWH-189/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सप्तक्रांति एक्सप्रेस से शराब की खेप बरामद

## महिला तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** बापूधाम मोतिहारी रेलवे सुरक्षा बल ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर आनंद विहार से मुजफ्फरपुर जाने वाली डाउन 12558 सप्तक्रांति एक्सप्रेस में छापामारी कर अंग्रेजी शराब के खेप के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पकड़ी गई आरोपित महिला चकिया थानाक्षेत्र के बांसघाट निवासी नूरजहां खातून बताई जाती है। आरपीएफ ने उसके पास से जब्त ट्राली बैग एवं एयर बैग से 750 एमएल का 22 बोतल सिग्नेचर और रायल चॉलेंज नामक अंग्रेजी शराब बरामद की है।

छापेमारी टीम का नेतृत्व आरपीएफ पोस्ट के कमांडर भरत प्रसाद कर रहे थे, जबकि टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह, राकेश कुमार, जवान रामायण महतो, महिला सिपाही प्रीति कुमारी शामिल थी। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सप्तक्रांति की एसी बोगी से महिला तस्कर के द्वारा शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पोस्ट कमांडर भरत ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर अपना जाल बिछाया था।

ट्रेन के आने के बाद महिला धंधेबाज एसी-वन से हरे रंग का ट्रॉली बैग और काला रंग का एयर बैग लेकर नीचे उतर कर निकास द्वार की ओर बढ़ने लगी। इसी क्रम में आरपीएफ के अधिकारी व जवानों को देखकर महिला ट्रॉली और एयर बैग छोड़ कर भागना चाही।

इसी बीच महिला सिपाही प्रीति ने महिला को खदेड़कर पकड़ लिया। आरपीएफ ने इस मामले में आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद महिला तस्कर और जब्त शराब बापूधाम राजकीय रेल थाना को सौंप दिया है।

## विवाहिता की हत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कांटी इलाके में किराये के मकान में रह रही एक महिला की हत्या कर दी गई। ससुर समेत अन्य पर हत्या का आरोप लगाया गया है। आनन फानन में परिवार वालों ने शव को जला दिया।

पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं देने के कारण किराये के मकान में बच्चों के साथ रहती थी। मृतका पानापुर ओपी के डुमरिया गांव की रहने वाली थी।

## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में सावन माह की पहली सोमवारी के पावन अवसर पर शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मंदिरों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा-भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।प्रमुख रूप से बंधार सिलोस स्थित ओंकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिलीं। श्रद्धालु बेगूसराय जिले के पवित्र सिमरिया घाट से गंगा जल भरकर 'बोल बम' के जयकारों के साथ पैदल यात्रा करते हुए मंदिर पहुंचे। यहाँ उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से शिवलिंग पर जल चढ़ाकर भोलेनाथ से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।इधर बंधार, बल्लीपुर रामभद्रपुर, डुमरा, मोहन, करियन, दसौत, भटौरा, बेला और चित्तौरा समेत विभिन्न गांवों के स्थानीय शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने सुबह से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना किया। सभी मंदिरों में महिलाएं, पुरुष और युवा श्रद्धा और भक्ति में डूबे नजर आए।

# डीएम ने सिद्धेश्वरनाथ मंदिर एवं बराबर पहाड़ी पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** श्रावणी मेला 2025 के सुचारू संचालन हेतु जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के क्रम में आज प्रथम सोमवार की पूर्व संध्या पर रात्रि 12:00 बजे जिलाधिकारी अलंकृता पांडे तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा बराबर पर्वत स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधिकारीगण, अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारीगण, दंडाधिकारीगण तथा अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा प्रबंधन, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण आदि सभी पहलुओं का अवलोकन किया एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर तैनात दंडाधिकारियों व पुलिस बल को उनके उत्तरदायित्वों के सफल निष्पादन हेतु प्रोत्साहित किया तथा यह निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों से कहा कि वे अपने कार्यस्थलों पर सतर्कता से तैनात रहें एवं श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता प्रदान करें। भीड़ नियंत्रण एवं मार्गदर्शन में सौम्यता और सजगता अपनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन इस मेले को उच्च प्राथमिकता देते हुए विधि-व्यवस्था और सुविधा प्रबंधन के हर पहलू की निगरानी कर रहा है।

बताया गया कि मेला क्षेत्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष द्वारा 247 निगरानी की जा रही है तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पूरी टीम तैयार है। सोमवार को चिकित्सा शिविर में कुल 67 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, दो बच्चों के गुम हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई तथा बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान रहेगी निषेधाज्ञा लागू

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व एवं केन्द्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) के निर्देश के आलोक में लिखित परीक्षा जिला के 13 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।परीक्षा के सुचारु, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, राजीव रंजन सिन्हा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है, जो परीक्षा तिथियों को प्रातः 08:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

# शब्दाक्षर का सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन संपन्न

## हिंदी के विकास में युवाओं की सक्रिय भूमिका जरूरी : रवि प्रताप सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा शहर के एक निजी रेस्ट हाउस में भव्य सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद दो सत्रों में आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बिहार प्रदेश की कार्यकारिणी के नव नियुक्त पदाधिकारियों झ्र मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. सुबोध कुमार झा एवं प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह झ्र का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, राष्ट्रीय प्रसार मंत्री धनंजय जयपुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र 'पद्मनाभ', प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे, और प्रदेश सचिव विनय कुमार मिश्र सहित कई प्रमुख साहित्यिक हस्तियों को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी के विकास में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शब्दाक्षर युवा मंच के गठन की घोषणा करते हुए युवाओं को साहित्य से जुड़ने का आह्वान किया।

प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र ने शब्दाक्षर की साहित्यिक यात्रा और उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस सत्र में डॉ. सुबोध कुमार झा और संतोष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश साहित्य मंत्री कुमारी मानसी सिंह ने किया। आयोजन की सफलता में जिला अध्यक्ष सावित्री सुमन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें रवि प्रताप सिंह, कृष्ण पाल सिंह, धनंजय जयपुरी सहित बिहार के विभिन्न जिलों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान कवियों की रचनाओं में सामाजिक सरोकार, राष्ट्रप्रेम, और मानवीय मूल्यों की झलक उनके काव्य धाराओं में देखने को मिली।जिसमें प्रमुख काव्य पाठ करने वाले कवियों में मनोज मिश्र, मानसी सिंह, सागर आनंद, अरविंद कुमार, डॉ. सुबोध कुमार झा, राणा बीरेंद्र सिंह, सावित्री सुमन, ममता प्रिया, अमरेश कुमार, विनय कुमार 'मामूली बुद्धि' और दिलीप कुमार आदि शामिल थे।

# मतदाता प्रपत्र ऑन लाइन करने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले के मानपुर प्रखंड से लोकतंत्र की नींव को झकझोरने वाली एक गंभीर और शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां के एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पर मतदाता प्रपत्र ऑनलाइन करने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा कृत्य कैमरे में कैद हो गया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है और प्रशासन को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा है।

मामला मानपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय नौरंगा के उर्दू बूथ संख्या 119 का है, जहां कार्यरत बीएलओ गौरीशंकर पर मतदाता फॉर्म ऑनलाइन करने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 20 से लेकर 40 तक की अवैध वसूली का आरोप है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा और सुना जा सकता है कि बीएलओ एक मतदाता से दो फॉर्म के लिए 40 लेने की बात स्वीकार कर रहे हैं। जब मतदाता उनसे पूछते हैं कि क्या यह सेवा निशुल्क नहीं है? इसपर बीएलओ जवाब देते हैं कि अरे भाई, चाय-पानी के लिए लिए हैं, तो क्या हो गया?

### बीडीओ ने दिया बीलएलओ पर एफआईआर का आदेश

वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। कई लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीएलओ गौरीशंकर लंबे समय से इसी तरह से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक उदाहरण है, कई बीएलओ ऐसे ही चुपचाप पैसे वसूलते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति देखकर राशि मांगते थे- किसी से 10, किसी से 20 और किसी से 40 तक।

वायरल वीडियो में मतदाता और बीएलओ के बीच जो बातचीत होती है, वह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की पुष्टि करती है। बातचीत में बीएलओ खुद स्वीकार करते हैं कि उन्होंने पैसे लिए हैं और इसे सामान्य बताते हैं। मतदाता जब पूछते हैं कि क्या इसमें पैसा लगता है? ये तो फ्री होता है। इसपर बीएलओ चिढ़कर कहते हैं कि हां तकलीफ है तो जाइए।

मामला सामने आने के तुरंत बाद मानपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) वेद प्रकाश ने घटना पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि यह मामला पूरी तरह से जनविश्वास को ठेस पहुंचाने वाला है। ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## नहाने के दौरान दो डूबे, एक की लाश बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले में नहाने के दौरान दो लोगों के डूबने की सूचना है। मीनापुर में नहाने के दौरान डूबे किशोर की मौत हो गई। उसकी पहचान सुमित कुमार (13) के रूप में हुई है।

वहीं दूसरी ओर सरैया में डूबे युवक की लाश नहीं मिली। स्थानीय गोताखोर उसकी तलाश कर रहे हैं। यहां भी नहाने के दौरान ही डूबने की बताई जा रही।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

# गंगाजल लाने गये दो किशोरों की डूबने से मौत

## स्थानीय गोताखोरों ने निकाले शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मल्हीपुर छर्रापट्टी गंगा घाट में सोमवार की सुबह जलाभिषेक के लिए गंगा जल लेने एवं स्नान के दौरान खगड़िया जिला के सन्हौली ग्राम निवासी दो किशोर की मौत की मौत गंगा नदी में डूबने से हो गई। जबकि एक को ग्रामीणों ने बचा लिया। मृतक किशोर की पहचान सन्हौली ग्राम निवासी दिनेश साह के 16 वर्षीय पुत्र किशन कुमार एवं शंभू सहनी के 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई।

दोनों डूबे किशोर के शव को स्थानीय गोताखोरों ने बाहर निकाला। मौके पर मौजूद साहेबपुर कमाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेजा।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि सोमवार की प्रथम सोमवारी में बख्तियारपुर स्थित मटेश्वरधाम में शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए खगड़िया जिला के सन्हौली ग्राम निवासी तीनों लोग छर्रापट्टी गंगा घाट पहुंचे। स्नान करने के दौरान तीनों गंगा नदी में डूबने लगे।

डूब रहे युवक सन्हौली निवासी राजेश सहनी के 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को स्थानीय गोताखोरों ने बचा लिया। जबकि दिनेश साह के 16 वर्षीय पुत्र किशन कुमार एवं शंभू सहनी के 16 वर्षीय पुत्र अमित कुमार की मौत हो गई। घंटों गोताखोरों द्वारा शव को नदी से बाहर निकाला गया।

बताते चलें कि स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार गंगा नदी में नाव से गश्त की जा रही है। इससे एक युवक को बचा लिया गया, जबकि दो किशोर डूब गए। सीओ संतोष कुमार, पुलिस बल एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगा घाट पर कैंप कर दिखे।

# स्काउट-गाइड कैडेट राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, पटना के निर्देश पर 14 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक आयोजित राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर में भाग लेने के लिए जहानाबाद जिले के चयनित स्काउट-गाइड कैडेट सोमवार को राज्य मुख्यालय, पटना के लिए रवाना हुए।जिला शिक्षा पदाधिकारी, जहानाबाद के निर्देश पर जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों के तृतीय सोपान उत्तीर्ण स्काउट-गाइड प्रतिभागियों—सतीश कुमार, रविरंजन कुमार, कृष केसरी, विवेक कुमार, अंकित कुमार, शिवम कुमार, निभा कुमारी, राखी कुमारी, मुन्नी कुमारी, रवीना कुमारी, शिखा कुमारी, नेहा कुमारी, रिया कुमारी, नंदनी कुमारी, सुषमा कुमारी, सोनी कुमारी एवं खुशी कुमारी को राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर में भेजा गया है। उक्त दल का नेतृत्व प्लस टू उच्च विद्यालय, मांदिल के शिक्षक रवीश कुमार कर रहे हैं।

शिविर में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार के लिए आवश्यक सभी विषयों का मूल्यांकन किया जाएगा। सफल प्रतिभागियों को बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।रवानगी के अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता मृत्युंजय कुमार उर्फ भोला शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर टीम को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं में देश सेवा के प्रति समर्पण और उत्तरदायित्व बोध की भावना उत्पन्न होती है। ऐसे विद्यार्थियों को नैतिक व आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है ताकि वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भाग लेकर देश के लिए सुयोग्य नागरिक के रूप में तैयार हो सकें।मौके पर उमवि, देवधरा के प्रधानाध्यापक द्वारा भोला शर्मा को प्रतीक चिह्न एवं स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया।

## किशोर की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के नावानगर घाट गंगा नदी में सावन की पहली सोमवारी पर गंगा स्नान करने के दौरान एक किशोर डूब गया। किशोर को डूबता देख आसपास के लोग जुट गए। लोगों ने घटना की सूचना किशोर के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना बिदुपुर थाने की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को दी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और गंगा नदी में किशोर की तलाश शुरू कर दी।

डूबे किशोर की पहचान सराय थाना क्षेत्र के भकुरहर गांव निवासी अशोक ठाकुर के 15 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुई। घटना के संबंध में बताया गया कि हिमांशु कुमार हाजीपुर प्रखंड अंतर्गत रंदाहा गांव में अपनी मौसी के घर आया था। वह सोमवार की सुबह अपने चचेरे भाई के साथ गंगा नदी में स्नान करने गया था।

# कटाव से जमुरना गांव के लोग दहशत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** रामगढ़ प्रखंड के नरहन जमुरना पंचायत का जमुरना गांव दुर्गावती नदी के किनारे बसा है। जहां बाढ़ आते ही गांव की भौगोलिक स्थिति बिल्कुल अलग हो जाती है। टापू के रूप में तब यह गांव दिखने लगता है। जमुरना गांव के तीन तरफ दुर्गावती नदी है। नदी के तटबंध में हो रहे कटाव से जमुरना गांव में बाढ़ के खतरा की आशंका से पहले ही लोग दहशत में है।

हर साल बरसात के मौसम में होने वाले कटाव के मद्देनजर ग्रामीण चिंतित हैं कि उनके घर और खेत नदी में समा सकते हैं। कई किसानों के घर समा भी गए हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को जान-माल का भय सता रहा है। दुर्गावती नदी इस गांव में पश्चिमी दिशा छोड़ कर शेष तीन दिशा से यू आकार में घेरे हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल नदी में कटाव के कारण एक घर का कुछ हिस्सा गिर गया था। इस साल भी नदी भर गई है और तेज बारिश होने पर कटाव निश्चित है।

सबसे अधिक खतरा मध्य विद्यालय से होकर गांव में दक्षिणी हिस्से से गुजरने वाली मुख्य सड़क का है। मुख्य सड़क नदी और नदी के तटबंध की दूरी नाममात्र को रह गई है। वर्षों से हो रहे कटाव के कारण गांव का भूगोल लगातार बदल रहा है और दर्जनों घर तट के किनारे पर आ गए हैं। पूर्व मुखिया डा. संजय सिंह ने बताया कि बरसात आती है और ग्रामीणों की धड़कन तेज हो जाती है। कटाव के जद में कई घर व सड़क है। समय रहते कटाव को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। नदी तट पर पत्थर का बोल्डर लगाना अति आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि गांव के किसानों का 80 प्रतिशत खेत नदी के पूरब व दक्षिण दिशा में है। कटाव रोधी कार्य नहीं होने की स्थिति में दर्जनों एकड़ खेत के भी नदी में विलीन होने का खतरा पैदा हो गया है।

# छापेमारी करने गयी उत्पाद विभाग की टीम पर हमला

## जबावी कार्रवाई में एक ग्रामीण की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन मोहल्ला में रविवार की देर शाम अवैध शराब को लेकर छापेमारी गई उत्पाद विभाग की टीम पर कुछ ग्रामीणों ने हमला कर दिया।

इस दौरान जमकर ईंट-पत्थर बरसाए गए, जिसमें उत्पाद विभाग के कर्मी जख्मी हो गए। बाद में उत्पाद विभाग की ओर से फायरिंग की गई। जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक 45 वर्षीय सुशील यादव शाहपुर वार्ड तीन निवासी जगदीश यादव के पुत्र थे। पीठ के भाग में गोली लगने की बात सामने आ रही है। जबकि, ग्रामीण उत्तम यादव को भी चोटें आई है। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग के एक सैप जवान को बंधक बना पिटाई भी की।

इस घटना के बाद जगदीशपुर एसडीओ संजीत कुमार, डीएसपी राजेश शर्मा एवं थानाध्यक्ष रजनीकांत घटनास्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल की। इधर घटना से गुस्साए लोगों ने आरा-बक्सर मुख्य हाईवे को शाहपुर थाना मोड़ के समीप जाम कर परिचालन अवरुद्ध कर दिया है।

दोषी पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। एसपी राज ने बताया कि वार्ता कर सैप जवान को छुड़ाने की दिशा में प्रयास जारी है।

बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम जगदीशपुर उत्पाद विभाग की टीम शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन मोहल्ला निवासी सुशील यादव के घर पर छापेमारी करने पहुंची थी। टीम घर की तलाशी कर रही थी, तभी आरोप है कि घरवालों ने उत्पाद विभाग पर पत्थरबाजी शुरू कर दी।

जिसमें उत्पाद विभाग के कर्मी घायल हो गए। इसके बाद उत्पाद विभाग की ओर से फायरिंग किए जाने का आरोप है। इधर, उत्पाद विभाग के जिस सैप जवान पर सुशील यादव को गोली मारे जाने का आरोप है, उसे घर में ही बंधक बना लिया। जिसको छुड़ाने के लिए बाद में आसपास के थानों को वहां भेजा गया।

इधर, उत्पाद सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान घर की महिलाएं-पुरुष टीम पर ईंट- पत्थर चलाने लगी। टीम में शामिल एक सैप जवान को बंधक बना लिया गया, इसके बाद आत्मरक्षार्थ फायरिंग करना पड़ी।

## संविधान लीटरशिप कार्यक्रम शुरू

**लखीसराय।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने संविधान लीडरशिप प्रोग्राम की शुरूआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों को सामाजिक और राजनीतिक रूप से जागरूक करना है।

जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान लीडरशिप प्रोग्राम के तहत पार्टी के सभी प्रखंड अध्यक्षों और प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एआइसीसी पर्यवेक्षक राकेश पासवान ने कहा कि जिले के प्रत्येक परिवार तक माई-बहन योजना का फार्म पहुंचाना और बीएलए-2 की समीक्षा व निगरानी करना सभी नेताओं व कार्यकताओं की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए बूथ स्तर पर पकड़ मजबूत करने को लेकर मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रम और रणनीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

# बदमाशों ने दो युवकों को मारी गोली, एक की मौत, दूसरा गंभीर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े 2 युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। 7-8 राउंड फायरिंग हुई है। घटना लोहियानगर थानान्तर्गत बाघा, वार्ड नं0 24, पावर हाउस गुमटी के पास की है।पावर हाउस के पास कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा दो व्यक्तियों को गोली मारकर जख्मी कर दिया है। जिसमें इलाज के क्रम में 01 व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है तथा एक व्यक्ति का ईलाज कराया जा रहा है।प्राप्त सूचना की जानकारी वरीय पदाधिकारी को देते हुए एवं घटनास्थल की जाँच हेतू ऋ रछ टीम को सूचित करते हुए निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर - 01 बेगूसराय एवं लोहियानगर थाने के पुलिस टीम के द्वारा सूचनानुसार ग्राम बाघा, वार्ड नं0-24, पावर हाउस गुमटी स्थित स्थल के पास पहुँचकर मामले की जाँच / पड़ताल की गयी ।

मृतक की पहचान अमित कुमार (25) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेलवे गुमटी के पास अमित छोटे वाहनों से बैरियर वसूलता था। सुबह करीब 11:30 बजे स्टाफ प्रिंस कुमार के साथ बैरियर पर बैठा था। इस दौरान 2 बाइक से 4 अपराधी पहुंचे। ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बेगूसराय रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर गोली मारी है। गोली लगने से अमितऔर प्रिंस घायल हो गए। इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां अमित की मौत हो गई। स्थिति तनावपूर्ण है। मौके पर 2 थानों की पुलिस पहुंची है।

सदर अस्पताल में पुलिस और परिजनों के बीच तीखी बहस हो गई। परिजन लाश को लेकर पहले सड़क जाम करना चाह रहे थे, जबकि पुलिस पोस्टमॉर्टम कराना चाह रही थी। बाद में सदर-वन ऊऌ सुबोध कुमार और साइबर ऊऌ इमरान अहमद ने लोगों को समझा-बुझाकर लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस में भेजा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल लॉन्च

**पटना।** राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को बिहार आइडिया फेस्टिवल के नए पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस ऑनलाइन मंच पर सूबे के छात्र, युवा, उद्यमी और स्टार्ट-अप टीमें अपने नवाचारी विचार अपलोड कर सकेंगे और सरकार की मदद सीधे पा सकेंगे। सूचना भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हर बिहारी में एक आइडिया छिपा है, जरूरत है बस इसे पहचान और दिशा देने की। इसी दिशा में यह पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा।

सरकार का लक्ष्य कम से कम 10 हजार आइडिया इस पोर्टल पर जमा हो। विशेषज्ञ टीम इन प्रस्तावों की जांच करेगी और चुने हुए विचारों को बाजार और निवेशक से जोड़ेगी।

CMYK

# बढ़े बजट ने बदली बिहार में शिक्षा की तस्वीर

**▸ जहां कभी था ब्लैक बोर्ड, अब हैं स्मार्ट क्लास ▸ 2005 के बाद ही बच्चियों की शिक्षा पर दिया गया ध्यान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में शिक्षा की मौजूदा तस्वीर को समझना हो तो इसकी तुलना 2005 के पहले की स्थिति से करना जरूरी है। वह दौर था जब राज्य की बेटियों के लिए शिक्षा की पहुंच सीमित थी और स्कूलों की हालत खस्ताहाल। महिला साक्षरता दर मात्र 33.57 प्रतिशत थी, लेकिन 2005 के बाद जब राज्य की कमान नीतीश कुमार के हाथों में आई, तब सबसे पहले ध्यान गया शिक्षा की ओर उसमें भी खासकर लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी गई। नीतीश सरकार ने यह शुरू से ही माना कि जब तक बेटियां स्कूल नहीं जाएंगी तब तक समाज में बड़े स्तर पर बदलाव संभव नहीं है। इसी सोच के तहत मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, ड्रेस योजना, छात्रवृत्ति और दोपहर का भोजन योजना जैसी योजनाएं लागू की गईं। इसका असर यह हुआ कि राज्य की महिला साक्षरता दर 73.91 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद स्कूलों की संख्या में भी काफी वृद्धि की गई। 2005 के पहले बिहार में सिर्फ 53,993 स्कूल थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 75,812 हो गई है। शिक्षकों की संख्या में भी बड़ा विस्तार हुआ। पहले 2.25 लाख शिक्षक थे, अब यह संख्या 5.97 लाख हो चुकी है। इससे न बच्चों में शैक्षणिक गुणवत्ता का सुधार तो हुआ ही शिक्षा की पहुंच भी व्यापक हुई। विद्यालय भवनों की स्थिति भी सरकार की प्राथमिकताओं में रही। 2005 से पहले राज्य के कई स्कूल जर्जर और असुरक्षित भवनों में चल रहे थे, लेकिन अब 75 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में बेहतर भवन, स्वच्छ शौचालय, जल और बैठने की अच्छी व्यवस्था है।

इतना ही नहीं तकनीकी शिक्षा की अगर बात करें तो 2005 के बाद से ही राज्य में डिजिटल कक्षाओं, स्मार्ट क्लास और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत हुई। इससे पहले पढ़ाई केवल ब्लैकबोर्ड और किताबों तक सीमित थी। अब बच्चों को वीडियो लेक्चर का भी लाभ मिल रहा है। 2005 से पहले बिहार में केवल 2 इंजीनियरिंग कॉलेज, 13 पॉलिटेक्निक और 23 आईटीआई थे। लेकिन अब राज्य में 38 इंजीनियरिंग कॉलेज, 46 पॉलिटेक्निक और 152 आईटीआई संस्थान संचालित हो रहे हैं। इससे राज्य के युवाओं को तकनीकी कौशल प्राप्त करने का अवसर मिला और रोजगार के नए द्वार खुले। उच्च शिक्षा को भी नीतीश सरकार ने नई पहचान दी है। पहले केवल 10 राज्य विश्वविद्यालय थे, वहीं अब इनकी संख्या 21 हो चुकी है। इसके अलावा आईआईटी पटना, आईआईएम बोधगया, नीफ्ट और आईआईआईटी भागलपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना से इसमें पढ़कर निकलने वाले छात्र आज देश-विदेश में बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। इन तमाम प्रयासों की बुनियाद है सरकार की मजबूत वित्तीय प्रतिबद्धता। 2005 से पहले बिहार का शिक्षा बजट मात्र 4,366 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 77,690 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। बिहार सरकार ने समय-समय पर ऐसी योजनाएं लागू कीं जिन्होंने बच्चों को स्कूल से जोड़े रखा। छात्रवृत्ति योजनाएं, मिड डे मील, और बालिकाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रमों ने शिक्षा के दरवाजे सबसे पिछड़े वर्गों के लिए भी खोल दिए।

## अपराधियों को संरक्षण दे रहा राजद : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की भाषा और आचरण पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद यादव की तरह ही बिहार को कलंकित किया है। विजय सिन्हा ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन सरकार पूरी सतर्कता और गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग नैतिकता का मुखौटा पहनकर बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। उन्होंने राजद पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अपराध नियंत्रण के लिए बुलडोजर और एनकाउंटर जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को जंगल राज और भ्रष्टाचार के युवराज करार देते हुए विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाया। दरअसल रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने सूत्रों के हवाले से खबर लिखने वाले पत्रकारों को निशाने पर लेते हुए कहा था कि यह सूत्र नहीं मूत्र है। ऐसे में तेजस्वी यादव की भाषा की कड़ी निंदा करते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि राजद नेताओं ने अपने संस्कार छोड़ दिए हैं और उनकी भाषा में गुंडई तथा अराजकता की झलक साफ दिखाई देती है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर भी हमला करते हुए कहा कि पिता की तरह ही पुत्र ने भी बिहार को कलंकित किया है। विजय सिन्हा ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता ऐसे लोगों को उचित जवाब देगी। बिहार में बढ़ते अपराधों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में जिन्होंने अपराधियों का मनोबल बढ़ाया, वर्तमान सरकार उनके परिणामों को भुगत रही है। विजय सिन्हा ने स्पष्ट किया कि अपराधियों को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा है और अगर जरूरत पड़ी तो बुलडोजर और एनकाउंटर जैसी कार्रवाई भी की जाएगी। दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस की बैठक बुलाए जाने पर भी विजय सिन्हा ने टिप्पणी की। उन्होंने विपक्ष को परिवारवाद में जकड़ा हुआ बताते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि राहुल गांधी जैसे व्यक्ति भारत के नेता प्रतिपक्ष हैं।

## रविशंकर प्रसाद ने की एडीजी कुंदन कृष्णन और पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा से बातचीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर कुंदन कृष्णन और एसएसपी पटना कार्तिकेय शर्मा से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पटना में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की।

प्रसाद ने अधिकारियों से आग्रह किया कि अपराध के रोकथाम के लिए कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। ताकि पटना में भय का माहौल न रहे। उन्होंने कहा कि संगीन मामलों में त्वरित कार्रवाई कर कांड का पर्दाफाश किया जाए और दोषियों को सजा दिलाई जाए। इसके अलावा प्रसाद ने पटना में पुलिस गश्त बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार ने अपराध नियंत्रण में प्रभावी काम किया है और इस छवि को बनाए रखना आवश्यक है। प्रसाद ने पुलिस पदाधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि अगर कुछ तत्व षड्यंत्र के तहत अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अगर निचले स्तर पर किसी पुलिस पदाधिकारी से कोई चूक हुई है तो उसकी समीक्षा कर कार्रवाई की जाए।

## बिहार में स्टार्ट-अप को अनोखा मंच देगा बिहार आइडिया फेस्टिवल

**उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया इससे जुड़े पोर्टल का उद्घाटन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को 'बिहार आइडिया फेस्टिवल' के नए पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस ऑनलाइन मंच पर सूबे के छात्र, युवा, उद्यमी और स्टार्ट-अप टीमें अपने नवाचारी विचार अपलोड कर सकेंगे और सरकार की मदद सीधे पा सकेंगे। सूचना भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि हर बिहारी में एक आइडिया छिपा है, जरूरत है बस इसे पहचान और दिशा देने की। इसी दिशा में यह पोर्टल मील का पत्थर साबित होगा। सरकार का लक्ष्य कम से कम 10 हजार आइडिया इस पोर्टल पर जमा हो। विशेषज्ञ टीम इन प्रस्तावों की जांच करेगी और चुने हुए विचारों को बाजार और निवेशक से जोड़ेगी। पोर्टल मोबाइल फ्रेंडली भी है। इसलिए गांव-कस्बों के युवा भी आसानी से पंजीकरण कर सकेंगे। मंत्री के मुताबिक इस महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई से जिलास्तरीय कार्यशाला के साथ होगी और अगस्त के अंतिम सप्ताह में पटना में दो-दिवसीय मेगा इवेंट के साथ समापन होगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग 1.5 लाख स्टार्ट-अप पंजीकृत हैं और बिहार तीसरे पायदान पर है। पिछले एक वर्ष में बिहार के एक हजार नए स्टार्ट-अप्स का चयन किया है। 10 अगस्त तक आइडिया आमंत्रित किए जाएंगे और अगस्त के अंत में विजेताओं की घोषणा होगी। चयनित स्टार्ट-अप को 'स्टार्ट-अप बिहार नीति' के तहत 10 लाख रुपये तक की फंडिंग दी जाएगी। ट्रॉफी सलाहकार सेवाएं और राज्य-स्तरीय पहचान दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'स्टार्ट-अप दीदी' बनकर जीविका की तरह हजारों महिलाएं भी उद्यमिता के पथ पर आगे बढ़ेंगी। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल शहरी केंद्रित स्टार्ट-अप संस्कृति को तोड़ते हुए ग्रामीण समुदायों, कारीगरों, किसानों और वंचित वर्गों तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में निदेशक (उद्योग) मुकुल गुप्ता, निदेशक (हथकरघा एवं रेशम) निखिल धनराज निप्पणिकर, राज्य-भर के इनक्यूबेशन केंद्रों के प्रतिनिधि और स्टार्ट-अप बनाने वाले उपस्थित रहे।

## एआई-171 दुर्घटना महज हादसा नहीं, ब्रह्मांड की चेतावनी : संदीप चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गिफ्ट सिटी में आयोजित 'ग्लोबल विजन अनवीलिंग' कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन के भारत चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की हालिया दुर्घटना को लेकर चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि यह हादसा मात्र तकनीकी विफलता नहीं बल्कि ब्रह्मांड की ओर से एक संदेश था। कार्यक्रम के मंच से लाइव विश्लेषण करते हुए चौधरी ने संख्या विज्ञान, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और संकेतों के माध्यम से यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि यह घटना 'कोडेड ब्रह्मांडीय संवाद' थी। उन्होंने तीन चमत्कारी संकेतों का उल्लेख किया–एक यात्री की बचाव, भगवद गीता की सुरक्षित स्थिति और एक व्यक्ति का उस फ्लाइट से छूट जाना। संदीप चौधरी ने संख्यात्मक क्रम '3-6-9' को ब्रह्मांड की भाषा बताया। उन्होंने कहा कि गंतव्य लंदन (6 अक्षर), प्रस्थान स्थल अहमदाबाद (9 अक्षर) और तीन अद्भुत संयोग–ये सभी मिलकर एक दिव्य संवाद की ओर संकेत करते हैं। उनका यह विश्लेषण सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है और लाखों लोग इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि यह घटना मानवता को आत्मचिंतन, चेतना और प्रकृति के साथ समरसता की ओर बुलाने वाला संदेश है।

**रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी का मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया स्वागत**

## नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से देश में बढ़ेगा रोजगार सृजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भारत सरकार की रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैं बिहार की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। बिहार ऐसा एकमात्र राज्य है जहां के लोग देश के हर कोने में श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। उनकी यह योजना उन श्रमिकों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक योजना न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। बिहार सहित देश भर के करोड़ों युवाओं को इससे लाभ मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडावीया ने बिहार सरकार के सहयोग और श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और मंत्री संतोष कुमार सिंह का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें केंद्र से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इससे पहले मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज इस कार्यक्रम में देशभर के उद्योगपति उपस्थित हैं, यह बिहार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। हमारे राज्य में फूड प्रोसेसिंग और कृषि क्षेत्र में कई कारखाने गांव-गांव में स्थापित किए जा सकते हैं।

## धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ रणबीर नंदन ने सावन की प्रथम सोमवारी पर किया रूद्राभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भगवान भोलेनाथ को प्रिय मास सावन की पहली सोमवारी पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो.रणबीर नंदन, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रुद्राभिषेक कर भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर डॉ नंदन गर्दनीबाग ठाकुड़बाडी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को गंगा जल, दूध, बेल पत्र, फल फल के साथ अन्य पूजन सामग्री से भगवान का अभिषेक किया। इस मौके पर डॉ नंदन ने कहा कि सावन महीने में भगवान भोले शंकर की पूजा से मनोकामना पूर्ण होती है और इसका सुखद फल मिलता है। इस मौके पर उन्होंने बिहार वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

## राहुल गांधी ने अपराध पर बिहार की एनडीए सरकार को घेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/दिल्ली।** बिहार में गिरते कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध पर कांग्रेस लगातार सूबे की एनडीए सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में आज कानून व्यवस्था पर फिर से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नीतीश भाजपा की सरकार को घेरते हुए ट्वीट कर सवाल किया है कि आखिर कब तक बिहार के युवाओं को बेरोजगारी के दंश में डालकर अपराधी बनाती रहेगी बिहार की जदयू भाजपा सरकार और कब तक हत्याओं का दौर जारी रहेगा। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार को क्राइम कैपिटल बताते हुए एनडीए सरकार पर बेरोजगार युवाओं को हत्यारे में बदलने का आरोप अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लगाया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री कुर्सी बचाने और भाजपा के मंत्री कमीशन खाने में व्यस्त हैं। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बिहार में कानून व्यवस्था और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर सरकार पर लगातार हमला बोल रहा है। बिहार में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के साथ अब सरकार के बिहार और केंद्र की सरकार में एनडीए के घटक दल भी राज्य की सरकार को अपराध पर घेरने लगे हैं। इसी कड़ी में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा है कि बिहार भारत का क्राइम कैपिटल बन गया है, हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! एनडीए सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि राज्य में गुंडाराज (एनडीए सरकार) बेरोजगार युवाओं को हत्यारों में बदल रहा है। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा मैं फिर दोहरा रहा हूं कि इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि बिहार को बचाने के लिए है। यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने बिहार को भारत का क्राइम कैपिटल कहा हो।

## जीवेश मिश्रा किसी भी दवाई बनाने वाली कंपनी के मालिक नहीं : भाजपा विधि प्रकोष्ठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश मिश्रा पर लगे आरोप को भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने निराधार बताते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रीया श्रीनेत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने कोर्ट का अपमान करने का काम किया है। इसके साथ भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने सुप्रिया श्रीनेत, सांसद पप्पू यादव, रोहिणी आचार्य, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य लोगों को नोटिस जारी किया है।

विधि प्रकोष्ठ के नरेश दीक्षित ने साफ तौर पर कहा कि जीवेश मिश्रा किसी भी दवाई बनाने वाली कंपनी के न तो मालिक हैं, न ही किसी दवा कंपनी से जुड़े हैं। ऐसे में उनका नकली दवाई बनानेवाली कंपनी से जुड़े होने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जीवेश मिश्रा भाजपा से जुड़े हैं, इसलिए कोर्ट ने उन्हें तीन साल की सजा नहीं सुनाई। यह पूरी तरह के कोर्ट के अपमान का मामला है। कांग्रेस ने जीवेश मिश्रा की छवि को धूमिल करने की कोशिश की है। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल ने कहा कि कांग्रेस ने जीवेश मिश्रा पर झूठा आरोप लगाया है। कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने बेबुनियाद बात की है जिसमें रोहिणी आचार्य, पप्पू यादव, ऋषि मिश्रा, कांग्रेस पार्टी सहित 5 लोगों को नोटिस भेजा गया और 15 दिन में जवाब मांगा है, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा गरीबनाथ की भूमि पर सामयिक परिवेश के कलाकारों ने कांवरियों को झुमाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुजफ्फरपुर शहर के राम दयालु सिंह महाविद्यालय में पर्यटन विभाग की ओर से टेंट सिटी लगाया गया है। बाबा गरीबनाथ की पावन धरती पर श्रावणी मेला 2025 में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में सामयिक परिवेश की विशेष प्रस्तुति ने समां बांध दिया। शिव भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालु कांवरिया झूमने लगे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना 'आहो गणनायक देवता, सुमिरन में होई न सहाय...' से हुई। तत्पश्चात शिव भजनों की प्रस्तुति शुरू हुई भोलेनाथ और माता पार्वती पर आधारित एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने दी। भक्ति जगाके मन में पेंह ल केसरिया चल हो सखियां, बाबा गरीबनाथ के नगरिया चल हो सखियां...। भोले नाथ के नचारी गीत 'का ले के शिव के मनाइब हो, शिव मानत नाही...' को भक्तों ने बेहद पसंद किया। नीतू नवगीत ने माता पार्वती पर आधारित भी गीत भी गाये। छोटी सी मेरी पार्वती शंकर जी की पूजा करती थीं...। गौरा करीके सिंगार अंगना में पीसेली हरदिया...। बाबा बैजनाथ हम आयल छी भिखरिया, भोला के देखेल बेकल भईले जियारा..., डिम डिम डमरू बजाबे ला हमार जोगिया..., खोली नाहीं मातल हो नयनवां शिव शंकर दानी..., कोहबर गीत एवं अन्य गीतों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। सामयिक परिवेश की ओर से सविता राज ने भी भजनों और गजलों की अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने दर्शकों की फरमाइश पर संस्था की अध्यक्षा एवं वरिष्ठ साहित्यकार ममता मेहरोत्रा के गजलों का भी पाठ किया। वादक कलाकारों ने भी बखूबी संगत दिया। ढोलक पर धनंजय कुमार, पैड पर प्रिंस कुमार और कीबोर्ड पर मनीष कुमार ने गायिका नीतू नवगीत एवं सविता राज का साथ दिया।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स कॉन्स ऑफ पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लि. एण्ड सम्मान फाउंडेशन अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति पिन्टू कुमार निराला जो बेगूसराय में एम्बुलेंस ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी संगीता कुमारी, पुत्री- स्नेहा कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पिन्टू कुमार निराला की मृत्यु 27-01-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 307 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (9210/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 271695 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है।

## आवारा श्वानों और पशुओं की देखभाल करें, समाज का सहयोग जरूरी : डॉ विकास

**खुद की सुरक्षा के लिए एंटी रेबिज का टीका लेकर ही काम करें पशु प्रेमी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना में आवारा श्वानों एवं लावारिस पशुओं के संरक्षण के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं जिन्हें हम सोसाइटी वॉरियर की संज्ञा देते हैं। वो प्रतिदिन अनेक समस्याओं का सामना करते हैं। सामाजिक स्तर पर उन्हें अनेकों वैचारिक मतभेदों व चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके ये सभी कार्यकर्ता विभिन्न इलाकों में आवारा श्वानों व लावारिस पशुओं को संरक्षित करते हैं। ऐसे वॉरियर समाज में पशु प्रेम की अनोखी मिसाल पेश कर रहे हैं। मगर उसी क्रम में उनकी सुरक्षा व जागरुकता बेहद जरुरी है। ऐसे में प्रदेश के चर्चित पशु चिकित्सक डॉ विकास शर्मा के पटना स्थित एनिमो पेट केयर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में दर्जनों अनसंग वॉरियर शरीक हुए और अपनी समस्याओं को साझा किया। पशु चिकित्सक व एनिमो पेट केयर के निदेशक डॉ विकास शर्मा ने बताया कि आवारा श्वानों के काटने से रेबिज जैसी जानलेवा गंभीर बीमारी होती है जिससे बचाव के लिए जागरुकता जरुरी है। समाज के लोगों को जागरुक होना पड़ेगा और उन्हें एंटी रेबिज की मुहिम में समर्थन देना चाहिए। पटना विभिन्न मुहल्लों में खासकर फुलवारी शरीफ, पटना सिटी, कंकड़बाग, गर्दनीबाग, पुनाईचक, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, बोरिंग रोड, बुद्धा कॉलनी, अशोक राजपथ समेत अन्य इलाकों में जो भी वॉरियर अवारा श्वानों व लावारिस पशुओं की देखभाल में निःस्वार्थ भाव से लगे हैं।

## इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने पेश की सेवा, स्वास्थ्य और सशक्तीकरण की मिसाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने सेवा, स्वास्थ्य और आत्मविकास को समर्पित कई प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाजहित में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इन प्रयासों के माध्यम से क्लब ने न केवल जरूरतमंदों की मदद की, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता भी बढ़ाई। क्लब द्वारा आयोजित प्राणिक हीलिंग कैम्प में प्रतिभागियों को सिखाया गया कि किस प्रकार प्राणिक ऊर्जा के अभ्यास से वे अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर सकते हैं। भावनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं और आत्मा को जागृत करते हुए एक शांत और स्थिर जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। यह आयोजन ऐक्यम लाइटवर्कर्स प्राणिक हीलिंग सेंटर एसपी वर्मा रोड पटना में संपन्न हुआ।

## एचडीएफसी बैंक 'परिवर्तन' के तहत 7.2 लाख युवाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत अब तक 7.2 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बैंक ने इस उपलब्धि को रेखांकित किया। बैंक वर्तमान में देशभर में 70 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं के माध्यम से आईटी, खुदरा, स्वास्थ्य, कृषि व विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों की अवधि 3 से 6 महीने की होती है और इनसे 60-70 प्रतिशत तक प्लेसमेंट दर प्राप्त हुई है। जयपुर स्थित परिवर्तन कौशल अकादमी जैसे केंद्रों के माध्यम से बैंक का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अतिरिक्त 2 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का है। इसके अलावा परिवर्तन की आजीविका संवर्धन पहलों से 6 लाख से अधिक ग्रामीण व समुदाय-आधारित उद्यमी लाभान्वित हुए हैं। एचडीएफसी बैंक की यह पहल समावेशी आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है जिसमें अब तक 4,300 से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैंक का यह प्रयास संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप है और युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

## संपादकीय

# बिहार की बेटियों को 'स्थानीय' आरक्षण, नीतीश कुमार का चुनावी मास्टरस्ट्रोक

बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसद आरक्षण देने का निर्णय महत्त्वपूर्ण कदम था। मगर अब इस प्रावधान को राज्य की मूल निवासियों तक ही सीमित कर देने का फैसला किया गया है। राज्य के स्थायी नागरिकों के हितों के मद्देनजर यह निस्संदेह बड़ी पहल है। खासतौर से तब जबकि कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं।कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के अगुआ ने नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था के जरिए राजनीतिक संदेश दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी साइकिल बांटने से लेकर नौकरियां देने तक में महिला वोट बैंक का विशेष ध्यान रखते रहे हैं। शराबबंदी का फैसला भी उनकी दूरदर्शी नीति का ही हिस्सा था। इससे महिलाओं के बीच उनकी सियासी जमीन मजबूत हुई। हालांकि, अब महिला आरक्षण को एक दायरे में सीमित करने का उनका दांव कितना कारगर होगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सवाल है कि नीतीश कुमार की इस पहल से क्या राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के सत्ता में आने के दावे की धार कमजोर होगी? गौरतलब है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी कहा है कि उनकी सरकार बनी, तो वे अधिवास नीति लागू करेंगे।दरअसल, बिहार में अधिवास नीति लागू करने की मांग जोर पकड़ रही है। कुछ दिनों पहले युवाओं ने भी सड़क पर उतर कर यह मांग उठाई थी। वहीं सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना हो रही थी कि उसने शिक्षकों की भर्ती के दौरान अधिवास नीति लागू नहीं की, जिस कारण अन्य राज्यों से आए उम्मीदवारों को फायदा मिला।माना जा रहा है कि इस आलोचना की काट के लिए महिला आरक्षण पर नया दांव खेला गया। हालांकि सरकार के ताजा निर्णय से राज्य से बाहर की महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण नहीं मिल पाएगा। मगर जब राजनीति में नफा-नुकसान की बात आती है, तो वाजिब तर्क को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। अगर सभी राज्य ऐसा करेंगे, तो योग्य अभ्यर्थियों के लिए अवसर कम होते जाएंगे।

**भोपाल की सड़कों पर गड्ढे राष्ट्रीय आकर्षण बने हुए हैं. मध्य प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री गड्ढों को सड़कों की क्वालिटी में खराबी नहीं मानते बल्कि वह तो ऐसा कहते हैं कि जब तक सड़कें हैं, तब तक गड्ढे रहेंगे. साल छ-महीने के भीतर बनी सड़कों में जब गड्ढे हो जाते हैं तो यह सड़क पर करप्शन की परतें उजागर करते हैं। कोई साल नहीं जाता जब बारिश के बाद सड़कों के यही हाल नहीं होते हो. सड़क, बिजली, पानी किसी भी सरकार का बुनियादी दायित्व होता है लेकिन शहरों में इसी का रोना रहता है. बातें स्मार्ट सिटी की होती हैं. उसके लिए बड़ी मात्रा में जनधन भी खर्च किया जाता है. सपना भी दिखाया जाता है, लेकिन जमीन पर कोई बदलाव दिखाई नहीं पड़ता है। जब से भोपाल राजधानी बनी है तब से अतिक्रमण हटाने की बातें की जाती है.**

# ड्रेनेज का रोना, मेट्रोपॉलिटन का सपना

**(सरयूसुत मिश्रा )**

राजधानी में जल जाम है. सड़कों पर गड्ढे आम हैं. नालों पर दुकान मकान हैं. झुग्गियों में वोट के मुकाम हैं. जरा सी बारिश में शहर लावारिस हो गया है लेकिन सेंट्रल विस्टा की ख्वाहिश और मेट्रोपॉलिटन के सपने की बारिश बन गया सरकारों का काम है..!!

स्मार्ट सिटी की बातें क्या तकलीफों की रातें बन जाएंगी? हर बारिश सपने धुल जाते हैं फिर भी इसकी सौदागरी रुकती नहीं है. प्रशासनिक अक्षमता का 90 डिग्री ओवर ब्रिज जैसी प्लानिंग शहर के चप्पे चप्पे पर देखी जा सकती है. सुधार की उम्मीदें टूटती जा रही हैं।

भोपाल की सड़कों पर गड्ढे राष्ट्रीय आकर्षण बने हुए हैं. मध्य प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री गड्ढों को सड़कों की क्वालिटी में खराबी नहीं मानते बल्कि वह तो ऐसा कहते हैं कि जब तक सड़कें हैं, तब तक गड्ढे रहेंगे. साल छ-महीने के भीतर बनी सड़कों में जब गड्ढे हो जाते हैं तो यह सड़क पर करप्शन की परतें उजागर करते हैं। कोई साल नहीं जाता जब बारिश के बाद सड़कों के यही हाल नहीं होते हो. सड़क, बिजली, पानी किसी भी सरकार का बुनियादी दायित्व होता है लेकिन शहरों में इसी का रोना रहता है. बातें स्मार्ट सिटी की होती हैं. उसके लिए बड़ी मात्रा में जनधन भी खर्च किया जाता है. सपना भी दिखाया जाता है, लेकिन जमीन पर कोई बदलाव दिखाई नहीं पड़ता है। जब से भोपाल राजधानी बनी है तब से अतिक्रमण हटाने की बातें की जाती है. झुग्गी मुक्त,,आवास युक्त योजना पर करोड़ों रुपए खर्च भी किए गए लेकिन अतिक्रमण घटने के बदले बढ़ते चले गए. मजबूरी के कारण बनने वाली झुग्गियां अब तो व्यवसाय का मॉडल बन गई. झुग्गियां बनाकर गरीबों को बेची जाती है।

शहरी नदियां और नाले गटर में बदल गए हैं. कहीं भी जगह दिखी कि, उन पर कब्जा हो जाता है. कई मामले तो ऐसे भी दिखते हैं, जहां सरकारों ने बाकायदा निर्णय कर निर्माण कराए हैं।

शहरीकरण मजबूरी बन गया है. रोजगार के लिए पलायन होता है. सबको आवास कल्याणकारी सरकारों का दायित्व है. लेकिन कागजों और बातों में तो बड़े वायदे किए जाते हैं लेकिन जमीन पर सब नदारद होता है।

राजधानी भोपाल का दुर्भाग्य देखिए कि, अभी तक वहां का मास्टर प्लान नहीं बना है. सीवेज नेटवर्क और ड्रेनेज सिस्टम की एक बारिश में ही सांसे फूल जाती हैं. प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है. पेड़ काटे जा रहे हैं. कंक्रीट के जंगल खड़े किये जा रहे हैं. ट्रैफिक मैनेजमेंट अनमेनेजेड है. शहरी



परिवहन की व्यवस्था लगभग नगण्य है।

बिना मास्टर प्लान के रियल स्टेट जो भी विकास कर रहा है, उसमें मिडिल क्लास रहने को मजबूर है. कई बार तो उसे बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिलती. जब मुख्य सड़कों की हालत यह है, तो फिर कॉलोनियों में आने जाने की सड़कों की तो कोई बात ही नहीं है. भीड़ बढ़ती जा रही है लेकिन सियासत इसे ही अपना जरिया बना लेती है. वोट की खातिर शहर को बदसूरत बनाया जाता है।

कोई भी सरकार हो या मुख्यमंत्री हो उसे भविष्य का सपना तो दिखाना ही पड़ता है. वर्तमान की कमियों को सुधारना आसान नहीं होता. इसलिए भविष्य के सपने में भरमाए रखना, सियासी नीति हो जाती है. मंत्रालय के पास प्रशासनिक भवन के लिए सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की घोषणा की गई है. जब घोषणा की गई है तो बनेगा भी लेकिन इससे राजधानी में कोई बुनियादी बदलाव आने की क्या कोई संभावना है? कंस्ट्रक्शन का बाय-प्रोडक्ट करप्शन बन गया है. कोई भी कंस्ट्रक्शन करप्शन के बिना केवल फिल्मों में सोचा जा सकता है।

मध्य प्रदेश सरकार विधानसभा के इसी सत्र में मेट्रोपॉलिटन एक्ट लाने की बात कर रही है. इसके लिए मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में विचार विमर्श का दावा किया जा रहा है. शहरी विकास के नए अध्याय की इसे शुरुआत बताया जा रहा है. राज्य के मुख्यमंत्री अखबारी विज्ञापन में दावा कर रहे हैं कि, मध्य प्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है. इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी. समृद्ध और विकसित शहर प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।

सरकारी भाषा में नए अध्याय की शुरुआत और आधारशिला जैसे शब्द अपने अर्थ खो चुके हैं. हर सरकार इन्हीं शब्दों का उपयोग करती है. सरकार एक सतत प्रक्रिया है लेकिन पुरानी गलतियों या नीतियों पर बिल्कुल बात नहीं की जाती. बात नए अध्याय से शुरू होती है. जैसे ही सरकार में बदलाव आता है, वैसे ही यह अध्याय अपने आप समाप्त हो जाता है. यह प्रवृत्ति विकास की दिशा को ही भटका देती है।

आज मेट्रोपॉलिटन रीजन का सपना बेचा जा रहा है. यह सपना बिना मास्टर प्लान के कैसे पूरा होगा? यह कोई नहीं बताना चाहता. मास्टर प्लान क्यों रुका हुआ है? दशकों से बिना मास्टर प्लान राजधानी कैसे विकसित हो रही है? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इस पर ना कोई सवाल है और ना ही कोई जवाब है.।

जहां सरकारों की कोई भूमिका नहीं होती, वहां भी विकास की एक स्वाभाविक गति होती है. परिवार बढ़ते हैं तो लोग नए घर भी बनाते हैं. नए रोजगार भी तलाशते हैं. और उनको पाने में किसी सरकार का कोई रोल नहीं होता. फिर भी विकास का यह स्वभाविक क्रम चलता रहता है।

मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाने में कोई बुराई नहीं है लेकिन नए-नए सपनों से ही कुछ नहीं होगा. जो खामियां हैं, जो कमियां हैं उनको कब और कैसे दूर किया जाएगा? अब तो ऐसा लगने लगा है कि, बड़े शहर प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने लगे हैं. मेट्रोपॉलिटन रीजन का एक्ट पास भी हो जाएगा तो उसके लिए जो भी काम होगा, उसमें जनधन की आवश्यकता होगी।

जब वर्तमान में ही शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर की जरुरत पूरी करना मुश्किल हो रहा है, तो फिर नए एरिया में इनके विकास के लिए धन कहां से लाया जाएगा? विकास में निरंतरता का अभाव है. सामूहिकता से ज्यादा व्यक्तिवादी सोच और सपना विकास प्रक्रिया पर हावी दिखाई पड़ता है।

पुराना बचाइए और साथ ही नया बनाइये. जब बुनियाद ही कमजोर होगी तो फिर नया भी इसी बुनियाद पर खड़ा होगा. फिर भविष्य में नई शुरुआत का सपना दिखाया जाएगा. जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो. अच्छे काम को पुरुस्कृत किया जाए और गलती के लिए दंड मिले, तभी वर्तमान चमकेगा. इसी चमक से भविष्य की चमक बढ़ेगी. केवल सपने से परिणाम नहीं मिल पाएंगे।

# पूरी दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है मुस्लिम आबादी, ईसाई घट रहे, हिंदू आबादी स्थिर

**(नीरज कुमार दुबे )**

हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट हाउ द ग्लोबल रिलीजन लैडस्कैप चैंज फार्म 2010 एण्ड 2020 ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है।

अक्सर कहा जाता है कि भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या में तेज वृद्धि हो रही है लेकिन अब जो आंकड़े सामने आये हैं वह दर्शा रहे हैं कि पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी में सबसे तेज वृद्धि हो रही है। आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है और 2070 के बाद मुस्लिम जनसंख्या ईसाइयों से आगे निकल सकती है। यह परिवर्तन न केवल सांख्यिकीय रूप से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे विश्व को प्रभावित करेगा।

हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट हाउ द ग्लोबल रिलीजन लैडस्कैप चैंज फार्म 2010 एण्ड 2020 ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला धार्मिक समुदाय मुस्लिम समुदाय है। रिपोर्ट के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या में हुई वृद्धि ने अन्य सभी धर्मों को पीछे छोड़ दिया है।

रिपोर्ट कहती है कि 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या 347 मिलियन (34.7 करोड़) बढ़ी, जोकि अन्य सभी धर्मों की सम्मिलित वृद्धि से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 25.6 प्रतिशत हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से युवा आबादी और उच्च प्रजनन दर के कारण हुई। रिपोर्ट कहती है कि 2010 में ईसाई वैश्विक आबादी का 30.6 प्रतिशत थे, जो 2020 में घटकर 28.8 प्रतिशत रह गए। इस गिरावट का मुख्य कारण था धार्मिक त्याग, जिसमें खासतौर पर लोग पश्चिमी देशों में ईसाई धर्म को छोड़ रहे हैं।

वहीं रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक हिंदू आबादी लगभग 1.2 अरब हो गई है (2010 में 1.1 अरब थी), यानी 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि हिंदुओं का वैश्विक प्रतिशत 15 प्रतिशत से मामूली घटकर 14.9 प्रतिशत हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं की प्रजनन दर वैश्विक औसत के अनुरूप है और धर्मांतरण की दर भी बहुत कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक दुनिया के 95 प्रतिशत हिंदू भारत में रहते हैं।

इसके अलावा, 'नो-रिलिजन' वर्ग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धार्मिक रूप से असंलग्न लोगों की संख्या 270 मिलियन बढ़कर 1.9 अरब हो गई है और इनका वैश्विक हिस्सा 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं प्रमुख धर्मों में केवल बौद्ध धर्म की आबादी 2010 की तुलना में 2020 में कम रही। 2010 में बौद्ध वैश्विक जनसंख्या का 4.9 प्रतिशत थे, पर 2020 में यह घट गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हिंदुओं की आबादी 2010 के 80 प्रतिशत से घटकर 2020 में 79 प्रतिशत हो गई है। वहीं भारत में मुस्लिम आबादी 2010 के 14.3 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 15.2 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि भी मुख्य रूप से प्रजनन दर और युवा जनसंख्या के कारण है, न कि धर्मांतरण से। हालांकि भारत में मुस्लिमों की यह वृद्धि अन्य दक्षिण एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश की तुलना में धीमी है, पर फिर भी यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय परिवर्तन है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में दुनिया की कुल मुस्लिम आबादी में से 35 प्रतिशत मुसलमान 15 वर्ष से कम आयु के थे। उल्लेखनीय है कि इतनी युवा जनसंख्या होने के कारण जन्म दर अधिक बनी रहती है, जिससे आबादी तेजी से बढ़ती है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं की औसत प्रजनन दर अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में अधिक है। इससे मुस्लिम जनसंख्या की प्राकृतिक विकास दर भी अधिक होती है। साथ ही, रिपोर्ट कहती है कि मुस्लिमों में धर्म छोड़ने वालों की संख्या और अन्य धर्मों से इस्लाम अपनाने वालों की संख्या लगभग बराबर है। यानी धार्मिक स्विचिंग का असर नगण्य है, जिससे शुद्ध जनसंख्या वृद्धि केवल जन्म के कारण होती है। इसके अलावा, रिपोर्ट के मुताबिक केवल 1त्न वयस्क ही अपने जन्मजात धर्म से अलग होकर अन्य धर्म अपनाते हैं, विशेष रूप से हिंदू और मुसलमान, इन दोनों समुदायों में धर्म-परिवर्तन की दर अत्यंत कम है।

बहरहाल, पीई2 रिसर्च की यह रिपोर्ट दर्शाती है कि आने वाले दशकों में विश्व की धार्मिक जनसंख्या संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं क्योंकि मुस्लिम आबादी में तेज़ वृद्धि जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा, ईसाई समुदाय के समक्ष चुनौतियाँ बढ़ेंगी, खासकर यूरोप और अमेरिका में। रिपोर्ट के मुताबिक हिंदू समुदाय वैश्विक रूप से स्थिर रहेगा, परंतु भारत के भीतर उसके अनुपात में धीरे-धीरे गिरावट संभव है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह रिपोर्ट न केवल जनसांख्यिकी विश्लेषण, बल्कि नीति-निर्धारण, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक सहिष्णुता के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# लाल सागर के रास्ते तेजी से बढता गजवा-ए-दुनिया

**लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाकर अपनी तानाशाही का परचम फहराने वाले इस संगठन के पास बुर्कान श्रृंखला की बैलिस्टिक मिसाइल, कुद्स-1 क्रूज मिसाइल, अल-मंदब-1 एंटी-शिप मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली सैय्यद-2सी मिसाइल, ड्रोन, विस्तारित-रेंज वाले मानव रहित यूएवी, स्कड, ओटीआर-21 तोचका मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर, एयर डिफेंस सिस्टम, एस 358 मिसाइल, रॉकेट मिसाइल, राडर से चलने वाली मिसाइल, यूएस एमक्यू-9 रीपर ड्रोन, एयर-लॉन्च स्टैंड-ऑफ मुनिशन, बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स, थाक्यूब 1, थाक्यूब 2, थाक्यूब 3 सहित जमीन से हवा में, हवा से हवा में तथा हवा से जमीन में मार करने वाली बेहद खतरनाक मिसाइलों सहित एयर डिफेन्स सिस्टम आदि का भण्डार है जिसमें निरंतर इजाफा होता जा रहा है।**

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

दुनिया के अनेक राष्ट्रों ने आतंकवादियों आड लेकर अपने देश में अघोषित सैनिकों की एक सशक्त शाखा स्थापित कर रखी है जिसके पास आधुनिक हथियार, नवीनतम तकनीक और असीमित संसाधन हैं। वर्तमान में ईरान के माध्यम से यमन की धरती पर हूती विद्रोहियों के नाम का एक ऐसा ही संगठन विकसित राष्ट्रों तक को धमकाने में लगा है। लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाकर अपनी तानाशाही का परचम फहराने वाले इस संगठन के पास बुर्कान श्रृंखला की बैलिस्टिक मिसाइल, कुद्स-1 क्रूज मिसाइल, अल-मंदब-1 एंटी-शिप मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली सैय्यद-2सी मिसाइल, ड्रोन, विस्तारित-रेंज वाले मानव रहित यूएवी, स्कड, ओटीआर-21 तोचका मिसाइल, रॉकेट लॉन्चर, एयर डिफेंस सिस्टम, एस 358 मिसाइल, रॉकेट मिसाइल, राडर से चलने वाली मिसाइल, यूएस एमक्यू-9 रीपर ड्रोन, एयर-लॉन्च स्टैंड-ऑफ मुनिशन, बी -2 स्टील्थ बॉम्बर्स, थाक्यूब 1, थाक्यूब 2, थाक्यूब 3 सहित जमीन से हवा में, हवा से हवा में तथा हवा से जमीन में मार करने वाली बेहद खतरनाक मिसाइलों सहित एयर डिफेन्स सिस्टम आदि का भण्डार है जिसमें निरंतर इजाफा होता जा रहा है। अनेक राष्ट्र पर्दे के पीछे से इस आतंकी संगठन को हथियार, तकनीक और साधन मुहैया करा रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि पाकिस्तान से ईरान को मिलने वाली परमाणु हथियारों की तकनीक, सहयोग और पदार्थों से निर्मित होने वाले अनेक अतिघातक शस्त्र भी हूती के पास पहुंच गये हैं जिनका उपयोग इजरायल एवं उसके सहयोगी देशों पर किया जा रहा है। इस आतंकवादी संगठन का प्रमुख अब्दुल मलिक अल-हूती तो खुलेआम आतंक के नाम पर दुनिया को धमकाने में लगा है। वर्तमान में लाल सागर से होकर




गुजरने वाले जहाजों को अपने ट्रैकिंग सिस्टम पर स्वयं को मुसलमान होने तथा इजरायल से कोई संबंध न होने का संदेश प्रसारित करना पड रहा है। सूत्रों की मानें तो इस्लाम का आतंक चरम सीमा पर पहुंचाने की गरज से हूती सहित अन्य इस्लामिक आतंकी संगठनों ने एक साथ मिलकर गजवा-ए-दुनिया के ख्वाब को पूरा करने के लिए कमर कस ली है। आश्चर्य होता है कि अमेरिका की चौधराहट भी इस्लामिक आंतकवाद के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में आ जाती है।

परमाणु क्षमता की दम पर आतंकियों को संरक्षण देने वाला पाकिस्तान आज अमेरिका का सबसे चहेता बना हुआ है। विश्वबैंक से कर्जा दिलवाने से लेकर उसे राजनैतिक संरक्षण देने तक में ट्रंप कार्ड की भागीदारी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। गाजा के हालातों पर मानवीय संवेदनाओं की आड लेकर हमास का कवच बनने वाले राष्ट्रों को वहां के निवासियों का आतंकी प्रेम जानबूझकर नहीं दिख रहा है। वहां के निवासियों के सामने उनके बीबी-बच्चों की मौत हो रही है परन्तु वे अपनी कट्टरपंथी मानसिकता का प्रमाण देते हुए हमास को बेनकाब नहीं होने दे रहे हैं। आतंकियों को अपने आंचल में छुपाये बैठे हैं। जब अपहरित इजरायलियों को तडफा तडफा कर मौत दी जा रही थी तब वहां के निवासी जश्न मनाते रहे। मानवता को कफन में लपेटा जाता रहा और वे ठहाके लगाते रहे। किन्तु जब कट्टरवादियों के जिस्मों पर कफन लपेटा जाने लगा तब उन्होंने हमास को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अपने लिए मानवता का नारा बुलन्द किया। जब विश्व स्वास्थ्य संगठन के लोग हमास के साथ मिलकर आंतक फैलाने में सहयोग कर रहे थे तब मानवता की परिभाषा को अर्थहीन बना दिया गया था। कट्टरता परोसने वाली जमातें अब पैसों की दम पर हथियार, हथियारों की दम पर आतंक और आतंक की दम पर सल्तनत हासिल करने में लगीं हैं। लाल सागर होकर गुजरने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों ने हूती के आतंक को सलाम करने के लिए खुद को मुसलमान और सुरक्षा के लिए इजरायल से संबंध न होने की घोषणायें करना शुरू कर दीं है।

वह दिन दूर नहीं जब हथियारों के सामने गैर मुसलमानों को कलमा पढने के लिए मजबूर किया जायेगा, जबरन निकाह के कबूलनामे पर दस्तख़त करवाये जायेंगे और कराया जायेगा आंतक के साये तले इस्लाम का नारा बुलंद। पाकिस्तान से आने वाले वहां के अघोषित सैन्य अधिकारियों ने जिस तरह से पहलगाम में धर्म पूछकर हत्यायें की थी उसी तरह से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों को भी हूतियों की जमातों के सामने इजरायल विरोधी और मुसलमान होने के प्रमाण देने होंगे। ऐसा न कर पाने की स्थिति में उन्हें तडफ-तडफ कर मरने के लिए तैयार रहना होगा। यह सब अल्लाह को नहीं मुल्ला को मंजूर है। ऐसे मुल्लाओं की तादात में दिन-ब-दिन इजाफा होता जा रहा है। दुनिया के कोने-कोने से गैर मुसलमानों पर हो रहे जुल्मों की दस्तानें सुनाई दे रहीं हैं। वहां की सरकारें कानों में तेल डाले बैठीं हैं। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन मौन हैं। आतंकियों के जुल्मों को मुस्लिम सम्प्रदाय खुलकर समर्थन दे रहा है। न्याय, मानवता और संवेदनाओं को हलाल कर चुके लोगों के सामने बहता खून, गूंजती चीखें और तडफते जिस्म ही उनका जश्न-ए-मुबारक बन चुका है। हजारों की संख्या में इस्लामिक आतंकी संगठनों ने दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। सशक्त राष्ट्र भी निजी स्वार्थों के लिए आस्तीन में सांप पालने की होड में शामिल हैं। ऐसे में हूती के फरमान पर सिर झुकारने वाले जहाजों ने आतंकियों के हौसलों को बुलंद करना शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोर की मौत, गांव में पसरा मातम

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साधपुर गांव में सोमवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक 10 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के रतनलाल महतो के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया। परिजनों ने बताया कि शिवम दोपहर में गांव के अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेल रहा था, तभी मौसम अचानक बिगड़ गया। बारिश के साथ आसमान में भीषण गर्जना शुरू हो गई। तेज आवाज से घबराकर शिवम एक पेड़ के नीचे जाकर छिप गया। उसी दौरान अचानक उसी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। बिजली की चपेट में आने से शिवम बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही गिर पड़ा। परिजन व ग्रामीण आनन-फानन में उसे लेकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दाउदपुर थाने की पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। उधर शिवम की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मशरक सीएचसी में एक्स-रे मशीन महीनों से खराब, मरीज परेशान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में पिछले एक महीने से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उमसभरी गर्मी में मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर का रुख करना पड़ता है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। लगभग दो लाख की आबादी को सेवाएं देने वाला यह सीएचसी हर दिन 50-100 मरीजों की ओपीडी संभालता है, लेकिन जर्जर मशीनों और सीमित संसाधनों के कारण चिकित्सकों को भी मुश्किलें आ रही हैं। मरीजों को फेफड़ों और अन्य बीमारियों की जांच के लिए एक्स-रे की जरूरत पड़ती है, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। गोपालवाड़ी के पप्पू सिंह, सेमरी के समाजसेवी महेश्वर सिंह और पूरब टोला के शुभनारायण सिंह ने मशीन खराब होने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि ऐसी गर्मी में मशीन का खराब रहना विभागीय लापरवाही का संकेत है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि मशीन की मरम्मत व डिजिटल एक्स-रे मशीन के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया गया है।

### मृतकों के नाम भी वोटर लिस्ट में शामिल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्राथमिक कृषि साख समिति अर्थात पैक्स चुनाव के लिए जिले के नगर निकाय क्षेत्र के पैक्सों के चुनाव में नामांकन की तिथि भी समाप्त हो गयी। लेकिन अभी तक पैक्स के प्रकाशित मतदाता सूची के दावा आपति का निष्पादन नही किया जा सका है। अब नतीजा यह है कि पैक्स चुनाव में मृतक भी वोट डालेंगे। यह मामला है नगर निगम के पिपरा पकड़ी पैक्स का। नगर निकाय के लंबित पड़े पैक्सों में आगामी 25 जुलाई को वोटिंग होनी है। इसके लिए सूचना जारीहोने के बाद चुनाव की प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। लेकिन प्रकाशित मतदाता सूची के प्रति दावा आपति करनेवाला आवेदक अभी भी संबंधित अधिकारियों के पास मतदाता सूची में संशोधन के लिए दौड़ लगा रहा है। लेकिन अभी तक मतदाता सूची में संशोधन नही किया गया है। आपतिकर्ता रामभरोस महतो ने जिलाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर मतदाता सूची पर आपति दर्ज कराया था। उन्होंने आवेदन में पिपरा पकड़ी पैक्स की प्रकाशित मतदाता सूची में करीब 66 वैसे सदस्यों का नाम दशार्या है जिनकी मृत्यु मतदाता सूची प्रकाशित किये जाने के वर्षो पूर्व हो चुकी है। इसके अलावे अन्य कई भी आपति दर्ज कराया था कि दूसरे पैक्स के सदस्यों का नाम भी मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। वहीं कई ऐसे सदस्य भी शामिल है जिनकी शादी हो चुकी है और वे अपने ससुराल में रह रहे है। दावा आपति प्राप्ति के बाद जो मतदाता सूची प्रकाशित की गयी उसमें भी इन मृतको के नाम को शामिल रखा गया है। बहरहाल, जांचकर्ताओं के भूमिका पर संदेह जताया जा रहा है। आखिरकार किस प्रभाव में आकर इन अधिकारियों द्वारा आपति निराकरण में उदासीनता बरती गयी है। यह जांच का विषय बन गया है।

### बारिश के बाद घंटो बिजली आपूर्ति ठप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में रविवार की शाम करीब सात बजे वर्षा शुरू होते हीं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि बारिश खत्म होने के बाद रात्रि करीब एक बजे शहर की बिजली आपूर्ति बहाल हुई। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में पूरी रात बिजली गायब रही। जिससे उमस भरी गर्मी में लोगो को काफी परेशानी हुई। पुरैनिया हरसरी पंचायत के मुखिया अजित कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे, जितेन्द्र गिरी,बृजेश साह, दीपू पासवान, राजकिशोर गिरी, महेंद्र पासवान, भूली पांडेय, छोटू पासवान आदि ने बताया कि हरसरी समेत आसपास के गाव में रविवार की शाम करीब पांच बजे बजली आपूर्ति ठप हो गईं जो सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे आपूर्ति बहाल हुई। मुखिया ने बताया कि बिजली कटने के साथ जेई और स्थानीय कर्मियो का मोबाइल बन्द हो जाता है। जिसके चलते उपभोक्ताओ को बिजली से संबंधित सूचना नही मिल पाती है। उन्होंने जेई व कर्मियो की इस लापरवाही की शिकायत बिजली एसडीओ से की है। मुखिया श्री दुबे ने ये भी कहा कि कर्मियो की लापरवाही व उनके द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से मोटर चलवा कर अवैध उगाही किया जाता है। जिसकी शिकायत एसडीओ से की गई है। वही दूसरी तरफ अंजुआ, चतुर्भुजवा, मुरली, सुगौली, पीपरा, बनवरिया, मनवा, राजपुर, बरवा बरौली, सोनासती, मठीया समेत कई गांवों में करीब 14 से 15 घंटे बिजली गुल रही। विभाग की मानें तो वर्षा होने के चलते कुछ जगहों पर फॉल्ट हो गई। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बंद थी। बिजली एसडीओ चंदन कुमार ने बताया कि बारिश के चलते रामनगर से मिलने वाली 33 हजार केवीए में फॉल्ट आने के करण आपूर्ति ठप रही। हालांकि उसे ठीक करते हुए शहरी क्षेत्र में देर रात करीब एक बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई है। वही ग्रामीण क्षेत्र में साठी फीडर में नया इंसुलेटर पंचर हो गया था उसे ठीक करते हुए सोमवार की दोपहर तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

## पवित्र सावन माह की पहली सोमवारी को आम्रेश्वर धाम में हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने भोलेनाथ को किया जलार्पण

**श्रावणी मेले में जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम**



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावण माह के पहले सोमवार को आज दूर-दराज के क्षेत्रों से आये हजारों की संख्या में आए शिवभक्तों ने आम्रेश्वर धाम मंदिर, खूंटी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रातः लगभग चार बजे जैसे ही भेलेनाथ और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा धाम परिसर बोल बम, हर हर महादेव के जयकारों से गुंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति ने बताया कि लगभग 20 हजार की संख्या में शिवभक्तों, जिसमें महिला पुरूष एवं बच्चों ने आज जलार्पण किया। एक महीना तक चलने वाले श्रावणी मेले में शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। मौके पर पुलिस, जैप और अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तोरपा, कर्रा, खूंटी और मुरहू थाना की पुलिस के अलवा महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में प्रबंधन समिति एवं नगर पंचायत के सफाई कर्मी मुस्तैद हैं। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम के पदधिकारी और वॉलेंटियर्स भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं ताकि यहां आने वाले शिवभक्तों को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की पहली सोमवारी पर मशरक के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही राम-जानकी शिव मंदिर, कनक मंदिर, स्टेशन शिव मंदिर, सोनौली, मदारपुर और डुमरसन समेत तमाम शिवालयों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के बीच शिवलिंग का गंगाजल, दूध, दही, शहद से अभिषेक किया और बेलपत्र, भांग, धतूरा अर्पित किए। टुन्ना बाबा के अनुसार सावन माह में रूद्राभिषेक से घर में सुख-समृद्धि आती है। महिलाओं ने व्रत रखकर शिव की पूजा की, मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और मंत्रोच्चार से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन में की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## अवैध क्लिनिक व अस्पताल के संचालन पर करें कार्रवाई, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाएं : उपायुक्त

**संस्थागत प्रसव की कमी पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी**




**निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों में होने वाले प्रसव व स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की 2 सप्ताह में सौंपे विस्तृत रिपोर्ट**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त समीरा एस ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। सोमवार को पलामू समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, बीपीएम व डीपीएम को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने नागरिकों, माताओं व बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करने व स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए शत प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित करने व स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर बुनियादी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एनिमिया आदि सभी तरह की जांच, ससमय आयरन व फोलिक एसिड टैबलेट्स देने, बीसीजी, हेपेटाइटिस, ओपीभी (पोलियो) टीकाकरण आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव के प्रस्तुत किये गये डेटा में भिन्नता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम व डीपीएम को स्पष्ट निर्देश दिया कि यहां गये, वहां गये, ऐसा, वैसा रिपोर्ट नहीं चलेगा। उन्होंने विशेषकर संस्थागत प्रसव की कमी पर नाराजगी जताई। समीक्षा के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव का डेटा 62 प्रतिशत पाया। इस पर नाराजगी जताते हुए पूछा - गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों के साथ कहां हो रहा है। निजी वैध क्लिनिक व स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले प्रसव का डेटा संग्रह भी करना सुनिश्चित करें। अगर अवैध व बिना रजिस्ट्रेशन क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच के लिए चिकित्सा पदाधिकारी खूद सक्षम हैं। उन्होंने अवैध संचालन पर रोक लगाने व उसके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया। साथ वैध क्लिनिक व अस्पतालों की सूची संबंधी रिपोर्ट भी सौंपने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निजी क्लिनिक व अस्पतालों में होने वाले प्रसव एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों से संबंधित 2 सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पतालों में रखरखाव के संकल्प का अध्ययन कर उसके प्रावधानों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आवश्यकता अनुरूप आवश्यक सामग्री व उपकरणों की खरीदारी करें। लेकिन बिना जरूरत वाली सामग्री की खरीद कदापि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्पतालों में दवा, बिजली, पेयजल, शौचालय, रंगरोगन, चारदीवारी आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने डीपीएम को बुनियादी सुविधाएं बहाल करने व समय- समय पर इसका मूल्यांकन करते रहने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय कर आंगनबाड़ी सेविका, सहिया के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने हेतु जागरूक करते हुए उनका शत प्रतिशत जांच एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयुष्मान से प्राप्त 75 प्रतिशत आय अपने संस्थान के रखरखाव एवं अन्य कार्यों में उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को एक मुश्त राशि उपलब्ध करा दी गई है। इससे सभी चिकित्सा पदाधिकारी अपने संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. विजय सिंह, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, बीपीएम बीएएम आदि उपस्थित थे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पत्नी के हत्यारे को सश्रम आजीवन कारावास की सुनाई सजा




**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को पत्नी रेहाना के हत्यारे पाटन थाना क्षेत्र के सोले निवासी सैनुल अंसारी को धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने हत्यारे पर दस हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक साल का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने इसके अलावा धारा 201 के तहत सैनुल अंसारी को 7 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस संबंध में मृतक रेहाना के भाई ऐनुल अंसारी ने पाटन थाना में 19 जुलाई 2020 को कांड संख्या 83/2020 के तहत धारा 302/ 201/ 12ऊ इक्ठ के तहत मामला दर्ज कराया था। इसमें मृतक रेहाना के भाई पाटन थाना क्षेत्र के खैरादोहर निवासी ऐनुल अंसारी ने पाटन थाने में लिखित आवेदन में कहा था कि रेहाना की शादी फरवरी 2019 में सैनुल अंसारी के साथ किया था। शादी के बाद उसके बहनोई सैनुल अंसारी एक लाख रुपए का डिमांड कर रहा था। नहीं देने पर उसकी बहन के साथ लगातार मारपीट किया जाता था। साथ ही उसे प्रताड़ित किया जाता था। वे अपने लोगों के साथ बहनोई सैनुल अंसारी के घर गया व मारपीट व प्रताड़ित नहीं करने को ले समझौता कराया। उसका बहनोई सैनुल अंसारी एक लाख रुपए के डिमांड पर अड़ा रहा। इसके बाद उसने किसी तरह राशि की व्यवस्था कर 50 हजार रुपए बहनोई सैनुल अंसारी को दिया। इसके बाद भी वह बहन रेहाना को प्रताड़ित करता रहा। उसकी बहन ने बताया था कि उसका पति का चरित्र गलत है। किसी भी दिन उसकी (बहन की) हत्या हो सकती है। कहा कि वह 18 जुलाई की शाम 3 बजे बहन को लेने उसके घर गए तो देखा कि घर में बहन नहीं है। बहनोई से पूछा तो बताया कि उसे जो करना था वह कर दिया। अब आपको जो करना है वह करें। साथ ही उसे अपने घर से भगा दिया। वह लौट कर अपने घर जाने लगा तो देखा कि सोले गांव में ही एक जगह कुआं के पास ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। पास जाकर देखा तो उसकी बहन को मारकर कुआं में शव को डाल दिया गया था। इधर हत्यारा सैनुल ने पुलिस के समक्ष अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना जुर्म स्वीकार किया था।

> **धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास व दस हजार रुपए जुमार्ना, जुर्माना नहीं देने पर 1 साल का अतिरिक्त सश्रम कारावास की हुई सजा**
>
> **धारा 201 के तहत 7 साल का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए का जुर्माना, जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की हुई सजा**

## रंजीत भुईयां बने हम पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व अजित जिला कोषाध्यक्ष

**हम पार्टी सेक्युलर का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में हम पार्टी सेक्युलर का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी व संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष चन्दन कुमार भुईयां ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी सुनील चौबे व विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश सचिव युवा मोर्चा नवनीत कुमार राय, मिथिलेश कुमार व विरेन्द्र पांडेय उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला कमेटी का संगठनात्मक विस्तार किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अजित भुईयां को पलामू जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। रंजीत कुमार भुईयां को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। ओम प्रकाश को पाटन प्रखंड अध्यक्ष व विकास कुमार को चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही संगठन मजबूत बनाने में सहयोग करने व अविलंब कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील चौबे ने कहा कि हम पार्टी सेक्युलर भारत की एकमात्र पार्टी है जो गरीबों को एकजुट करते हुए उनका भला करना चाहती है। पार्टी नेता जीतनराम मांझी का नारा है कि भारत के गरीबों एक हो। जाति के बंधन से उठकर सभी गरीबों के उत्थान की बात हम पार्टी करती है। आने वाले दिनों में बिहार के साथ- साथ झारखंड में भी संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही साथ विधानसभा चुनाव में परचम लहराया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकताओं को कई टिप्स दिए। जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि पलामू जिला में व्याप्त समस्याओं को लेकर हम पार्टी सेक्युलर हमेशा मुखर होकर आंदोलन चलाती है। जनता के आशीर्वाद से आने वाले समय में हम पार्टी काफी मजबूती से उभरेगी। आज भारत के गरीबों में जीतनराम मांझी पर अटूट विश्वास व श्रद्धा है। उन्होंने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को अविलंब कमेटी गठित करने व सांगठनिक विस्तार करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला महासचिव भरत द्विवेदी, मनिका विधानसभा के प्रत्याशी अतुल सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा कुशवाहा, एससी-एसटी मोर्चा अध्यक्ष रमेश उरांव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद अमजद खान, जिला सचिव वारिस आलम, जिला संगठन सचिव उमेश ने संबोधित किया। साथ ही पार्टी की सांगठनिक ढांचा मजबूत बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर युवा नेता अयान, ओम प्रकाश, विकास कुमार, चंदन कुमार भुईयां समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## फुलवारी शरीफ में इंटर पास छात्र को रहस्यमय हालात में गोली लगी, हालत नाजुक

**घायल युवक एम्स में भर्ती, पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी, मामला संदिग्ध**






**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. ताजा मामला फुलवारी शरीफ का है, जहां रविवार की आधी रात को रहस्यमय परिस्थितियों में एक इंटर पास छात्र को गोली लग गई. घटना फुलवारी शरीफ के अलीमजान नगर मोहल्ले में घटी, जब छात्र को उसके घर के पास गोली मार दी गई. घायल छात्र की पहचान नया टोला, अलीमजान नगर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद रेहान के रूप में हुई है. फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है. गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले तो मोहम्मद रेहान खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला. परिजन उसे पहले एक निजी अस्पताल और फिर गंभीर हालत में एम्स पटना लेकर पहुंचे. डॉक्टरों के अनुसार, रेहान को पेट और सीने के निचले हिस्से में गोली लगी है और स्थिति नाजुक बनी हुई है. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम मौके पर पहुंचे और रेहान के घरवालों से पूछताछ की. थाना अध्यक्ष ने बताया कि परिजन यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि गोली कैसे लगी. कुछ लोगों को शुरूआत में यह बताया गया कि छात्र को पेट में दर्द है, लेकिन एम्स पहुंचने पर जांच में गोली लगने की पुष्टि हुई. थाना अध्यक्ष ने बताया कि जब रेहान की मां से पूछताछ की गई तो उन्होंने घटनास्थल घर से लगभग 20 मीटर दूरी पर बताया. लेकिन जब पुलिस उस जगह जांच करने पहुंची तो न तो वहां खून के कोई निशान मिले और न ही ऐसा कोई प्रमाण मिला जिससे यह लगे कि वहीं घटना हुई है. इलाके के किसी भी व्यक्ति ने गोली चलने की आवाज की पुष्टि नहीं की है. फुलवारी शरीफ पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है. पुलिस को छात्र का आधार कार्ड और इंटरमीडिएट स्कूल प्रमाणपत्र मिला है, जिससे पुष्टि हुई कि उसने फुलवारी शरीफ हाई स्कूल से इंटर पास किया है. फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुशील कुमार ने बताया कि यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है. हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जब तक छात्र होश में नहीं आता और बयान देने की स्थिति में नहीं होता, तब तक सटीक कारण का पता लगाना मुश्किल है. उसके बयान के बाद ही इस मामले का खुलासा हो सकेगा. स्थानीय लोगों के अनुसार, गोली चलने की बात किसी ने प्रत्यक्ष रूप से नहीं सुनी, लेकिन कुछ लोग यह भी मान रहे हैं कि उसे किसी ने निशाना बनाकर गोली मारी. इसी के चलते पुलिस आत्म-गोली चलने की आशंका समेत सभी संभावनाओं पर जांच कर रही है.

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार बीडीसी सदस्य को रौंदा, मौके पर हुई मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने छपरा-पटना मार्ग किया जाम**





**छपरा/डोरीगंज (सारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर प्रखंड के महाराजगंज निवासी बीडीसी सदस्य धर्मनाथ गुप्ता (50) की सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे दोपहर करीब 12:30 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी खलपुरा चौक के पास छपरा की ओर जा रही एक ट्रक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मनाथ गुप्ता बाइक समेत ट्रक के नीचे चले गए। ट्रक उन्हें कुछ दूरी तक घसीटते हुए ले गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आक्रोशित होकर छपरा-पटना मुख्य मार्ग को लगभग डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया। स्थिति को देखते हुए डोरीगंज और मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद आनंद, महाराजगंज मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर चौधरी व यातायात पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। घटना के बाद से इलाके में शोक व आक्रोश का माहौल है।

CMYK

## थोक कीमतें जून में 0.13 प्रतिशत घटीं

- खाद्य पदार्थों व ईंधन के सस्ता होने से 15 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की थोक मुद्रास्फीति जून में सालाना आधार पर घटकर 0.13 प्रतिशत रह गई। यह अक्तूबर 2023 के बाद से थोक महंगाई की सबसे कम दर है। सरकार की ओर से सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। इससे पहले, मई में थोक महंगाई दर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत पर आ गई थी। अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में जून में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति



में मामूली वृद्धि के साथ 0.52 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। थोक मुद्रास्फीति में 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति इस महीने 1.97 प्रतिशत रही। प्राथमिक वस्तुओं की महंगाई दर जून में 3.38 प्रतिशत रही। मई में यह 2.02 प्रतिशत थी।
इस बीच, ईंधन और बिजली के मामले में मुद्रास्फीति पिछले महीने के 22.27 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 2.65 प्रतिशत रह गई। इससे पहले, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति मई 2025 में छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई थी। इसमें अप्रैल की तुलना में 34 आधार अंकों की गिरावट देखी गई थी। यह आंकड़ा फरवरी 2019 के बाद से दर्ज सबसे कम वार्षिक मुद्रास्फीति दर है।

### सावन के पहले सोमवार को घर से निकलने से पहले चेक करें पेट्रोल-डीजल के रेट

## कच्चा तेल 70 डॉलर के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर 70 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई हैं। सावन के पहले सोमवार को घर से निकलने से पहले पेट्रोल-डीजल के रेट जरूर चेक कर लें। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने रोजाना की तरह पेट्रोल-डीजल के रेट आज सुबह छह बजे ही अपडेट कर दी हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल



के रेट में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। यहां नई दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर बिक रहा है।
ब्लूमबर्ग के मुताबिक सोमवार 14 जलुाई को 0.10 प्रतिशत की बढ़त के बाद ब्रेंट क्रूड वायदा 70.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी 68.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

## सोने में फिर दिख सकती है जबरदस्त तेजी! दो बड़े फैक्टर निभाएंगे अहम भूमिका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमके वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड की रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना फिलहाल कंसोलिडेशन फेज में है यानी दाम स्थिर हैं। आमतौर पर यह उस



स्थिति का संकेत होता है जब सोने की कीमतों में आगे चलकर अच्छी तेजी आ सकती है। आने वाले समय में सोने की कीमतों के लिए दो फैक्टर बड़ा रोल निभाएंगे। इनमें यूएस फेडरल का रेट कट और डॉलर इंडेक्स का मूवमेंट अहम होगा।

# बिटकॉइन बना सकती है दुनिया का सबसे बड़ा गुमनाम रईस

### मस्क से आगे निकल जाएगा यह शख्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे पुरानी, सबसे बड़ी और लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत आज पहली बार 121,000 डॉलर के पार पहुंच गई। अमेरिका में डेफिसिट स्पेंडिंग क्राइसिस के कारण बिटकॉइन में तेजी आ रही है। इस साल इसकी कीमत में 30 प्रतिशत तेजी आ चुकी है। कई प्राइस मॉडल्स के मुताबिक बिटकॉइन की कीमत 200,000 से 10 लाख डॉलर तक पहुंच सकती है। अगर बिटकॉइन की कीमत 370,000 डॉलर पहुंचती है तो इसके क्रिएटर सतोशी नाकामोतो दुनिया के सबसे बड़े रईस बन जाएंगे। अभी एलन मस्क इस गद्दी पर बैठे हैं जिनकी नेटवर्थ 360 अरब डॉलर है।

नाकामोतो को बिटकॉइन का क्रिएटर माना जाता है। हालांकि अभी तक दुनिया में किसी ने भी उसका चेहरा नहीं देखा है। नाकामोतो ने अक्टूबर 2008 में पब्लिक एमआईटी लाइसेंस के तहत बिटकॉइन वाइटपेपर जारी किया था। 3 जनवरी, 2009 को बिटकॉइन के पहले ब्लॉक की ढलाई की गई थी। इसके साथ ही बिटकॉइन नेटवर्क के लॉन्च की औपचारिक शुरुआत हुई थी। इससे क्रिप्टोकरेंसी और ब्लॉकचेन मूवमेंट शुरू हुआ।

### कैसे-कैसे बढ़ी कीमत

माना जाता है कि जनवरी से जुलाई 2009 के बीच नाकामोतो ने 10 लाख से अधिक बिटकॉइन ढाले थे। मौजूदा कीमत के हिसाब से देखें तो नाकामोतो के पास करीब 130 अरब डॉलर के बिटकॉइन हैं।

इस हिसाब वह अभी दुनिया के 12वें सबसे अमीर शख्स हैं। अगर बिटकॉइन की कीमत 370,000 डॉलर पहुंचती है तो नाकामोतो की नेटवर्थ 370 अरब डॉलर पहुंच जाएगी। इस तरह वह मस्क को पछाड़कर दुनिया के सबसे बड़े रईस बन जाएंगे।

बिटकॉइन की कीमत 2010 में 0.5 थी। एक साल बाद यानी 2011 में इसका प्राइस 31.9 पहुंच गई लेकिन 2012 में घटकर 15.4 रह गई। इसमें पहली बड़ी उछाल 2013 में आई और यह 1,241 पहुंच गई। 2014 में यह 1,093 और 2015 में 492 पर आ गई। 2016 में इसकी कीमत 982 पहुंची और 2017 में 19,870।

साल 2018 और 2019 में इसमें गिरावट रही। 2020 में यह 29,298, 2021 में 68,990, 2022 में 48,199, 2023 में 44,697 और 2024 में 108,244 डॉलर पहुंची।

## 10000 के बना दिए डेढ़ लाख रुपये, इस शेयर में रोजाना लग रहा अपर सर्किट, कभी 15 रुपये से कम थी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार सुबह शेयर मार्केट में गिरावट रही। वहीं कई शेयर ऐसे भी रहे जिनमें तेजी देखी गई। ऐसा ही एक शेयर स्टॉक मार्केट में मल्टीबैगर बना हुआ है। देखते ही देखते इस शेयर में गजब की तेजी आई है। इसने 6 महीने से भी कम समय में 10 हजार रुपये के निवेश को डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा में बदल दिया है। साथ ही इसमें रोजाना अपर सर्किट लग रहा है। इस शेयर का नाम आरडीबी रियल एस्टेट कंस्ट्रक्शन लिमिटेड है। आडीबी के शेयर में सोमवार को भी 2 फीसदी का अपर सर्किट लगा। इस तेजी के साथ यह शेयर 235.55 रुपये पर पहुंच गया। कभी इस शेयर की कीमत 15 रुपये से भी कम हुआ करती थी। इस साल 31 जनवरी के बाद से इसमें जबरदस्त तेजी आई है।

**दो महीने में दोगुना रिटर्न-** इस शेयर का एक महीने का रिटर्न जबरदस्त रहा है। इसने एक महीने में करीब 48 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं यह शेयर दो महीने से भी कम समय में निवेशकों को दोगुना रिटर्न दे चुका है। 23 मई को इस शेयर की कीमत 116 रुपये थी। अब यह शेयर 235.55 रुपये पर है। ऐसे में यह शेयर निवेशकों की रकम को दो महीने से भी कम समय में दोगुने से ज्यादा कर चुका है।

### इस साल कर दिया कमाल

आडीबी के शेयर ने इस साल छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। 6 महीने से भी कम समय में इसने 1500 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। 31 जनवरी इस शेयर की कीमत 13.54 रुपये थी यानी 15 रुपये से भी कम। अब इसकी कीमत 235.55 रुपये है।
ऐसे में यह शेयर 6 महीने से भी कम समय में करीब 1640 फीसदी रिटर्न दे चुका है। अगर आपने 31 जनवरी को इसमें 10 हजार रुपये का निवेश किया होता, तो उनकी वैल्यू आज 1.74 लाख रुपये होती। यानी आपको 10 रुपये के निवेश पर 1.64 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

### क्या है कंपनी की कारोबार

इस कंपनी की स्थापना साल 2018 में हुई थी। यह रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ी है। यह कंपनी आरडीबी ग्रुप का हिस्सा है। यह कंपनी रेजिडेंशियल, कमर्शियल और रिटेल सेक्टर के प्रोजेक्ट में डील करती है।

# लखटकिया गोल्ड: भारतीय परिवारों के पास 25000 टन सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोना सिर्फ धन नहीं, यह हमारी पहचान का हिस्सा है। यह वह बेशकीमती उपहार है, जो दादी-नानी शादी में आशीर्वाद के रूप में देती हैं।माता-पिता इसे गुपचुप तरीके से तिजोरी में सहेज कर रखते हैं और जरूरत के समय यही सोना हर परिवार का सहारा बनता है। इस प्रकार, सोना सिर्फ धातु नहीं, बल्कि यादों, परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है।लेकिन, यह बात भी नहीं भूलनी चाहिए कि सोना दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्प भी है। बात जब निवेश की आती है, तो आपको अपने पोर्टफोलियो को संतुलित बनाना भी जरूरी होता है।ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि सोने को सिर्फ घर में रखकर छोड़ देना कितना सही फैसला है।

**भारतीय परिवारों के पास 25,000 टन सोना-** सोना चाहे जेवर के रूप में हो या डिजिटल स्वरूप में, भारतीयों का सोने के प्रति प्यार न केवल भावनात्मक है, बल्कि आर्थिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय परिवारों और संस्थानों के पास कुल मिलाकर लगभग 25,000 टन फिजिकल सोना मौजूद है।इसका अनुमानित मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये है, जबकि डिजिटल सोने की अनुमानित कीमत 4,000 करोड़ रुपये है।इसका मतलब है कि हमारे घरों में दुनिया की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के आधिकारिक स्वर्ण भंडार से भी ज्यादा सोना मौजूद है।

**पोर्टफोलियो में गोल्ड इसलिए जरूरी-** सोना स्थिरता की निशानी है। जब सब कुछ डगमगाता है, तब सोना अडिग रहता है। बाजार की उथलपुथल, महामारी, युद्ध या महंगाई के दौरान यह वित्तीय ढाल की तरह काम करता है।

### विशेषज्ञ से जानिये घर में रखे सोने का क्या करें



वित्तीय सलाहकार आमतौर पर आपके कुल पोर्टफोलियो का 15 से 25 फीसदी सोने में निवेश करने की सलाह देते है।हालांकि, यह हिस्सेदारी आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, निवेश अवधि और समग्र संपत्ति मिश्रण पर निर्भर करती है। 15-25 फीसदी की यह निवेश सीमा आपके पोर्टफोलियो को इक्विटी और अन्य संपत्तियों से वृद्धि की संभावना के साथ सोने से मिलने वाली स्थिरता और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।

**दाम बढ़ रहा हो, तो बेचना कितना सही-** 2015 में सोने की कीमत लगभग 26,343 रुपये प्रति 10 ग्राम थी और अप्रैल, 2025 तक यह करीब 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई।इस प्रकार, सोने ने 10 वर्षों में लगभग 280 फीसदी रिटर्न दिया है।

यह बाजार के अन्य निवेश विकल्पों से कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन है। दुनियाभर में चल रहे उथल-पुथल के चलते आने वाले साल में सोने में 20-30 फीसदी और तेजी का अनुमान है। इस ताबड़तोड़ तेजी के बीच लोगों के मन में सोना बेचने का विचार आता है। हालांकि, सोने को बेचना आपकी वित्तीय जरूरतों पर निर्भर करता है। लेकिन, सही कीमत पाने के लिए आपको जेवर को हॉलमार्क कराना होगा।

### शेयर बढ़ने पर बेच देते हैं, तो सोना क्यों नहीं

सोना सिर्फ धातु नहीं, भावनाओं का खजाना है। सोने की चेन आपको मां की याद दिला सकती है। आपकी तिजोरी में जो सोने का सिक्का रखा है, अब आपको अपने बच्चे की पैदाइश याद दिला सकता है। यही कारण है कि सोने को बेचना हमें अपनी विरासत से बिछड़ने जैसा लग सकता है। लेकिन, ध्यान रखें कि सोना एक संपत्ति भी है और शेयरों की तरह इसका मूल्यांकन करना जरूरी है। अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो भाव बढ़ने पर शेयर बेच देते हैं।लेकिन, सोना बेचना नहीं चाहते।ऐसे में आप गोल्ड लोन ले सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास डिजिटल सोना है, तो आप इसे गोल्ड एफडी स्कीम में डालकर सालाना 2.5 फीसदी ब्याज कमा सकते हैं।

### डिजिटल दौर में गोल्ड में निवेश के कईविकल्प

सोना खरीदने के लिए आमतौर पर हम सुनार के पास जाते हैं। लेकिन, गहनों के साथ मेकिंग चार्ज जुड़े होते हैं, ऐसे में निवेश के लिए गहने खरीदने की सलाह नहीं दी जाती। आज के डिजिटल दौर में हमारे पास सोने में निवेश के कुछ खास विकल्प भी हैं। आप डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।आप 100 रुपये जितनी कम राशि से भी सोना खरीद सकते हैं।

# भारत की लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री 3-5 वर्षों में 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने संशोधित सरेंडर वैल्यू नियमों, कम क्रेडिट लाइफ सेल्स और ग्रुप सिंगल प्रीमियम के प्रभाव के बीच जून में 41,117.1 करोड़ रुपए के नए बिजनेस प्रीमियम रजिस्टर किए। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री अगले तीन से पांच वर्षों में 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ता रहेगा, जो प्रोडक्ट इनोवेशन के साथ-साथ सहायक नियमों, तेज डिजिटलीकरण, प्रभावी वितरण और बेहतर ग्राहक सेवाओं के कारण संभव होगा।




जून में, एनुअल प्रीमियम इक्विवेलेंट (एपीई) में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 20.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी वृद्धि दर है। रिपोर्ट के अनुसार, एपीई के संदर्भ में, इंडस्ट्री जून 2023 और जून 2025 के बीच 11.0 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ी। इस अवधि के दौरान, निजी बीमा कंपनियों की वृद्धि दर 15.4 प्रतिशत रही।

केयरएज रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर सौरभ भालेराव ने कहा, पहली तिमाही आमतौर पर जीवन बीमा क्षेत्र के लिए एक धीमी अवधि होती है, क्योंकि यह वित्त वर्ष के अंत के बाद आती है, जब अधिकांश रिटेल कस्टमर आखिरी समय में जल्दबाजी में पॉलिसी खरीद चुके होते हैं। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में तिमाही आधार पर वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही है, जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 22.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसका मुख्य कारण उपभोक्ता मांग में कमी और संशोधित सरेंडर वैल्यू दिशानिर्देशों का प्रभाव रहा।

भालेराव ने कहा कि एलआईसी और निजी कंपनियों ने इंडिविजुअल सिंगल और नॉन-सिंगल प्रीमियम में प्रीमियम वृद्धि दर्ज की है, जो दर्शाता है कि उनके पास एक मजबूत वितरण चैनल है और सरेंडर वैल्यू नियमों में बदलाव के बीच वे उच्च मूल्य वाली पॉलिसियों की ओर बढ़ रहे हैं। व्यक्तिगत और वार्षिक समूह व्यवसाय ने इस महीने की वृद्धि को गति दी है।

## संपत्ति बीमा: छोटे उद्योगों को आर्थिक झटकों से बचाकर रफ्तार देने में मददगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक सर्वे में पता चला है कि 70 फीसदी छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) ने पिछले तीन साल में कारोबार से जुड़ा कम-से-कम एक जोखिम अवश्य झेला है।लेकिन, इनमें 20 फीसदी से भी कम के पास ही जोखिमों को कवर करने वाली अच्छी बीमा पॉलिसी थी। व्यापक कवर वाली बीमा पॉलिसी का अभाव छोटे उद्योगों के टिकाऊ बने रहने और आगे बढ़ने की राह में बड़ा रोड़ा है। वह भी तब, जब देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार में इनकी बड़ी भूमिका है।ऐसे में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाकर कारोबार को रफ्तार देने में संपत्ति बीमा छोटे उद्योगों के लिएमददगार साबित हो सकती है। बिजली गिरने से लेकर दंगों से होने वाले नुकसान पर भी मुआवजा 2013 में चक्रवात फैलिन और पुरी जिले में आई बाढ़ से एसएमई को 1.48 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।यानी हर उद्यम को औसत 1.26 लाख का झटका लगा। यही कारण है कि संपत्ति बीमा महत्वपूर्ण हो जाता है, जो सुनिश्चित करता है कि औद्योगिक इकाइयों, गोदामों, शैक्षणिक संस्थानों और होटलों जैसे विभिन्न संपत्ति जोखिमों के लिए व्यापक कवरेज मिले।



# आपके हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट की नजर


**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहले जहां नकदी का जोर था तो पेमेंट छुपे रहते थे। अब डिजिटल दौर आ गया है। ऑनलाइन पेमेंट, बैंक ट्रांजैक्शन सबकी चिट्ठी खुल गई है। इनकम टैक्स विभाग की नजर अब हर पैसे पर है। पर जितना सबकुछ मॉडर्न हुआ, उतनी ही चालाकी से चोरी-धोखाधड़ी करने वाले भी बढ़े। इसलिए सरकार ने कुछ नए नियम बना डाले हैं।

सीए अजय बगड़िया ने बताया, आमतौर पर हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स की नजर बनी रहती है। आप कितने रुपये की ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं या फिर कैश के जरिए कुछ सामान खरीद रहे हैं। उन सब पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की नजर रहती है। आईटीआर भरते समय अगर सावधानी नहीं रखी गई तो चूक होने पर विभाग नोटिस जारी कर सकता है। अगर आपने नीचे बताई गई 7 चीजें कीं, तो इनकम टैक्स वाले बाबू का नोटिस घर आ सकता है-...

**क्रेडिट कार्ड का बिल कैश से भरना-** बगड़िया इसे उदाहरण के साथ बताते हैं, मान लीजिए राजू ने अपना क्रेडिट कार्ड बिल करीब 1 लाख कैश जमा किया। टैक्स वालों ने कहा कि अरे भई। इतना बड़ा बिल कैश में क्यों भरा कहीं काला धंधा तो नहीं चल रहा यानी इसका मतलब है कि नोटिस का खतरा बढ़ गया। 1 लाख या ज्यादा कैश में बिल भरने पर सीधा रडार पर चढ़ जाओगे।

**बैंक में नकदी का ढेर लादना-** इस मामले में मान लीजिए सीमा ने बैंक में 10 लाख से ज्यादा कैश जमा किया। टैक्स अफसर नोटिस भेजकर पूछे, ये पैसा आया कहाँ से कमाई का सबूत दो। बगड़िया कहते हैं, ध्यान रहे, नोटिस आना मतलब गुनाहगार नहीं, बस सफाई देनी पड़ेगी। गड़बड़ लगी तो जुर्माना भी होगा।

**क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग का जुनून-** बगड़िया एक उदाहरण से समझाते हैं कि मान लीजिए विजय का




क्रेडिट कार्ड सालभर में 2 लाख से ज्यादा खर्च हुआ। इनकम टैक्स का नोटिस पहुंचा और विभाग ने पूछा, इतना खर्चा तनख्वाह कितनी है मैच करा के दिखाओ। बगड़िया कहते हैं कि बड़े-बड़े ट्रांजैक्शन हमेशा उनकी नजर में रहते हैं।

**शेयर/म्यूचुअल फंड में पैसा झोंकना-** सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए प्रिया ने शेयरों में 10 लाख से ज्यादा लगाए। नोटिस में डिपॉर्टमेंट ने पूछा, ये पैसा कहां से आया हमें तो पता चल ही गया। मिश्रा कहते हैं कि आप चाहे न बताएं, बैंक/ब्रोकर खुद रिपोर्ट कर देते हैं।

**प्रॉपर्टी खरीदो तो नकदी न दिखाना-** सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए राहुल ने 30 लाख (कहीं 20/50 लाख भी) की प्रॉपर्टी खरीदी और कुछ पैसे कैश में दिए। इस पर विभाग नोटिस जारी कर पूछ सकता है, कैश किसे दिया रसीद कहां है पैसे का सोर्स बताओ। उन्होंने कहा कि अगर गोलमाल हुआ तो नोटिस और जुर्माना तय है।

### 7 जगह चूके तो नोटिस आना तय

#### विदेश घूमने पर पैसे उड़ाना

एक और केस में उदाहरण के साथ सीए अजय बगड़िया कहीते हैं, मान लीजिए अनीता ने एक साल में विदेश ट्रिप पर 2 लाख से ज्यादा खर्च किए। टैक्स वालों पूछ सकते हैं, इतना खर्च करने की हैसियत कैसे सैलरी कितनी हैयाद रखिए विदेश जाने वाला हर बड़ा खर्च उनके पास पहुंचता है। अगर किसी मोहन ने 10 लाख से ज्यादा कैश देकर स्नष्ठ कराई तो डिपॉर्टमेंट पूछ सकता है किकैश में स्नष्ठ ये पैसा किस काले धंधे से आया बैंक की ड्यूटी है कि वो खुद टैक्स विभाग को बता देते हैं।
**नोटिस आए तो घबराएं नहीं-** सीए अभिनंदन पांडेय कहते हैं कि टैक्स नोटिस आए तो घबराए नहीं। सबूत इकट्ठा करो- बैंक स्टेटमेंट, पे-स्लिप, बिक्री का बिल, गिफ्ट डीड (अगर कोई रिश्तेदार ने पैसे दिए हों)। जवाब ईमानदारी से दें,- झूठ बोले तो मुसीबत बढ़ेगी। ष्ट से सलाह लें और उनकी मदद से जवाब देना सबसे सुरक्षित रास्ता है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 14-07-2025 21:47 Page 1



# कोयला व्यापारी से करोड़ों की ठगी का आरोप

## पीड़ित व्यापारी ने लगायी न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** भूली निवासी अब्दुल वाहिद अंसारी ने बैंकमोड़ थाना में आवेदन देकर मटकुरिया निवासी अजीत कुमार उर्फ अजीत पटेल पर करोड़ों की ठगी व धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वाहिद अंसारी वासुदेवा फ्यूल्स एंड लाइम (पिपराटांड़, पुरुलिया) का अधिकृत प्रतिनिधि है, जिसका प्रशासनिक कार्यालय काउन प्लाजा, रतन जी रोड, पुराना बाजार, धनबाद में स्थित है। शिकायतकर्ता के अनुसार, अक्टूबर 2022 माह में अजीत पटेल उनके कार्यालय आया और खुद को व्यवसायी बताकर उधार में कोयला मांगा। उसने आश्वासन दिया कि वह एक माह में भुगतान कर देगा और खुद गाड़ी लाकर कोयला ले जाएगा।

साथ ही, जिन कंपनियों/फर्मों के नाम पर उसके द्वारा बिल बनाए जाएंगे, उसकी पूरी जिम्मेदारी वह लेगा। इस आश्वासन पर अंसारी ने कोयला देना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे वह कई बार आया और कोयला उठाया और कुछ आंशिक भुगतान कर विश्वास हासिल किया। मार्च 2023 तक उस पर 2.26 करोड़ रुपये बकाया हो गए।

इसके बाद जुलाई-अगस्त 2023 से और कोयला लिया गया और कुल 50 वाहनों में कोयला उठाया गया, जिसकी कुल कीमत 2,64,49,327 हो गई। वादी के अनुसार 27 अप्रैल 2024 को दोनों पक्षों के बीच लेन-देन तय हो गया और अजीत पटेल ने हस्ताक्षर कर एक घोषणा पत्र दिया, जिसमें लिखा था कि पूरा भुगतान 6 महीने के अंदर यानी 23 अक्टूबर 2024 तक कर दिया जाएगा। लेकिन इसके बाद भी उसने पैसा नहीं दिया और टालमटोल करता रहा।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अजीत पटेल ने कुछ ऐसी कंपनियों के नाम पर बिल बनवाए, जो वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं थीं। उसने कुछ वास्तविक फर्मों से पैसा लेने के बाद भी पैसा अपने पास रख लिया और वादी को नहीं दिया। अब जब आयकर और जीएसटी विभाग की जांच में संबंधित दस्तावेज जब्त हो गए हैं और आरोपी को इसकी जानकारी हो गई है, तो वह धमकी देने लगा है कि अगर ज्यादा दबाव बनाओगे तो झूठा केस दर्ज कराकर फंसा दूंगा। वादी का आरोप है कि यह पूरा प्रकरण एक सुनियोजित षडयंत्र है, जिसमें शुरू से ही ठगी करने की मंशा थी। फर्जी कंपनियों के नाम पर बिल जारी कर करोड़ों का कोयला उठा लिया गया और अब भुगतान से साफ इनकार किया जा रहा है। पीड़ित ने थाना प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर ठगी की भरपाई और जान-माल व प्रतिष्ठा की रक्षा की मांग की है।

## दामोदर नदी में कूदा वृद्ध, घर से था परेशान

**कथारा।** बोकारो जिला में बेरमो के जारंगडीह से खेतको को जोड़ने वाले उच्च स्तरीय पुल से एक बुजुर्ग खेतको निवासी 70 वर्षीय जीतन साव ने रविवार रात करीब आठ बजे उफनती दामोदर नदी में छलांग लगा दी।

पानी का बहाव तेज होने के कारण उसे खोजा नहीं जा सका। लगातार तेज बारिश के कारण पानी का बहाव फिलहाल काफी तेज है।

घटना की सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव व कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति खेतको पुल पहुंचे और लोगों से जानकारी ली।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि जीतन साव ने घरेलू विवाद के चलते ऐसा कदम उठाया। उनके घर के आस पास रहने वाले लोगों ने बताया कि जीतन साव के तीन पुत्र हैं। तीनों बारी-बारी से उन्हें खाना खिलाते थे।

रविवार को भी घर में एक पुत्र के पास खाना खाने के बाद दूसरे पुत्र के यहां सोने गया तो उसे सोने देने से मना कर दिया गया और कमरे में ताला लगा दिया गया। जिसके बाद वृद्ध आक्रोशित होकर घर से निकल गया और पुल की ओर चला गया।

# कालका मेल का होगा कायाकल्प

## 170वर्षों पूर्व 1855 में उतरी थी पटरी पर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** 170 साल पहले 1855 में पटरी पर उतरी नेताजी एक्सप्रेस (कालका मेल) का सोमवार से कायाकल्प होगा। पुराने आईसीएफ कोच के साथ चलने वाली ट्रेन चमचमाते एलएचबी रैक से चलेगी। पूर्व रेलवे ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

एलएचबी रैक के साथ चलने से कोच संयोजन में भी बदलाव होगा। अभी स्लीपर के नौ कोच के बदले एलएचबी के सात कोच जुड़ेंगे। इससे स्लीपर श्रेणी की मौजूदा 648 सीटों के बदले 560 सीटें होंगी और 88 सीटें कम हो जाएंगी। थर्ड एसी के चार कोच ही जुड़ेंगे। हालांकि, आईसीएफ की तुलना में एलएचबी में अधिक सीटें होने से 256 के बढ़कर 288 सीटें होंगी। सेकेंड एसी के भी तीन कोच जुड़ेंगे। पर मौजूदा 144 से बढ़ कर 156 हो जाएंगी। इसी तरह फर्स्ट एसी का कोच जुड़ेगा और 18 के बदले 24 सीटें होंगी। 17 जनवरी 1941 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इसी ट्रेन पर गोमो में सवार हुए थे। उन्हें अंतिम बार यहीं देखा गया था। तब यह ट्रेन 63अप पेशावर मेल के रूप में चलती थी। बाद में इस ट्रेन का नामकरण कालका मेल के रूप किया गया। नेताजी के जन्म के 125 साल पूरे होने पर वर्ष 2021 में इस ट्रेन का नामकरण नेताजी एक्सप्रेस किया गया।

## छात्रों को हो रही परेशानी

**देवघर।** चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कोयलांचल में प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति ठीक नहीं है। विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकें तो मिल गई हैं। लेकिन कॉपी नहीं मिली है।

गौरतलब है कि सारठ पालोजोरी प्रखंड के इस क्षेत्र में स्थित विद्यालयों की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 अप्रैल माह में शुरू हुआ था। विद्यार्थियों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकें तो मिल गई हैं। लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें कॉपी नहीं मिल पाई है। जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में आइए विद्यार्थियों की जुबानी परेशानी की कहानी सुनते हैं।

राजकीय कृत मध्य विद्यालय ताराबाद के विद्यार्थी सोनी, अर्चना, रणवीर, नैना, दुर्गेश, साहिल, शैलेश आदि हैं।

# तेली-साहू समाज के कद्दावर नेता ने अपने समर्थकों के साथ थामा राजद का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक दलों ने सामाजिक समीकरणों को साधने की रणनीति तेज कर दी है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने झारखंड से तेली-साहू समाज के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू को पार्टी में शामिल करा कर बड़ा सियासी दांव चला है। सुनील साहू के साथ समाज के सैकड़ों लोगों ने भी राजद की सदस्यता ग्रहण की।

यह शामिली समारोह झारखंड में आयोजित हुआ, जिसमें बिहार के मोरवा से राजद विधायक रणविजय साहू स्वयं उपस्थित रहे। उनके साथ राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव, प्रदेश प्रभारी जय प्रकाश यादव, झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव और प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव भी मौजूद रहे।

राजद में शामिल होते ही सुनील साहू ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल वोट लेती है, लेकिन हमारे समाज को टिकट देने में हमेशा कंजूसी करती है। अब साहू समाज भाजपा के बहकावे में नहीं आएगा। उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि वहां साहू समाज ने महागठबंधन को समर्थन देकर हेमंत सोरेन सरकार बनाई थी और अब वही जनसमर्थन बिहार में राजद को मिलेगा।

सुनील साहू ने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव की विचारधारा को साहू समाज के लिए हितकारी बताते हुए भरोसा जताया कि इस बार राजद ज्यादा से ज्यादा तेली-साहू समाज के उम्मीदवारों को टिकट देगा। राजद नेता संजय प्रसाद यादव ने कहा, सुनील साहू जैसे नेता का पार्टी में आना यह साबित करता है कि लालू-तेजस्वी की विचारधारा लोगों को जोड़ रही है। इससे बिहार चुनाव में राजद को मजबूती मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा न केवल पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की विरोधी है, बल्कि उन राज्यों के विकास में भी अड़ंगा डालती है जहां उसकी सरकार नहीं है।

वरिष्ठ नेता भोला यादव ने कहा कि तेली समाज को लंबे समय तक मनुवादी ताकतों ने दुत्कारा, लेकिन लालू यादव ने इन्हें सम्मान और ताकत दी। उन्होंने समाज से अपील की कि इस एकजुटता को चुनाव तक कायम रखा जाए। बिहार राजद के प्रधान महासचिव और विधायक रणविजय साहू ने कहा कि राजद ही वह मंच है जहां पिछड़े, दलित और गरीबों को सम्मान मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड में सुनील साहू साहू समाज को गोलबंद कर राजद को मजबूती प्रदान करेंगे।

# जमीन विवाद ने लिया हिंसक रुप

## दो महिलाओं सहित पांच गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। यह घटना रविवार की शाम हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुदंड गांव में घटी, जहां वर्षों से चले आ रहे भूमि विवाद ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश पहले भी कई बार विवाद का कारण बन चुकी है, लेकिन इस बार मामला मारपीट और हिंसा तक पहुंच गया, जिसमें लाठी-डंडों के साथ-साथ पत्थरबाजी की भी सूचना मिली है।

हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि झड़प में घायल सभी लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए सोमवार को उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन पुलिस ने किसी भी प्रकार की आशंका से इनकार नहीं किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद अब तक दोनों गुटों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह झगड़ा एक पुराने जमीन विवाद को लेकर हुआ है, जिसकी पृष्ठभूमि में लंबे समय से तनाव चल रहा था।

घटना के बाद महुदंड गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस की तैनाती से माहौल नियंत्रित है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हुसैनाबाद थाना की एक टीम गांव में डटी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों में डर और असुरक्षा की भावना देखी जा रही है, जिसके चलते कई परिवारों ने घर से बाहर निकलने से परहेज करना शुरू कर दिया है।

## सेना भर्ती रैली अगस्त में

**रांची।** झारखंड के युवाओं के लिए भारतीय सेना में भर्ती का बड़ा अवसर सामने आया है। आगामी 22 अगस्त से चार सितंबर 2025 तक रांची के खेलगांव में सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में युवा भाग लेंगे। इसको लेकर सोमवार को उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विस्तृत बैठक हुई। बैठक में भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया।बैठक के दौरान सेना की ओर से उपस्थित कर्नल विकास भोला ने उपायुक्त से आग्रह किया कि रांची जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सेना में भर्ती करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि रांची के युवा इस रैली में भाग लें और सेना में भर्ती होकर अपने जीवन को नई दिशा दें। इसके लिए हर जरूरी सुविधा और सहयोग की अपेक्षा जिला प्रशासन से है।

कर्नल भोला ने यह भी बताया कि रैली स्थल पर विधि व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के विश्राम क्षेत्र की व्यवस्था जैसी तमाम चीजें समय पर सुनिश्चित होनी चाहिए।

# हूल दिवस पर उपद्रव मामले में दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** साहिबगंज के भोगनाडीह में हूल दिवस के दिन उपद्रव के मामले में गोड्डा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।



गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित सुधीर कुमार जमशेदपुर का रहने वाला है। वहीं, उनका चालक गणेश मंडल ओडिशा का रहने वाला है। दोनों की गिरफ्तारी गोड्डा नगर थाना से हुई है। गिरफ्तार सुधीर कुमार भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नजदीकी रहे हैं। सुधीर कुमार भाजपा सोशल मीडिया से जुड़े हैं।

एसपी ने बताया कि बीते 20 जून से ही सुधीर कुमार साहिबगंज में कैंप कर रहे थे। हूल दिवस के दिन भोगनाडीह में सीएम हेमंत सोरेन का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने से कार्यक्रम में बदलाव किया गया। वहां, सीएम की जगह शिक्षा मंत्री रामदेव सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए थे। बीते सोमवार को भोगनाडीह में प्रशासनिक कार्यक्रम के समानांतर अलग कार्यक्रम आयोजित करने पर बवाल हुआ। वहां लाठी चार्ज और पथराव की घटना के अलावा आदिवासी संगठन की ओर से तीर धनुष चलाए गए जिसमें कई पुलिस कर्मियों को गंभीर चोट आई है।

एसपी ने बताया कि मामले को लेकर वहां प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त प्राथमिकी के अनुसंधान के सिलसिले में साहिबगंज एसपी के इनपुट पर सुधीर और गणेश की गिरफ्तारी गोड्डा से की गई है।

पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि हूल दिवस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर व्यवधान डालने की तैयारी थी लेकिन साहिबगंज पुलिस ने सूझबूझ से काम लेकर मामले को शांत कराया।

# मालखाना से गांजा और भांग गायब

## चूहों पर लगा इल्जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में चूहों की नशेड़ी हरकतें चर्चा का विषय बन गई हैं। हाल ही में शराब दुकानों के स्टाक में 802 बोतलें कम मिलने पर पुलिस ने तर्क दिया कि चूहों ने ढक्कन कुतरकर शराब पी ली।

अब यह सामने आया है कि ये चूहे केवल शराब तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गांजा और भांग के सेवन में भी संलिप्त हैं।

पिछले वर्ष राजगंज थाने के मालखाने से 9 किलो गांजा और 10 किलो भांग गायब होने पर धनबाद पुलिस ने न्यायालय में गवाही दी कि यह चूहों की करतूत है। मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है

दरअसल, दिसंबर 2018 में राजगंज थाने की पुलिस ने शंभू प्रसाद अग्रवाल और उनके बेटे को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामला न्यायालय में गया, जहां सुनवाई जारी रही। पुलिस ने जब्त की गई सामग्री को थाने के मालखाने में रखा। पिछले साल न्यायालय ने आदेश दिया कि जब्त सामग्री को पेश किया जाए। जब अनुसंधानकर्ता जयप्रकाश प्रसाद ने अदालत में हाजिर होकर बताया कि मालखाने में गांजा और भांग नहीं है, तो यह चौंकाने वाला था।

लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने कोर्ट में आवेदन देकर कहा कि चूहों ने जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया है।

# चार साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शिक्षक पुत्र निकला ठगों का मास्टर माइंड ▶ 12 मोबाइल, 16 सिम कार्ड बरामद

### निर्माणाधीन मकान से चल रहा था खेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र से चार शातिर साइबर ठगों को दबोचा है। ये शातिर थाना क्षेत्र के पांडेयडीह के पास स्थित चितरपुर गांव के एक निमार्णाधीन मकान में बैठकर साइबर ठगी कर रहे थे।

पुलिस के हत्थे चढ़ा देवघर के सारठ थाना क्षेत्र के लकराखोंदा का रहने वाला सहायक शिक्षक का पुत्र अजहर अंसारी इस ठगी के धंधे का मास्टर माइंड है। अजहर नारायणपुर स्थित अपनी ससुराल में रहकर साइबर ठगी कर रहा था और अपने गैंग में कई लोगों को जोड़कर वारदात को अंजाम देने में जुटा था। उसके साथ पुलिस की गिरफ्त में आया अइयाज अंसारी व आशिक अंसारी नारायणपुर थाना क्षेत्र के दिघारी गांव का रहने वाला है। जबकि वाजिद अली इसी थाना क्षेत्र के जसपुर गांव का रहने वाला है।

इस बात की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी राजकुमार मेहता ने दी। मेहता ने बताया कि विभागीय सूचना थी कि शातिर इन दिनों क्षेत्र में ठगी के धंधे में संलिप्त हैं। इंस्पेक्टर चंद्रमणि भारती की अगुवाई में टीम ने छापेमारी कर इन अपराधियों को गिरफ्त किया है।एसपी ने बताया कि ये शातिर गैंग बनाकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इस गैंग में और भी कई अपराधी शामिल हैं। पुलिस टीम इन शातिरों की निशानदेही में जुटी है।




एसपी मेहता ने बताया कि इन शातिरों ने ठगी के लिए नया तरीका अपना रखा था। ये एसबीआई बैंक के खाताधारकों को योनो एप इस्तेमाल करने और इस को अपडेट करने के नाम पर झांसे में लेकर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे थे।

छापेमारी के दौरान आरोपितों के पास से 12 मोबाइल, 16 सिम कार्ड, एक चेकबुक व एक बाइक जब्त हुई है। सभी आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। इन शातिरों के निशाने पर इन दिनों उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल व असम के लोग थे।

# फोर लेन की टेंडर प्रक्रिया पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका के लोगों के लिए अच्छी खबर है। खबर यह है कि दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एनएच 114-ए के इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आमंत्रित किया था। दुमका से बासुकीनाथ तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण की प्रोजेक्ट राशि 189.36 करोड़ रुपये है। दो वर्ष में इस कार्य को पूरा कराने की मियाद तय की गई है। टेंडर की प्रक्रिया में कुल छह कार्यकारी एजेंसियों ने भाग लिया था, जिसमें ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने सबको पछाड़ते हुए बाजी मार ली है। ऑल वन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड फिलहाल देवघर से बासुकीनाथ फोरलेन सड़क निर्माण का काम भी पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर लेकर करा रहा है।

देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क निर्माण का काम पंजाब की गावर नामक कार्यकारी एजेंसी को मिला है जिससे तय मानकों के तहत एकरारनामा कर यह काम भी आल वन करा रही है। देवघर से बासुकीनाथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य एनएचआइ के जिम्मे है।

टेंडर की प्रक्रिया के बाद कार्य आवंटित कर कायादेश निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एनएच 114 ए के कार्यपालक अभियंता रामपद मांझी बताते हैं कि इस माह के अंत तक कायादेश देने की प्रक्रिया संभवतः पूरी हो जाएगी। कहा कि इस पथ का निर्माण हेम मोड पर कराया जाना है। एकरारनामा के उपरांत छह माह का समय कार्यकारी एजेंसी को तमाम प्रक्रियाएं पूरी कर काम शुरू कराने के लिए दिए जाने का प्राविधान है। ऐसे में यह उम्मीद है कि इस साल के अंत तक दुमका-बासुकीनाथ फोरलेन पथ का निर्माण काम शुरू हो जाएगा।

# 40 पुरूष भी उठा रहे मईयां सम्मान योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार के किशनगंज जिले के ठाकुरगंज क्षेत्र की 40 और बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले (चोपड़ा क्षेत्र) की 132 महिलाओं ने फर्जी दस्तावेजों और पते का उपयोग कर इस झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठाया।

इन 172 महिलाओं ने राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल के हेंदलजुड़ी पंचायत के छोलगोड़ा गांव में इस योजना में सेंध लगाई। जांच में पता चला कि छोलगोड़ा गांव का फर्जी पता देकर तीन किस्तों में इन लोगों ने कुल 9.57 लाख रुपये की राशि अपने खातों में हस्तांतरित कराकर उसे तुरंत निकाल भी लिया।

फजीर्वाड़ा यहीं तक सीमित नहीं रहा। सिर्फ महिलाओं के लिए लागू इस योजना का पुरुषों ने भी लाभ उठाया। सॉफ्टवेयर में खामी की आड़ में 40 पुरुषों ने भी फर्जी दस्तावेजों के जरिए इस योजना का लाभ उठाया।

बोकारो जिले में भी 11,200 से अधिक फर्जी आवेदन स्वीकृत होने का मामला सामने आया, जिसमें बंगाल के यूसूफ नामक एक ही व्यक्ति के बैंक खाते का 95 बार इस्तेमाल किया गया।

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को हर माह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

यह राशि महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता जैसे बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सहायता करती है, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। योजना की शुरूआत अगस्त 2023 में हुई थी और इसे दिसंबर 2024 से 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये मासिक कर दिया गया। झारखंड सरकार 56 लाख महिलाओं को लाभ पहुंचा रही है। फर्जी तरीके से इसका लाभ उठाने वालों ने राज्य की महिलाओं के हक में सेंधमारी की है।

फजीर्वाड़े के हालिया खुलासे के बाद झारखंड सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर गालूडीह थाने में 172 फर्जी लाभार्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने पूर्वी सिंहभूम समेत सात जिलों में 77,000 आवेदनों के भौतिक सत्यापन का आदेश दिया है। इसके अलावा, राज्य के सभी जिलों में लाभार्थियों की व्यापक जांच शुरू की गई है ताकि केवल पात्र महिलाओं को ही योजना का लाभ मिले।

मईयां सम्मान योजना को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने नया पोर्टल लांच किया है, जहां बीडीओ और सीओ आवेदनों की ऑनलाइन स्वीकृति और शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह घोटाला सॉफ्टवेयर सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। झारखंड सरकार का यह प्रयास है कि पारदर्शिता सुनिश्चित हो ताकि योजना का लाभ केवल पात्र महिलाओं तक पहुंचे, जिससे इसका उद्देश्य सार्थक हो सके।

# विभूतिपुर और खानपुर में सावन की पंचमी को लगता है सांपों का मेला

## भगत सांप निकालकर दिखाते हैं करतब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सावन की पंचमी तिथि को समस्तीपुर के विभूतिपुर और खानपुर में सांपों का मेला लगता है। यह ऐसा अनोखा मेला है, जहां संपेरे (स्थानीय नाम भगत) नदी से सांप निकालकर लोगों को दिखाते और करतब भी करते हैं।

विभूतिपुर प्रखंड से होकर बहने वाली बूढ़ी गंडक नदी के सिंघियाघाट में प्रत्येक वर्ष सावन की पंचमी को सांपों का मेला लगता है। संपेरे नदी में डुबकी लगाकर सांप निकालते हैं, लोगों को दिखाते हैं। हाथों में रखते हैं, गले में लपेटते हैं, दांतों में दबाते हैं। इस दौरान ये सांपों को किसी प्रकार से नुकसान न हो, इसका ध्यान रखा जाता है। मेले को देखने के लिए देश भर से लोग पहुंचते हैं।

पंचवटी चौक स्थित भगवती मंदिर के भगत रामबाबू महतो उर्फ राम सिंह बताते हैं कि नागपंचमी मेले का इतिहास करीब 300 वर्ष पुराना है। उस वक्त सड़क से पूरब तरफ विषहरी देवी का एक गहबर होता था। वहां फतुरी भगत ने घास-फूस (कुश) का हरहरा सांप (सांप की प्रजाति) बनाकर पूजा-अर्चना करते हुए नागपंचमी मेले की शुरूआत की थी। धीरे-धीरे वास्तविक सांप के साथ पूजा-अर्चना होने लगी। वर्ष 1951 में राम गुलाम सेठ ने जमीन दी तो रामप्रताप महतो व नुनू महतो ने चंदा इकट्ठा कर भगवती स्थान मंदिर बनवा दिया। उस वक्त आठ-दस सांप निकाले जाते थे। धीरे-धीरे संख्या बढ़ती गई और मेले का स्वरूप विस्तृत होता गया। अब यहां हरहरा, करैत, अधसर, गेहुंअन, धामन आदि प्रजाति के सांप निकाले जाते हैं। ऐसी धारणा है कि मन्नत पूर्ण होने पर श्रद्धालु सांप को देवता मानकर दूध, लावा, प्रसाद और गहबरों में झांप चढ़ाते हैं।

अब यहां मूर्ति स्थापित करा दी गई है। पूजा से पहले स्थल की साफ-सफाई और रंग-रोगन होता है। सावन के प्रथम पक्ष में चतुर्थी की रात्रि में जगरना पूजा और अगले दिन पंचमी के दिन दोपहर बाद नदी स्नान व सांप निकाले जाते हैं।



राम सिंह कहते हैं कि सांपों के साथ करतब दिखाने वाली इनकी सातवीं पीढ़ी है। वर्ष 2007 से बूढ़ी गंडक नदी से सांप निकाल रहे। हैं पंचवटी चौक से राम सिंह, भगवती स्थान बांध किनारे से सुरेश पासवान, भीड़ी पर से मिंटू पासवान और सिंघियाघाट यादव टोल के निकट रेलवे मैदान से भोगीलाल पासवान गहबर से निकलते हैं और गंडक नदी में स्नान के बाद सांप निकाल प्रदर्शन करते हैं। इनका कहना है कि सांपों को जहर मुक्त कर घड़ा या टोकरी में रखा जाता है। नागपंचमी के दिन प्रदर्शन होता है। उसके बाद उन्हें जंगल या पानी में छोड़ दिया जाता है।

CMYK

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास

## सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत का बनाया रिकॉर्ड



**जमैका, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इतिहास रच दिया है। वह साल 1915 के बाद से 2000 गेंदें फेंकने वाले क्रिकेटर्स में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत वाले टेस्ट खिलाड़ी बन गए हैं। स्कॉट बोलैंड ने यह उपलब्धि सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हासिल की, जहां उन्होंने 13.1 ओवरों में 34 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। बोलैंड का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 17.33 का है, जो टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों (कम से कम 2000 गेंदें) में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ है। 1900 के बाद से बोलैंड से आगे इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही हैं। इनके अलावा बोलैंड से ऊपर मौजूद अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक से हैं। जमैका में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 225 रन पर ढेर हो गई।

ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 46 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से शमार जोसेफ ने सर्वाधिक चार विकेट झटके। इसके जवाब में, वेस्टइंडीज की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई। टीम के लिए जॉन कैंपबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। बोलैंड सर्वाधिक तीन विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज रहे। पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 99 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कैमरून ग्रीन नाबाद 42 रन बना चुके हैं। दिन की समाप्ति तक दूसरे छोर पर उनके साथ कप्तान पैट कमिंस (5) थे। मेहमान टीम के पास फिलहाल 181 रन की बढ़त है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही इस सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा कर चुका है। ऐसे में वेस्टइंडीज के पास इस मुकाबले को जीतकर सम्मान बचाने का मौका है।

# सॉफ्टबाल में शिमला और सिरमौर की दो बेटियां चीन में दिखाएंगी दम



**शिमला/सांगला, एजेंसी।** शिमला जिले के कोटखाई की कविता ठाकुर और सिरमौर की कृषिका को एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। चीन के शियान में होने वाली एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप में जिला शिमला और सिरमौर की बेटियां हिस्सा लेंगी। कप 14 से 20 जुलाई तक होगा। शिमला जिले के कोटखाई की कविता ठाकुर और सिरमौर की कृषिका को एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। छह दिनों तक चलने वाली चैंपियनशिप में 10 देशों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले खेले जाएंगे।

शीर्ष दो में स्थान पाने वाली टीमें साल 2026 में होने वाले वर्ल्ड कप वुमन सॉफ्टबाल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम की नजर न सिर्फ पदक पर बल्कि वर्ल्ड कप के टिकट पर भी टिकी हुई हैं।

## FIFA Club World Cup:

# ट्रंप ने चेल्सी की जीत के जश्न में डाला खलल! ट्रॉफी सौंपने के बाद पोडियम से हटे ही नहीं



**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका), एजेंसी।** ट्रंप ने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के हिस्से में ले गए। इस घटना ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि चेल्सी के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया। कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फीफा क्लब विश्व कप का फाइनल किसी फिल्म से कम नहीं रहा। इसमें रोमांच, ड्रामा, मारपीट..सब देखने को मिला। मैच के दौरान पीएसजी और चेल्सी के खिलाड़ी और स्टाफ आपस में भिड़ गए। वहीं, एक अप्रत्याशित चीज भी हुई। अमेरिका के ईस्ट रदरफोर्ड में हुए इस मैच को देखने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पहुंचे थे। उन्होंने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के हिस्से में ले गए। इस घटना ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि चेल्सी के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया।

### मैच में क्या हुआ?

पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल रहा। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए। पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए, लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैम्पियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी।

### मैच में हुई लड़ाई

रविवार को हुए फीफा क्लब विश्व कप फाइनल मैच में हाथापाई हो गई, जिसमें पेरिस सेंट जर्मेन के कोच लुइस एनरिक और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा चेल्सी के फॉरवर्ड जोआओ पेड्रो को धक्का देते हुए दिखाई दिए। एनरिक सेंटर सर्कल के पास मैदान पर थे और ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने जोआओ पेड्रो का गला दबा दिया हो। पीएसजी के गोलकीपर डोनारुम्मा ने 23 वर्षीय पेड्रो को धक्का भी दिया, जिससे वह गिर गए। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने साथी इतालवी खिलाड़ी डोनारुम्मा को मैदान से जाने को कहा।



# चेल्सी ने पीएसजी को हराकर फीफा क्लब विश्व कप जीता

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** कोल पाल्मर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चेल्सी ने सोमवार को पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस धमाकेदार फाइनल में, पाल्मर ने शुरुआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए। मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके बाद 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। जोआओ पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो के इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया था। पीएसजी की टीम इस पूरे मुकाबले में कोई गोल नहीं दाग सकी। चेल्सी 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रही। यह मुकाबला करीब 81 हजार दर्शकों से भरे स्टेडियम में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। ट्रंप ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिली। चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल के साथ दो असिस्ट भी किए।




# लिवरपूल ने प्री-सीजन की शुरुआत प्रेस्टन पर 3-1 की जीत के साथ की, जोटा-सिल्वा को दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल ने अपने 2025-26 प्री-सीजन की शुरुआत डीपडेल में प्रेस्टन नॉर्थ एंड पर 3-1 से जीत के साथ की। यह जीत लिवरपूल के लिए बेहद भावनात्मक थी। लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। हादसे में जोटा के भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले, स्टेडियम का माहौल बेहद भावुक था। प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के सामने एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। मैच से पहले यू विल नेवर वॉक अलोन का भावपूर्ण लाइव प्रदर्शन हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया। जोटा के लिए भावुक गीत भी गाया गया। डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में जोटा के प्रतिष्ठित गोल सेलिब्रेशन की नकल करके अपने गोल का जश्न मनाया, जबकि कोडी गाकपो ने बाद में जोटा की शर्ट नंबर - 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। मैदान पर, रेड्स ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के आखिर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसमें किशोर रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी मदद की। ब्रेक के बाद नुनेज ने रक्षात्मक गलती का फायदा उठाकर बढ़त दोगुनी कर दी और गैकपो ने अंतिम मिनटों में प्रेस्टन के लियाम लिंडसे द्वारा एक शक्तिशाली हेडर से गोल करने के बाद तीसरा गोल दागा।

## विंबलडन 2025:

# वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिस मर्टेंस ने महिला युगल खिताब जीता



**लंदन, एजेंसी।** 8वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिस मर्टेनस ने विंबलडन 2025 के महिला युगल का खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त सीह सु-वेई और जेलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से हराया। पहला सेट हारने के बाद, कुदेरमेतोवा और मर्टेन्स ने दृढ़ता दिखाई और दूसरे सेट में हसीह की सर्विस दो बार तोड़कर मैच बराबरी पर ले आईं। कुदेरमेतोवा के नेट प्ले और मर्टेन्स की बेसलाइन पर लगातार स्थिरता ने मैच का रुख उनके पक्ष में मोड़ना शुरू कर दिया। तीसरे सेट में एक और मोड़ आया जब हसीह और ओस्टापेंको ने 4-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने वापसी की। कुदेरमेतोवा ने चैंपियनशिप पॉइंट पर वॉली विनर के साथ जीत पक्की की और अंततः डब्ल्यूटीए के अनुसार अपना पहला ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीता। यह जीत कुदेरमेतोवा के लिए विशेष महत्व रखती है, जो 2021 के विंबलडन फाइनल में बुरी तरह से हार गई थीं। इस बीच, उनकी जोड़ीदार मर्टेन्स ने अपना पांचवां प्रमुख युगल खिताब और विंबलडन में अपना दूसरा खिताब हासिल किया।

मर्टेन्स ने पिछला विंबलडन खिताब 2021 में जीता था, जब उन्होंने हसीह के साथ मिलकर कुदेरमेतोवा और एलेना वेस्नीना को हराया था।

कुदेरमेतोवा और मर्टेन्स की जोड़ी 2022 में शीर्ष जोड़ी रही थी, जिसने डब्ल्यूटीए फाइनल में जीत हासिल की थी। दो सीजन अलग रहने के बाद, वे फिर से साथ आए और जल्द ही अपनी लय पा ली। मैड्रिड और रोम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बाद विंबलडन का खिताब जीतकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ओस्टापेंको के लिए, यह हार विशेष रूप से निराशाजनक थी क्योंकि जीत उन्हें डब्ल्यूटीए डबल्स की नई विश्व नंबर 1 खिलाड़ी बना देती। उन्होंने और हसीह के साथ मुकाबले की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया था और पहले सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन कुदेरमेतोवा और मर्टेन्स ने आखिरकार मैच को जीत लिया।


# कबड्डी विश्वकप खेल सकती हैं हिमाचल की 5 से 6 बेटियां, अंतिम कोचिंग कैंप के लिए हुआ चयन



**धर्मशाला, एजेंसी।** कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से पांच से छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। ये सभी खिलाड़ी फाइनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी और अपने खेल के दम पर टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगी। पहले विश्व कप जुलाई में होना प्रस्तावित था। इस बीच कुछ कारणों से अब इसे अगस्त में आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रतियोगिता अब 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद में होगी। इससे पूर्व एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी पांच खिलाड़ियों पुष्पा, ज्योति, भावना, साक्षी और रितु नेगी ने भारतीय टीम की ओर से स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खेल प्राधिकरण धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा ठाकुर ने बताया कि महिला कबड्डी विश्व कप के लिए आयोजित अंतिम कोचिंग कैंप में प्रदेश की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें से चार खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रही हैं। भारतीय टीम के कोचिंग कैंप के लिए जिन हिमाचली खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, रितु नेगी, चंपा, भावना और साक्षी शर्मा शामिल हैं।

# साइना नेहवाल अपने पति कश्यप परुपल्ली से होंगी अलग, सोशल मीडिया पर शेयर की भावुक पोस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन आइकन साइना नेहवाल ने पति और साथी शटलर कश्यप परुपल्ली से अलग होने की घोषणा की है। यह जोड़ा, जो एक दशक से अधिक समय से साथ है और 2018 में शादी के बंधन में बंधा था। साइना ने रविवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक बयान के माध्यम से अलग होने के अपने फैसले की पुष्टि की। साइना ने कहा, जीवन हमें कभी-कभी अलग दिशाओं में ले जाता है। बहुत सोचने और विचार करने के बाद कश्यप परुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला किया है। हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास और उपचार का चयन कर रहे हैं। मैं यादों के लिए आभारी हूं और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देती हूं। साइना और कश्यप भारत की सबसे प्रमुख बैडमिंटन हस्तियों में से हैं जिन्हें अक्सर टूर्नामेंटों में एक-दूसरे का समर्थन करते और पेशेवर उपलब्धियों का जश्न साथ मिलकर मनाते देखा गया है। अलगाव का कारण निजी है, साइना के संदेश में आपसी सम्मान और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने के साझा इरादे पर जोर दिया गया है। इस पोस्ट को प्रशंसकों, साथी एथलीटों और शुभचिंतकों का भरपूर समर्थन मिला, जिनमें से कई ने स्थिति को संभालने में दोनों की शालीनता और परिपक्वता की प्रशंसा की। पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक रही हैं। कश्यप पारुपल्ली का भी एक विशिष्ट करियर रहा है उन्होंने ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अलग-अलग निजी यात्राओं पर निकल पड़े साइना और कश्यप दोनों ही बैडमिंटन समुदाय और उसके बाहर अपार सम्मान अर्जित करते हैं।

# यानिक सिनर ने पहला विम्बलडन खिताब जीता, दो बार के गत चैंपियन अल्काराज को हराया



**लंदन, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंडस्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं। इस जीत से सिनर ने 22 वर्षीय अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे जिसमें हालिया जीत आठ जून को रोलां गैरां में लगभग साढ़े पांच घंटे तक चली पांच सेटों की भिड़ंत में आई थी। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त बना ली थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। इससे अल्काराज का मेजर फाइनल में स्कोर 5-0 हो गया था।

सिनर ने ऑल इंग्लैंड क्लब में ऐसे मैच में अपनी छाप छोड़ी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। हालांकि बीच-बीच में चूक भी हुई। अल्काराज ने सेंटर कोर्ट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 20 मैच जीते थे जिसमें 2023 और 2024 के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ जीत भी शामिल है।

विंबलडन में पिछली बार अल्काराज को हराने वाले खिलाड़ी सिनर हैं जिन्होंने 2022 में चौथे दौर में उन्हें शिकस्त दी थी। यह सिनर के लिए एक यादगार जीत साबित हुई जिसने उनकी उस बात को साबित कर दिया कि पेरिस में हारने का कोई असर नहीं होगा। हालांकि यह कल्पना करना मुश्किल है कि रविवार को उस हार का जरा भी ख्याल उनके दिमाग में नहीं था, विशेषकर जब तब चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार प्वाइंट अपने नाम कर जीत हासिल कर ली।

जब सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी। सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार को सच में पीछे छोड़ दिया और दिखा दिया कि अल्काराज के साथ उनका मुकाबला आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रशंसकों को खुश कर सकता है। दिलचस्प बात है कि पिछली सात ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को दोनों ने आपस में बांटा है जिसमें पिछली 12 में से नौ ट्रॉफियां शामिल हैं। संयोग से यह पहली बार है जब दो पुरुष खिलाड़ियों ने एक ही वर्ष में रोलां गैरां के क्ले कोर्ट और ऑल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर खिताबी मुकाबले खेले।

इससे पहले रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने 2006, 2007 और 2008 में ऐसा किया था। सिनर ने पिछले चार मेजर फाइनल में से प्रत्येक में भाग लिया है और यह सिलसिला पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन में जीत के साथ शुरू हुआ और उसके बाद उन्होंने इस जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक और जीत हासिल की। अपनी दाहिनी कोहनी की सुरक्षा के लिए सफेद टेप और सफेद बांह की आस्तीन पहने हुए सिनर को कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सेमीफाइनल में 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच को बाहर करते समय भी कोई भी परेशानी महसूस नहीं की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 3 स्कूलों को सुबह-सुबह मिली बम से उड़ाने की धमकी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, चाणक्यपुरी के नेवी स्कूल, द्वारका के सीआरपीएफ स्कूल और रोहिणी के एक स्कूल में ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है और बम निरोधक दस्ता मौके पर मौजूद है। अभी तक कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर 16 के सीआरपीएफ स्कूलों के साथ-साथ चाणक्यपुरी के एक अन्य स्कूल से बम की धमकियों के संबंध में पुलिस को फोन आए। उन्होंने कहा,पुलिस टीमें तुरंत स्कूल परिसर की जांच के लिए रवाना हो गईं। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि इलाके को तुरंत सैनिटाइज किया गया। स्थानीय पुलिस, स्निफर डॉग और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और उचित जांच की है। उन्होंने आगे कहा कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं। मई में, शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए और राष्ट्रीय व स्थानीय एजेंसियों के समन्वय से, दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने के लिए 115-बिंदुओं वाली मानक संचालन प्रक्रिया जारी की थी। यह एसओपी सरकारी, सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू होती है। स्कूलों को नियमित रूप से मॉक ड्रिल आयोजित करनी होगी, निगरानी प्रणाली स्थापित करनी होगी और कड़े पहुंच नियंत्रण लागू करने होंगे। स्कूलों के प्रमुख पुलिस और आपदा सेवाओं के समन्वय से आपातकालीन प्रतिक्रियाओं का प्रबंधन करेंगे, जबकि शिक्षकों और छात्रों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की उम्मीद की जाती है। एसओपी में कहा गया है कि हर धमकी को सही माना जाएगा और अधिकारियों को तुरंत सूचित करने का आग्रह किया गया है, साथ ही घबराहट न फैलाने की बात भी कही गई है।

### मोटापे के खिलाफ सरकार का नया प्लान- समोसा जलेबी पर भी मिलेगी सिगरेट जैसी वॉर्निंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जंक फूड को लेकर सरकार कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। खबर है कि अब सिगरेट की तरह ही समोसा और जलेबी जैसे लोकप्रिय नाश्ता वॉर्निंग के साथ परोसा जाएगा। दरअसल, बच्चों में मोटापा और शहरी युवाओं में जरूरत से ज्यादा वजन चिंता बढ़ा रहा है। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने वॉर्निंग साइन लगाने का प्लान तैयार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्यम मंत्रालय ने एम्स समेत कई केंद्रीय संस्थानों से ऐसे पोस्ट लगाने के आदेश दिए हैं, जिसमें साफतौर पर लिखा हुआ हो कि रोज नाश्ता करते समय कितना छिपा हुआ फैट और शक्कर ले रहे हैं। खास बात है कि यह पहली बार है जब जंक फूड पर तंबाकू जैसी चेतावनी देने की तैयारी की जा रही है।इसके जरिए नागरिकों को इन शक्कर और तेल की मात्रा के बारे में सचेत किया जाना है। खास बात है कि इस लिस्ट में लड्डू से लेकर वड़ा पाव और पकोड़ा तक कई खाद्य शामिल हैं। खबर है कि जल्द ही कैफे और अन्य सार्वजनिक जगहों पर वॉर्निंग लगाई जाएंगी। अखबार से बातचीत में नागपुर के कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमर अमाले बताते हैं, ,शक्कर और ट्रांस फैट्स नए तंबाकू हैं। लोगों को यह जानने का अधिकार है कि वो क्या खा रहे हैं।, रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि साल 2050 तक 44.9 करोड़ भारतीय ओवरवेट या मोटापे का शिकार हो जाएंगे। ऐसे में इस मामले में भारत सिर्फ अमेरिका से पीछे रह जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, डायबीटोलॉजिस्ट सुनील गुप्ता कहते हैं, ,यह भोजन बैन करने के बारे में नहीं है।, उन्होंने कहा, ,लेकिन अगर लोगों को पता होगा कि गुलाब जामुन में 5 चम्मच शक्कर हो सकती है, तो दूसरी बार लेने से पहले शायद दो बार सोचेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर पर मॉनसून हुआ मेहरबान!



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मॉनसून इस बार दिल्ली-एनसीआर पर खूब मेहरबान दिख रहा है। वीकेंड पर लगातार हुई बारिश के बाद सोमवार सुबह भी दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 19 जुलाई तक राजधानी में बारिश की संभावना है। हालांकि, उमस भरा मौसम अभी बना रहेगा।

दिल्ली में आज दिन बादल छाए रहेंगे, पारा लुढ़ककर 23.6 डिग्री पर पहुंचा दिल्लीवासियों के लिए सोमवार की सुबह सुहानी रही। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से 3.7 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने आज दिनभर मध्यम बारिश के साथ आसमान में सामान्यतः बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। राजधानी के कई हिस्सों में रविवार शाम को बारिश हुई, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटों में शहर में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार एक दिन की बारिश के बाद, रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया - जो औसत से लगभग दो डिग्री कम है। इस दौरान ठंडी हवाओं ने सप्ताह की शुरुआत में गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत दी। आईएमडी ने ताजा पूर्वानुमान में कहा कि आने वाले दिनों में 19 जुलाई तक दिल्ली में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश, गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं और बिजली गिरने की संभावना है। इस पूरे हफ्ते दिन का अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि इस बीच किसी भी तरह के गंभीर मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन दिनभर हल्की बारिश या बूंदाबांदी जारी रह सकती है। मौसम विज्ञानियों ने लगातार हो रही बारिश का कारण उत्तरी हरियाणा और आसपास के इलाकों में बने चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र को बताया है। यह मौसम प्रणाली नमी के प्रवाह को बढ़ा रही है और दिल्ली और आसपास के एनसीआर जिलों में बादल बनने को बढ़ावा दे रही है।

आईएमडी के चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय केंद्र ने गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, मेवात और पलवल सहित एनसीआर के कुछ हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और निवासियों को स्थानीय पूर्वानुमानों से अपडेट रहने की सलाह दी है।

# गलत कार, अकेला सफर; स्नेहा देबनाथ ने कैसे बनाया खुद की मौत का प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली 19 साल की स्नेहा देबनाथ का शव देर शाम रविवार को मिला है। इससे पहले दिल्ली पुलिस को एक लेटर मिला था जिसमें उसके सिग्नेचर ब्रिज से कूदने की बात थी। प्रथम दृष्टया तो यही लग रहा है कि यह एक सुसाइड केस है। त्रिपुरा की रहने वाली स्नेहा के एक पड़ोसी ने मीडिया से बात की है। उन्होंने उस शाम स्नेहा के लापता होने से पहले की कहानी बताई है। पड़ोसी पास छिकारा ने बताया कि उस सुबह वह गलत कार में बैठ गई थी जो कि मेरी थी और कहीं जाने की बात कर रही थी। स्नेहा की मां ने भी मेरी गाड़ी का फोटो खींचा था और उसके बाद वह अकेले ही निकल गई।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय की 19 वर्षीय छात्रा का शव कल गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास यमुना नदी में मिला। वह 7 जुलाई से लापता थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, परिवार से मिले एक नोट में छात्रा ने सिग्नेचर ब्रिज से कूदने की बात कही थी। पुलिस जांच के दौरान, एक कैब ड्राइवर ने उसे सिग्नेचर ब्रिज पर छोड़ने की पुष्टि की। उसकी सहेलियों ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से परेशान थी। दिल्ली में स्नेहा के पड़ोसी पारस छिकारा ने 7 जुलाई की कहानी सुनाते हुए बताया कि छात्रा के पड़ोसी पारस छिकारा ने बताया, 7 जुलाई को, मैं सुबह करीब 5:30 बजे अपनी ड्यूटी खत्म करके घर पहुंचा। वह मेरे पड़ोस में रहती है और उसी समय, वह अपने घर से निकली और गलती से मेरी कार में बैठ गई। उसे लगा कि उसने जो कैब बुक की थी, वह मेरी है। उसकी मां ने मेरी कार की नंबर प्लेट की तस्वीर ले ली। मैंने उसे बताया कि यह तुम्हारी कार नहीं है,जिसके बाद वह दूसरी कार में बैठ गई, जिसे उसने ऑनलाइन बुक किया था और चली गई। 9 जुलाई को, मैंने उसकी मां और बहन को मेहरौली पुलिस स्टेशन छोड़ा और उसी दिन मुझे पता चला कि वह लापता है।

## राहुल गांधी पीएम बनेंगे या नहीं? क्या बोले अवध ओझा; केजरीवाल पर भी दिया जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में हुए लोकसभा चुनावों को अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है लेकिन लोगों के मन में एक सवाल बार-बार आता है कि क्या नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस देश के प्रधानमंत्री बन पाएंगे। इस सवाल का जवाब देना इतना आसान नहीं है, लेकिन हर मामले पर अपनी राय रखने वाले मशहूर यूपीएससी कोचिंग टीचर और अब आम आदमी पार्टी के नेता अवध ओझा ने इसका जवाब दिया है। अवध ओझा ने राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल दोनों के पीएम बनने वाले सवाल का जवाब दिया है।

राहुल गांधी कभी इस देश के पीएम बनेंगे या नहीं? इस सवाल का जवाब अवध ओझा ने मुस्कुराते हुए दिया। अवध ओझा ने श्री रामचरितमानस की पंक्तियां दोहराईं और कहा, होइहि सोइ जो राम रचि राखा। इतना कहने के बाद अवध ओझा ठहाका लगाकर हंसने लगे। ओझा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे तो देश का बहुत भला होगा। ओझा ने कहा कि केजरीवाल का पूरा ध्यान देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था पर है। ओझा ने कहा कि अगर केजरीवाल पीएम बनते हैं तो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था का कायकल्प हो जाएगा। ओझा ने कहा कि वो इस बात को आम आदमी पार्टी का नेता होने के नाते नहीं कह रहे हैं। इस दौरान अवध ओझा ने जापान और चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी ताकत है, उनकी जनसंख्या ज्यादा थी और उन्होंने अपने मानव संसाधन का इस्तेमाल किया और बुरी स्थिति से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि चीन और जापान का आगे जाने का मुख्य कारण उनके मानव संसाधन का इस्तेमाल करना है। और मानव संसाधन का इस्तेमाल करने के लिए उनकी शिक्षा और उनका स्वास्थ्य बहुत जरूरी है।

# कालिंदी कुंज से नोएडा की ओर आने वाला एक रास्ता होगा बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांवड़ियों के सुरक्षित सफर के लिए दिल्ली के कालिंदी कुंज होकर नोएडा आने वाला एक रास्ता सोमवार शाम या मंगलवार सुबह से वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। 23 जुलाई तक यहां से वाहन आ-जा नहीं सकेंगे। यह रास्ता कालिंदी कुंज लाल बत्ती से नोएडा की तरफ आता है। दूसरे रास्ते पर दिल्ली से नोएडा की तरफ वाहन आते रहेंगे।

हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश जाने वाले कांवड़िये नोएडा पहुंचने शुरू हो गए हैं। ये हरिद्वार या गौमुख से जल लेकर आ रहे हैं। इस सप्ताह से कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िये दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर से नोएडा में प्रवेश करते हैं। यहां से ओखला पक्षी विहार आते हैं। ओखला पक्षी विहार पार करते ही दिल्ली के कालिंदी कुंज लालबत्ती की ओर जाकर गंतव्य को जाते हैं।




पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चिल्ला बॉर्डर पर वाहनों को रोककर कांवड़ियों को सड़क पार कराने के लिए 24 घंटे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। अभी कम संख्या में कांवड़िये आ रहे हैं। एक-दो दिन में इनकी संख्या बढ़ने का अनुमान है। ओखला पक्षी विहार रास्ते पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। सिर्फ कांवड़ समिति से संबंधित वाहनों को ही जाने की अनुमति दी जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने बताया कि अभी कालिंदी कुंज रास्ते पर दिल्ली की तरफ से ट्रैफिक आ रहा है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ते ही दिल्ली पुलिस को जानकारी दे दी जाएगी, ताकि एक रास्ता वाहनों के लिए पूरी तरीके से बंद कर दिया जाए। डीसीपी ने उम्मीद जताई कि मंगलवार से यह रास्ता वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। वहीं, कांवड़िये सेक्टर-62 मॉडल टाउन, सेक्टर-62 एनआईबी पुलिस चौकी और सेक्टर-63 छिजारसी के रास्ते भी काफी संख्या में आते हैं। ये कांवड़िये सीधे महामाया फ्लाईओवर होकर दिल्ली जाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर भी वाहनों के चलने से कांवड़ियों को दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। कांवड़ यात्रा को देखते हुए ओखला पक्षी विहार को लोगों के लिए बंद रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 18 से 24 जुलाई तक लोग पक्षी विहार में घूमने नहीं आ सकेंगे। इस दौरान यहां से अधिक संख्या में कांवड़िये गुजरेंगे। इसको देखते हुए आम लोगों का प्रवेश बंद रखा जाएगा। अभी यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में टूरिस्ट अलग-अलग प्रजातियों के पक्षियों को देखने आते हैं।

# चीन में मां ने बच्चा बेचकर लाइव स्ट्रीमिंग पर उड़ाए पैसे

### कंगाल होने पर फिर हुई प्रेग्नेंट और ममता को किया तार-तार

**बीजिंग , एजेंसी।**
चीन में इन दिनों एक बेरहम मां की कहानी तेजी से वायरल हो रही है, जिसने अपनी अय्याशी के लिए पहले बच्चे को बेचा और पैसे कम पड़ने पर दूसरे बच्चे को जन्म देकर बेच दिया। यह मामला सामने आने के बाद मां की ममता पर भी उंगलियां उठने लगी हैं।



आरोपी महिला का नाम ह्वांग है, जिसकी उम्र 26 वर्ष है। दक्षिणी चीन के गुआंग्शी प्रांत में रहने वाली ह्वांग को उनके माता-पिता ने गोद लिया था। ह्वांग ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं है। प्राथमिक शिक्षा पास करने के बाद ह्वांग ने बेहद कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। वो फुजियान प्रांत के फूजौ में रहने लगी। अक्तूबर 2020 में ह्वांग ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण ह्वांग बच्चे का पालन-पोषण करने में विफल रही। ऐसे में उसने अपने बच्चे को बेचने का फैसला किया।

ह्वांग की मंशा के बारे में उसकी मकान मालकिन वी को पता चला। वी ने अपने रिश्तेदार ली से संपर्क किया। ली के बेटे के बच्चे नहीं हो रहे थे, ऐसे में वो बच्चा खरीदने के लिए तैयार हो गई। ह्वांग ने 45,000 युआन (5 लाख 17 हजार रुपये) में अपना बच्चा ली क बेच दिया। चीनी मीडिया के अनुसार, ह्वांग ने इन पैसों को लाइव स्ट्रीमिंग में खर्च कर दिया। कुछ दिन बाद जब ह्वांग के पास पैसे खत्म हो गई, तो उसने फिर से एक खतरनाक फैसला किया। उसने दूसरे बच्चे को जन्म देकर बेचने की सोची और पुरुषों की तलाश में जुट गई। ह्वांग 2022 में दोबारा प्रेग्नेंट हुई और उसने बेटे को जन्म दिया। ह्वांग ने दलाल से संपर्क किया और दूसरे बेटे को महज 38,000 युआन (4 लाख 37 हजार रुपये) में बेच दिया। दलाल ने उस बच्चे को 103,000 युआन (12 लाख रुपये) में किसी और को दे दिया। ह्वांग ने बच्चे के बदले में मिले पैसे फिर ले लाइव स्ट्रीमर्स को टिप देने और कपड़े खरीदने में खर्च कर दिए। चीन की पुलिस को 13 अप्रैल 2022 को इसके बारे में पता चला। पुलिस ने ह्वांग को गिरफ्तार कर लिया। जब ह्वांग के फोन की तलाशी ली गई, तो उसमें बच्चे को बेचने की चैट सामने आई। पुलिस ने ह्वांग को अदालत में पेश किया। कोर्ट ने 8 जुलाई 2024 को ह्वांग को 5 साल 2 महीने की जेल की सजा सुनाई। साथ ही ह्वांग पर फर्जीवाड़ा और तस्करी के लिए 30,000 युआन (3 लाख 59 हजार रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है।

## रूस के खिलाफ आंख भी उठाई तो..., उत्तर कोरिया के तानाशाह ने अमेरिका, जापान को दी चेतावनी



**प्योंगयांग , एजेंसी।**
उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन मसले पर रूस को बिना शर्त समर्थन दे रहा है और हर कदम पर उसके साथ है। किम ने यह बात उत्तर कोरिया दौरे पर आए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से कही है। यूक्रेन युद्ध के लिए उत्तर कोरिया रूस की ओर से लड़ने के लिए सैनिक भेज रहा है और सैन्य सामग्री की आपूर्ति कर रहा है।

उत्तर कोरिया के अभी तक 10 हजार सैनिक यूक्रेन भेजने की जानकारी है। इसके अतिरिक्त उत्तर कोरिया ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी रूस को दिया है।

दक्षिणी कोरिया की खुफिया एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया अभी तक रूस को एक करोड़ 20 लाख तोप-टैंक के गोलों की आपूर्ति कर चुका है। लावरोव का तीन दिवसीय ताजा दौरा कोरियाई आपूर्ति पर वार्ता के लिए माना जा रहा है। किम और लावरोव की मुलाकात तटवर्ती शहर वोनसान में हुई है।

उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि वह रूस के साथ मिलकर विश्व शांति के लिए कार्य करने को तैयार हैं। वार्ता में किम जोंग ने आश्वस्त किया कि यूक्रेन युद्ध के कारणों को खत्म करने के रूसी नेतृत्व के निर्णय में उत्तर कोरिया पूरी तरह से साथ है।यहीं पर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की वार्ता में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। रूस और उत्तर कोरिया ने 2024 में रक्षा समझौता किया था। इस समझौते के तहत दोनों देश किसी भी युद्ध से मिलकर लड़ेंगे। रविवार को ही उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान की ओर से सुरक्षा का कोई खतरा होने पर उनकी सेना कार्रवाई करेगी। उत्तर कोरिया ने यह चेतावनी अमेरिका के साथ दोनों देशों की वायुसेना के हाल के अभ्यास पर दी है।शुक्रवार को अमेरिका के बी-52 बमवर्षक विमान ने दक्षिण कोरिया के नजदीक उड़ान भरी थी। अभ्यास में तीनों देशों के लड़ाकू विमानों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था।

# पत्नी मेलानिया के साथ फुटबॉल मैच देखने पहुंचे ट्रंप, स्टेडियम में किया कुछ ऐसा कि वायरल हो गया वीडियो

**न्यू जर्सी , एजेंसी।**
13 जुलाई 2024...अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की रैली चल रही थी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर चुनावी मैदान में थे। ट्रंप पेन्सिलवेनिया में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ। ट्रंप के सामने आई एक गोली उनके कान को छूकर निकल गई और ट्रंप मंच पर ही लहूलुहान हो गए।

इस घटना को 1 साल बीत चुके हैं। राष्ट्रपति पद की रेस जीतने के बाद अब ट्रंप दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स बन चुके हैं। हालांकि, एक साल पहले खुद पर हुए इस हमले को ट्रंप भूले नहीं हैं।

यह भी पढ़ें- अमेरिका में फिर चली ताबड़तोड़ गोलियां, केंटकी के चर्च में गोलीबारी के बाद दो महिलाओं की मौत; संदिग्ध हमलावर ढेर

बीते दिन गोली कांड के एक साल पूरे होने पर ट्रंप अपनी पत्नी और फर्स्ट लेडी मेलानिया के साथ फीफा वर्ल्ड कप देखने पहुंच गए। इस दौरान ट्रंप के प्रशासन के कई लोग भी उनके साथ मौजूद थे। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो भी ट्रंप के साथ नजर आए। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में ट्रंप को देखकर दर्शकों की खुशी का भी ठिकाना नहीं था। इसी कड़ी में स्टेडियम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ट्रंप को देखते ही दर्शन जोर-जोर से हूटिंग करने लगे।

दरअसल इस वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेडियम में राष्ट्रगान शुरू हुआ, तभी कैमरामैन ने कैमरा ट्रंप की तरफ घुमा दिया। इस दौरान ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्र ध्वज स्टार्स एंड स्ट्राइप्स को सैल्यूट करते हुए देखा गया। ट्रंप को ऐसा करते देखकर सभी दर्शन राष्ट्रगान भूल तालियां बजाने लगे और हूटिंग करने लगे। इसके तुरंत बाद कैमरामैन ने ट्रंप के ऊपर से कैमरा फौरन हटा लिया।

बता दें कि फीफा वर्ल्ड कप में ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप, अटॉर्नी जरनल पाम बोंडी, क्रिस्टी नोएम, टॉम ब्रैडी समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे। वहीं, चेल्सी की जीत के बाद ट्रंप ने मैदान में उतरकर उन्हें ट्राफी दी और खिलाड़ियों के साथ जीत का जश्न मनाते भी नजर आए।



# लुगुबुरु महोत्सव को दिलाएं राष्ट्रीय पहचान, महोत्सव से पूर्व निर्माण कार्य को कराएं पूरा: उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस बार राजकीय लुगुबुरु महोत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप देना है। यह महोत्सव ललपनिया पंचायत, पेटरवार प्रखंड एवं बोकारो में आयोजित किया जाएगा। जिसमें आदिवासी संस्कृति, परंपरा, साहित्य, चित्रकला, फिल्म एवं जीवनशैली की झलक प्रस्तुत की जाएगी। इसके लिए बड़े स्वरूप में आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें जिला एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया/प्रधान,पूर्व से आयोजित कर रहे आयोजन समिति के सदस्य आदि सम्मिलित रहेंगे। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बैठक के क्रम में लुगुबुरू में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को महोत्सव से पूर्व हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति कार्य की जानकारी लेने को कहा।

**ईको टूरिज्म के रूप में विकसित होगा सीएफआरआर क्षेत्र**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआर) को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) में परिवर्तित कर, उसे ईको टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित करें। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्र के सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

**एफआरए लाभुकों का डाटा बेस करें तैयार,आरओआर होगा जारी**

वन अधिकार अधिनियम के तहत लाभुकों की सूची तैयार करें। उनका रिकॉर्ड ऑफ राइट्स (आरओआर) जारी किया जाएगा, जिसे स्टेट पोर्टल से लिंक किया जाना है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि यह प्रक्रिया मासांत तक पूर्ण कर ली जाए। वहीं, बैठक में उपायुक्त ने आदिवासी महोत्सव से पूर्व ग्राम स्तर पर लंबित सभी एफआरए आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम एवं अनुमंडल स्तर पर लंबित आवेदनों की जानकारी प्राप्त की।

**15 अगस्त तक शत-प्रतिशत साइकिल वितरण करें**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री साइकिल योजना अंतर्गत सभी छात्र - छात्राओं को आगामी 15 अगस्त 2025 तक साइकिल वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके लिए क्लस्टर स्तर पर वितरण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, माननीय जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया।

**प्री - पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का किया समीक्षा**

उपायुक्त ने बैठक में जिले के प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति झ पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 24-25 एवं 25 -26 के प्रगति कार्य की जानकारी ली। इस क्रम में वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए आवश्यक आवंटन की मांग राज्य मुख्यालय से करने को लेकर पत्राचार करने का निर्देश दिया। वहीं, वर्ष 2025-26 के प्री-मैट्रिक छात्रवृति लिए छात्रों का पंजीकरण अविलंब शुरू करने और इस कार्य को दस दिनों में पूर्ण करने को कहा। साथ ही, सभी आवेदनों के छात्रों का सत्यापन कार्य 07 दिनों में करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्रों के सत्यापन के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठन करने को कहा। जिसके संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अध्यक्ष होंगे। उन्होंने जिले से बाहर अध्ययनरत छात्रों का सत्यापन बैठक में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन और पीएमयू के सदस्यों को करने की बात कहीं। सत्यापन क्रम में आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र में किसी भी प्राकर की त्रुटि पाएं जाने पर संबंधित छात्रों को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजने का निर्देश दिया, ताकि वे समय रहते दस्तावेज सुधार सकें।

**सभी विद्यालयों में बनाएं छात्रवृति मंत्री**

बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी सरकारी -निजी विद्यालयों में छात्रवृति मंत्री बनाएं। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी झ जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया। कहा कि छात्रवृति मंत्री का दायित्व होगा कि उनके विद्यालय में अध्ययनरत आहर्ता रखने वाले सभी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति योजना का लाभ मिलें, सभी का आवेदन ससमय हो जाएं। विद्यालय परिसर में छात्रवृति मंत्री का पोस्टर भी लगेगा।

**बैंक खाते में आधार सीडिंग अविलंब करें पूरा**

बैठक में उपायुक्त ने एलडीएम को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों का बैंक खाता में आधार नंबर सीडिंग कार्य को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक कर इसमें तेजी लाने को कहा, इसे प्राथमिकता दें।

**शिकायत निवारण हेतु कोषांग गठित करें**

छात्रवृत्ति से जुड़ी किसी भी शिकायत के निष्पादन के लिए शिकायत निवारण कोषांग गठन करने का जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया। ताकि छात्र एवं उनके अभिभावक त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें।

**पीएम जनमन योजना पर लाइन विभागों की करें बैठक**

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन-जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी लाइन विभागों के साथ समन्वयात्मक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

**आदिवासी अखाड़ा का होगा जीर्णोद्धार, बनेगा केंद्र**

आदिवासी परंपराओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदिवासी अखाड़ा का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसका पौराणिक महत्व बनाएं रखते हुए इसे स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाया जाएगा। ऐसे अखाड़ा स्थलों की सूची तैयार कर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

**आदिवासी आय-वृद्धि योजना की होगी शुरूआत**

आदिवासी समाज की आजीविका को सशक्त/बढ़ाने के लिए एक विशेष आय - वृद्धि योजना शुरू की जाएगी। इसके अंतर्गत आदिवासी युवाओ को प्रशिक्षण, संसाधन, सामग्री निर्माण तथा मार्केटिंग लिंकेज की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

**सीएमईजीपी लाभुकों को किश्त भुगतान को करें प्रेरित**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमईजीपी) के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को किस्त भुगतान के लिए प्रेरित करने तथा किस्त अदा नहीं करने वालों की सूची जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को अग्रसारित करने का निर्देश दिया। योजना की क्या आहर्ता है और कौन झ कौन से कार्य रोजगार वृद्धि के लिए किया जा सकता है, उसका प्रशिक्षण देने को कहा। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, समिति सदस्य बबली सोरेन, सहित अन्य सदस्य, पीरामल/पीएमयू के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक की मूर्ति का अनावरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह एवं स्वर्गीय रामजी यादव की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम पांडे के हाथों मूर्ति का अनावरण किया गया. तत्पश्चात आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की धर्मपत्नी नीतू सिंह, एवं ओमकार मिश्रा ने दोनों दोस्तों के मूर्ति पे माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### फ्रैंक एंटनी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेंट जेवियर्स विद्यालय के प्रांगण में प्रतिष्ठित फ्रैंक एंटनी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता उस महान विभूति फ्रैंक एंटनी के नाम पर आयोजित होती है, जो ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, संविधान सभा के सदस्य और ड्राफ्टिंग कमेटी के महत्त्वपूर्ण अंग थे। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने विचारों की धार से विषय को तराशा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज , एस. जे. के ओजस्वी स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित जन का हार्दिक अभिनंदन किया। निर्णायक सुब्रत गुप्ता, सदफ नूरी एवं कैंडिडा तबोडा का अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहीं चंद्रिमा रे ने नियमावली की जानकारी दी। देश के विभिन्न विद्यालयों से आए 14 प्रतिभागियों को सात समूहों में बाँट कर मंच पर बुलाया गया। वक्ताओं ने ठोस तर्क, प्रामाणिक उदाहरण और आँकड़ों के सहारे अपनी बात को बड़े ही प्रखर एवं सशक्त ढंग से रखा। जैसेझजैसे उनके तर्क अपनी ऊँचाई पर पहुँचते गए, वैसेझवैसे सभागार करतल ध्वनि से गूँजता रहा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के पश्चात परिणामों की घोषणा हुई। विजेता टीम रही — डी एन एस भूली, और उपविजेता टीम बनी- डी एन एस एफ आर आई विद्यालय। सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार अभिराज तिवारी (डी एन एस, एफ आर आई) को तथा उपविजेता वक्ता का पुरस्कार राशि (सेंट एंटनी विद्यालय, डोरंडा) को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत निर्णायकों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए।

### टास्क फोर्स की बैठक में जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने पर हुई चर्चा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जल स्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण की रोकथाम तथा प्रदूषण मुक्त बनाए जाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने अंचलवार सभी तालाबों, नदी व जलस्त्रोत की जानकारी संबंधित अंचलाधिकारी से प्राप्त की। साथ हीं अंचलवार तालाबों एवं आस पास के सरकारी जमीनों में हो रहे अतिक्रमण



की जानकारी भी अंचलाधिकारी से प्राप्त की। इस दौरान झरिया अंचल अधिकारी ने बताया कि बीसीसीएल के क्षेत्र में पूर्व में बने तालाब में अतिक्रमण हो रखा है जिसको लेकर बीसीसीएल को नोटिस भी किया गया है। वहीं राजा तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करनी है। उपायुक्त ने कहा कि तालाब चाहे सरकारी जमीन पर हो या रैयत के जमीन पर उसे अतिक्रमण करना गैर कानूनी है। अगर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किया जाता है तो उसे पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों तथा सरकारी भूमि का संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस भी तालाब की गहराई काम हो रखी है उसका गहरीकरण करना सुनिश्चित करें। साथ हीं जिस तालाब में जीर्णोद्धार की आवश्यकता है उसकी भी सूची बनाकर जिला को उपलब्ध कराएं। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार समेत विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, सिटी मैनेजर अमनदीप कुमार मौजूद थे।

# लीज होल्ड एरिया में बीसीसीएल डंप करें ओवर बर्डन : उपायुक्त

**अवैध खनन के आवेदन पर उसी दिन दर्ज करें एफआईआर : एसएसपी**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को भू-अर्जन में नियमों का पालन करने, अपने लीज होल्ड एरिया में ओवर बर्डन डंप करने तथा कोयला खनन के बचे हुए अवैध मुहाने शीघ्र बंद करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोयला का अवैध खनन चिंता का विषय है। जिला प्रशासन, पुलिस, बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ को साथ मिलकर इसे रोकना है। साथ ही कहा कि जिला खनन टास्क फोर्स के लिए यहां की जनता के भविष्य को ध्यान रखते हुए पर्यावरण, सतत विकास, कार्य योजना तथा माइनिंग क्लोजर पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए काम करना है। कोयले का अवैध परिवहन रोकने के लिए उपायुक्त ने कोल ट्रेड में पंजीकृत जीएसटी संख्या की सूची लेकर सभी के पास कोल डिपो या प्लाट, है या नहीं, की जांच करने तथा अवैध कोयला लदा वाहन पकड़ते समय तिथि एवं समय का अनिवार्य रूप से उल्लेख करने का निर्देश टास्क फोर्स को दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सीआईएसएफ या खनन पदाधिकारी से अवैध खनन से संबंधित प्राप्त आवेदन पर उसी दिन प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बीसीसीएल को प्रशासन एवं पुलिस का पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने भूमि अधिग्रहण के नियमों से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को अवगत कराया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जून तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध 58 कांड दर्ज किए हैं। जिसमें 68 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि 890 टन कोयला तथा 7 हाइवा सहित 17 वाहन जब्त किए हैं। वहीं लघु खनिज से संबंधित अवैध खनन के 26 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 9 प्राथमिकी दर्ज हुई है। 33 वाहन जब्त किए हैं और लगभग 9.55 लाख रुपए का जुमार्ना जेएमएमसी रूल 2004 के तहत वसूला गया है। बैठक में बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया ने बताया कि कोयले के अवैध खनन को रोकने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में सीआईएसएफ द्वारा ड्रोन सर्विलांस से निगरानी की जा रही है। सभी माइनिंग एरिया में अवैध मुहाने बंद कर उसकी डोजरिंग की गई है। अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर लगातार कार्रवाई जारी है। कोयला परिवहन में लगे सभी वाहनों में आरएफआईडी व व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम है एवं माइनिंग क्षेत्र के प्रवेश एवं निकास द्वार पर बूम बैरियर लगाए गए हैं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सीआईएसएफ कमांडेंट प्रदीप विश्वकर्मा आशुतोष चौबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

# विनीत तुलस्यान बने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल के अध्यक्ष

**सचिव अतुल डोकानिया एवं कोषाध्यक्ष पंकज गोयल चुने गए**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल द्वारा चेंज ओवर समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बिपिन चचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा, क्लब की सामाजिक गतिविधियों सराहनीय है। क्लब के सभी मेंबर जनसेवा में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में 2025-26 की नई कार्यकारिणी में पदभार संभाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीत तुलस्यान ने आगामी वर्ष के लिए क्लब की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य,स्वच्छता व पर्यावरणीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है। साथ ही कार्यक्रम में आरसीडीसी को इमर्जिन अवार्ड, रामाश्रम प्रोजेक्ट को स्पेशल अवार्ड एवं सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड मिला। आरसीडीसी के द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन सफल आयोजन के लिए अमरेश सिंह, बलराम अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. यश सिंह को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इंटर क्लब एसिटिविटी के लिए मनोज अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए अतुल डोकानिया को सम्मानित किया गया रोटेरियन अमरेश सिंह ने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से नितेश बुबना, राहुल गोयल, डॉ. विभाष सहाय एजी दीपक कनोडिया, अमित जैन, नितिन कोठारी , शैलेन्द्र नरूला, सुशांत कुमार, बलराम अग्रवाल सहित आरसीडीसी के सभी सम्मानित सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# दिव्यांग सुरेश ने ई-ट्राईसाइकिल की डीसी से की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास प्रखंड अंतर्गत पिंड्राजोड़ा गांव निवासी दिव्यांग सुरेश कुमार महतो ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अजय नाथ झा से मुलाकात की और ई-ट्राईसाइकिल की मांग रखी। उसने बताया कि वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं। दैनिक जीवन की सामान्य गतिविधियों में भी उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**मानवीय संवेदना के साथ सुनी बात, दिया त्वरित कार्रवाई का निर्देश**

उपायुक्त उस समय चंद्रपुरा प्रखंड भ्रमण के लिए निकलने ही वाले थे, तभी सुरेश उनके वाहन के पास पहुंचा और अपनी बात रखने लगा। उपायुक्त ने तत्काल रुककर स्नेह पूर्वक झुककर उसकी पूरी बात सुनी और मानवीय पहल करते हुए अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

**दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को ले प्रशासन प्रतिबद्ध**

डीसी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, विशेष रूप से दिव्यांगजन, समाज की मुख्यधारा से वंचित नहीं रहे यह प्रशासन की प्राथमिकता है। सुरेश जैसे जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराना हमारा नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है।

# आलोक कुमार जैन दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष चुने गए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से आलोक कुमार जैन को दिगंबर जैन समाज का अध्यक्ष चुना गया। सचिव पद के लिए पीयूष जैन और कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिमेष जैन को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। अध्यक्ष बनने के बाद आलोक कुमार जैन ने कहा, समाज के हित में वे सदैव तत्पर रहेंगे और समाज के लोगों के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। साथ ही थी दिगंबर जैन महिला समिति के पदाधिकारीयों का भी मनोनयन किया गया। दिगंबर जैन महिला समिति के लिए सर्वसम्मति से कामिनी जैन को अध्यक्ष एवं सुनीता जैन को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संजय जैन, कमल जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, मनीष जैन, विकास जैन, आकाश जैन, विमल जैन, अजय जैन,कमला जैन, रश्मि बैसाखिया, निताशा जैन, कविता जैन, सीमा जैन, विनीता जैन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी और उम्मीद जाहिर की कि नये नेतृत्व में समाज प्रगति करेगा।

# रोटरी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोनाबाद में छात्राओं के लिए किशोरी स्वास्थ्य योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि किशोरियों को स्कूलों-कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा देकर उन्हें अपने शरीर, हार्मोनल बदलावों और आत्म सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉक्टर अनुपमा वर्मा ने किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ्य किशोरी ही स्वस्थ्य महिला बनती है। डॉ वर्मा ने छात्राओं को माहवारी के समय विशेष रूप से स्वच्छता बरतने को कहा।अतः किशोरियों का स्वास्थ्य केवल उनका व्यक्तिगत मुद्दा नहीं बल्कि समाज और देश के विकास से भी जुड़ा हुआ है। डॉ अनुपमा वर्मा ने कहा किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। रो.शैल रस्तोगी ने कहा कि आज छात्राओं को दी गई शिक्षा उनके लिए जीवन में बेहद उपयोगी रहेगी। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा कि किशोरीयों के पोषण, शिक्षा और सुरक्षा हम सबका सामाजिक दायित्व है। श्वेता ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्कूल की 250 किशोरियों को सेनेटरी पैड निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा, सूमी कौर, संजय बैद, मुकेश अग्रवाल, बिनोद चोपड़ा, कुमार अमरदीप, सिद्धार्थ पारख, हरबंस सिंह, शैल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।



# विजय नाथ कुंवर पुनः चुने गए अधिवक्ता परिषद झारखंड के प्रदेश महामंत्री






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अधिवक्ता परिषद, झारखण्ड , बोकारो जिला इकाई की एक बैठक बार लाईब्रेरी में आयोजित हुई जिसमे, जिसमें विजय नाथ कुंवर के पुनः प्रदेश महामंत्री चुने जाने पर बधाई दी है। विदित हो कि प्रांत द्वारा आयोजित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग (12-13 जुलाई) जो राँची स्थित श्री हनुमान बख्श पोदार भवन, रानी सती मंदिर के परिसर में संपन्न हुआ। बैठक में रांची में हुए अभ्यास वर्ग और नई कार्यकारणी के पुनर्गठन के संबंध में अधिवक्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि अभ्यास वर्ग में अधिवक्ता परिषद के विभिन्न आयामों के पदाधिकारियों का व्यक्तिगत उद्बोधन, विचार एवं सुझाव लिया गया। अधिवक्ता के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ परिषद की आगामी नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री चरण सिंह त्यागी एवं राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दूबे एवं क्षेत्रीय मंत्री सुनील कुमार की गरिमामय उपस्थति रही। अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन 13 जुलाई को समारोप सत्र के पश्चात अधिवक्ता परिषद झारखण्ड के प्रांतीय इकाई की नई कार्यकारणी का पुनर्गठन की उद्घोषणा राष्ट्रीय पदाधिकारीगण द्वारा सत्र 2025-28 के लिए की गई। जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत विद्यार्थी, महामंत्री विजय नाथ कुँवर एवं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार को सर्वसम्मति से चुन लिया गया।बोकारो जिला ईकाई के महामंत्री संतोष गिरि ने कहा कि श्री विजय नाथ कुंवर जी को पुनः प्रांतीय महामंत्री चुना जाना बोकारो जिला इकाई के लिए अत्यंत गर्व एवं खुशी की बात है क्योंकि उनका सानिध्य व मार्गदर्शन मिलता रहेगा। विजय नाथ कुँवर को उक्त अवसर बोकारो जिला इकाई के सभी सदस्यों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से दिनेशलाल श्रीवास्तव, संतोष गिरि, अर्चना ठाकुर, कल्पना कुमारी, संजय कुमार सिंह, बरूण पाण्डेय, बबलू ठाकुर, अशोक कुमार मिश्र, प्रकाश कुमार, रवि शामिल रहे।

# सम्पूर्ण विप्र समाज ने स्व.चन्द्र शेखर दुबे ऊर्फ ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सम्पूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा सोमवार को सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान में जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर हाल ही में दिवंगत हुए सम्पूर्ण विप्र समाज के सम्मानित संरक्षक सह अभिभावक, कांग्रेस के नेता पूर्व सांसद स्व. चन्द्र शेखर दुबे ऊर्फ ददई दुबे को श्रद्धांजलि दी गयी। शोक सभा में बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र ने कहा कि स्व. ददई दुबे एक बहुत ही नेक दिल इंसान होने के साथ ही एक अच्छे नेतृत्वकर्ता, लम्बे समय तक विश्रामपुर के जनप्रतिनिधि (विधायक) तथा धनबाद के लोकप्रिय सांसद रहे। इस कोयलांचल क्षेत्र के मजदूर मसीहा के रूप में रहकर जो उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उसे इस क्षेत्र के लोगों को भूल पाना असम्भव है। खास करके उनका जाना, सम्पूर्ण विप्र समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके संरक्षण में सम्पूर्ण विप्र समाज एक बहुत बड़ा वटवृक्ष का रूप ले चुका है। सम्पूर्ण विप्र समाज, उनके समाज में योगदान को कभी भूल नहीं सकता है। वे सदैव हीं समाज के हर विप्रों के दिन में विराजमान रहेंगे। इस अवसर पर मृणाल कांत चौबे, शशि भूषण ओझा मुकुल, दिवाकर दुबे, बिमलेश दुबे, अरुण पाठक, अक्षय कुमार दुबे, बबलू पांडेय, वीरेंद्र चौबे, मनोज कुमार पांडेय, आर एल द्विवेदी, सुनील झा, अभिषेक उपाध्याय, विजयेंद्र कुमार ओझा आदि ने भी अपने विचार रखे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

C M Y K